आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 25 जून 2024
वर्ष 2, अंक 305, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेस्टइंडीज को हराकर अफ्रीका सेमीफाइनल में 2

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज 14

## एक नजर

### ईडी ने मुंबई में जब्त की 37 करोड़ रुपये की संपत्ति

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबर दलाल मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को मुंबई में कई ठिकानों पर छापों के दौरान 37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की और आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए। दलाल (59) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच जारी है। उसने कथित तौर पर जोखिम-मुक्त वस्तुओं के व्यापार में निवेश के जरिए उच्च रिटर्न का वादा करके अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों सहित कई लोगों से करोड़ों रुपये ठगे। दलाल को मार्च में गिरफ्तार किया गया था।

### फर्जी निकली हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी

कर्नाटक। कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जो व्यापक तलाश अभियान के बाद फर्जी निकली। पुलिस ने बताया कि ईमेल मिलने के तुरंत बाद बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता हवाई अड्डा परिसर की तलाशी में लगाया गया। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त चेतन आर. ने बताया कि हवाई अड्डे के निदेशक चिलका महेश को आज सुबह एक अज्ञात आईडी से ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि हवाई अड्डा परिसर में एक बम रखा गया है। धमकी के ईमेल के बारे में सूचना मिलने पर हमने एक बम निरोधक दस्ता भेजा। बेंगलुरु से पहुंचे विमान में सवार सभी यात्रियों को उतारा गया।

18वीं लोकसभा की पहली बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

# नीट-नीट के नारे, संविधान की प्रतियां लहराईं

### प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के दौरान सदन में लगे जय श्रीराम के नारे

### शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृहमंत्री शाह को झेलना पड़ा विपक्ष का विरोध

### प्रधानमंत्री ने रखा अपना विजन, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सदन संकल्प की पूर्ति का सदन है। विकसित भारत के संकल्प के साथ नई लोकसभा की शुरुआत हो रही है। 60 साल बाद देश की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। यह बेहद गौरवपूर्ण है।

उन्होंने देश के सामने अपना विजन रखा और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री व उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी सासंदों ने संविधान की प्रति हाथों में ली हुईं थीं। गृहमंत्री अमित शाह जब शपथ लेने जा रहे थे, तब भी राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसियों ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल



संसद भवन परिसर में हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी।

लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का एलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। पहले दिन कुल 262 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बाकी के अन्य सदस्य मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे।

कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और सदस्यों को शपथ दिलाई। जिस दौरान मोदी शपथ लेने जा रहे थे सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण करते समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी सदस्य अपने स्थानों पर संविधान की प्रति लेकर खड़े थे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब शपथ लेने पहुंचे तो सदन में नीट-नीट के नारे लगे। प्रधानमंत्री के बाद भाजपा के वरिष्ठ



संविधान की प्रति लहराते राहुल व अन्य।

सदस्य राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने सदस्य के रूप में शपथ ली। दोनों सदस्य अगले दो दिन सदन की कार्यवाही के संचालन में कार्यवाहक अध्यक्ष महताब की सहायता करेंगे। कांग्रेस सदस्य के. सुरेश, द्रमुक के टीआर बालू और तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय को भी सिंह और कुलस्ते के साथ पीठासीन सभापतियों के पैनल में चुना गया है लेकिन उन्होंने प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब के निर्वाचन पर आपत्ति जताते हुए शपथ नहीं ली और सदन से बहिर्गमन भी किया। शपथ ग्रहण के क्रम में कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, एच डी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम माझी और राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह समेत अन्य ने सदन की सदस्यता ग्रहण की। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा सांसद अखिलेश यादव व अन्य विपक्षियों को खेमे में सबसे आगे की पंक्ति में बैठे हुए देखा गया।

### शपथ ग्रहण में भाषायी विविधता की झलक दिखी

शपथ ग्रहण के दौरान भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू, कन्नड, मलयालम तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली। नागर विमानन मंत्री तथा तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में शपथ ली। किसी भी केंद्रीय मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ नहीं ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

### नड्डा बनाए गए राज्यसभा में सदन के नेता

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है। नड्डा को पीयूष गोयल की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि गोयल हाल ही में हुए चुनाव में जीत के बाद लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। नड्डा को गत फरवरी में एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में पहले से ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह संयोग ही है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही अध्यक्ष राज्यसभा के सदस्य हैं और सदन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई, चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी किए जाने तक अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है।

### केजरीवाल की बेल पर 26 को सुनवाई



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर 26 जून को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहेगी। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक हटाने का अनुरोध किया।

# नौकरियों में 5 % बोनस असंवैधानिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भर्ती परीक्षाओं में हरियाणा के निवासियों को अतिरिक्त अंक देने की राज्य सरकार की नीति को रद कर दिया गया था।

हरियाणा सरकार की नीति को लोकलुभावन उपाय करार देते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा

**हरियाणा सरकार को झटका**



- सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक करार दिया था। पीठ ने कहा कि ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं।

किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिलने के कदम का आप किस तरह बचाव कर सकते हैं? नीति को उचित ठहराते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उन लोगों को अवसर देने के लिए कृपांक नीति शुरू की, जो सरकारी नौकरियों से वंचित थे। सुप्रीम कोर्ट पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 मई के आदेश के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

हाईकोर्ट ने 31 मई को हरियाणा सरकार की उस नीति को खारिज कर दिया था, जिसके तहत ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी में कुल अंकों में राज्य के निवासी अभ्यर्थी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने थे। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि कोई भी राज्य पांच प्रतिशत अंकों का लाभ देकर रोजगार को केवल अपने निवासियों तक सीमित नहीं कर सकता है।

# शोहदों से परेशान, पुलिस से निराश किशोरी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के मऊ थानांतर्गत एक गांव में हुई घटना
- गांव के दो सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार :** शोहदों की छेड़छाड़ से परेशान और पुलिस के कार्रवाई न करने से आहत किशोरी ने 23 जून की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि कई बार पुलिस से गुहार लगाई, तहरीर भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि थाने पहुंचे मां-बाप से पुलिसकर्मियों ने मारपीट भी की। यह घटना मऊ थानांतर्गत एक गांव की है। यहां की निवासी महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी 10वीं की छात्रा थी। वह साइकिल से गांव से लगभग दस किमी दूर कॉलेज में पढ़ने जाती थी। गांव के सगे भाई रंगीलाल और मुन्नीलाल उसकी बेटी से छेड़खानी करते थे। उसने कई बार थाने में शिकायत भी की पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस वालों ने शिकायत करने गए माता-पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद शोहदे आए दिन उसे छेड़ने लगे। उसका घर से निकलना दूभर हो गया। इससे क्षुब्ध होकर 23 जून की शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# भीषण हादसा : टैंकर ने एक ही परिवार के पांच लोगों को कुचला, सभी की मौत

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** शादी समारोह से बाइक पर लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। सभी की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे हैं।

हादसा सोमवार सुबह सात बजे सरायममरेज थाना क्षेत्र के हंडिया रस्तीपुर गांव के समीप हुआ। पुलिस के अनुसार जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द गांव निवासी ये लोग रविवार को बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। वहां से बरात में हंडिया चले गए। बरात से लौटने पर पांचों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। सरायममरेज के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार विकास (25), सुम्मरी (60), जनता (34), दीवाना (7), लक्ष्मी (8 माह) की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने टैंकर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



- सरायममरेज थाना क्षेत्र में हुई दुघर्टना, मृतक जौनपुर निवासी

डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि जौनपुर में परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। टैंकर कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

# पहली बारिश में ही टपकने लगा श्रीराम मंदिर में पानी

अयोध्या कार्यालय

- अधिक वर्षा पर बाधित हो सकती पूजा-अर्चना, दर्शन : मुख्य पुजारी
- गर्भगृह से पानी की निकासी की व्यवस्था पहले से ही नहीं है

**अमृत विचार :** पहली बारिश में ही श्रीराम मंदिर के भूतल पर पानी टपकने लगा। मंदिर के गर्भगृह से पानी की निकासी की समस्या पहले से ही है। अगर समुचित इंतजाम नहीं किया गया तो ज्यादा बारिश होने पर मंदिर में पूजा अर्चना और दर्शन बाधित हो सकता है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जल्द इसका समाधान कराए जाने की मांग की है। कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। संस्था एलएंडटी से जुड़े टॉप के इंजीनियर इसका निर्माण करा रहे हैं, लेकिन जितना निर्माण हुआ है उसमें ही कमियां सामने आई हैं।

आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि शनिवार को हुई बारिश में रामलला के मंदिर के अंदर पुजारी के स्थान पर और उसके आगे ज्यादा पानी ऊपर छत से टपक रहा था। पानी भी भर गया था। यहां से वीवीआईपी श्रद्धालु दर्शन करते हैं। पानी निकलने की जगह पहले से ही नहीं है। एक-दो दिन में सोचकर समाधान निकाल लेना चाहिए। कहा कि मंदिर परिसर में प्रकोष्ठों में अन्य मूर्तियों की स्थापना मंदिर निर्माण के बाद साल 2025 तक किए जाने की बात बताई गई लेकिन इन सब की व्यवस्था पहले से ही सोच लेनी चाहिए। जो निर्माण हो गए हैं उन पर ध्यान भी दिया जाना चाहिए। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम मंजिल पर फर्श बनाने और वायरिंग का काम जारी है। पानी का रिसाव न हो, इसके लिए वाटर प्रूफिंग का काम सभी स्थानों पर चल रहा है। वायरिंग के कारण खंभों के पास से थोड़ा पानी आ सकता है। मैकेनिक कुछ कार्य को आधा छोड़कर चले जाते हैं। इस दौरान जब बारिश होती है तो कहीं से थोड़ा पानी आ सकता है। पानी टपकने का मामला खंभों के आसपास का ही रहा। वायरिंग के लिए लगने वाली पाइप को बंद किया जा रहा है। आगे किसी भी प्रकार से पानी आने की संभावना नहीं रहेगी।



मंदिर की दीवार से रिसता बारिश का पानी।

### 20 स्थानों पर धंसा नवनिर्मित रामपथ

पहली बारिश में ही नविनर्मित रामपथ 20 स्थानों पर धंस गया। सड़क और मिट्टी बैठने से नई डाली गई सीवर लाइन की पाइप जगह-जगह सामने आ गई। हालांकि गिट्टी की भराई करके यातायात सामान्य कर दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक रामपथ 12.94 किमी लंबा है। यह लगभग पौने आठ सौ करोड़ की लागत से बना है। रात की बारिश में 20 स्थानों पर यह धंस गया। सीवर चैंबर वाले स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। शहर के मुख्य सड़क से गली के मार्गों में बिछाई गई सीवर लाइन की दुर्दशा भी सामने आ गई।

# सीबीआई ने कई राज्यों से 5 और मामलों की जांच संभाली

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक

**नीट-यूजी**

- ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा, केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली खत्म करने की मांग

पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए एक संदर्भ जारी किये जाने पर सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि इन नये मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

### पटना और गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

पटना/गोधरा। सीबीआई का एक दल नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने आठ मई को एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई टीम गोधरा पहुंची और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मिली।

# उत्तराखंड में वज्रपात से भाई-बहन की मौत

संवाददाता, खटीमा

- धान की रोपाई कर रहे थे दोनों दो भाई और मां बाल-बाल बचीं

**अमृत विचार :** वज्रपात से सैजना गांव में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई। इनके दो भाई और मां बाल-बाल बच गए।

सैजना निवासी संक्रांति देवी सोमवार को अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी के साथ धान की रोपाई करने गई थीं। सुबह करीब 7:30 बजे तेज बारिश के दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सुमित सिंह राणा (20) और सुहावनी (22) की मौत हो गई। गोविंद, हरीश और संक्रांति देवी



सुमित राणा



सुहावनी

बाल-बाल बच गए। तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी अंकित सक्सेना गांव पर पहुंचे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और विधायक भुवन कापड़ी ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# लोनिवि में इस बार कहीं दर्जनों रिटायर्ड को न मिल जाए तैनाती

### लोक निर्माण विभाग में फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला की आशंका, वर्ष 2022 में मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई पर मुख्यमंत्री ने की थी कार्रवाई

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** साल 2022 में लोक निर्माण विभाग उस वक्त अचानक चर्चा में आ गया था जब विभाग की ट्रांसफर सूची में एक मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। उस दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग में तमाम अनियमितताएं सामने आई थीं।

इस साल दर्जनों रिटायर्ड अभियंताओं को ही कहीं स्थानान्तरित न कर दिया जाए? ऐसे में विभाग में एक बार फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाले की आशंका है। एक तो विभाग इस बार मंत्री विहिन (जितिन

- पोर्टल पर दर्ज हैं रिटायर्ड अभियंताओं के भी नाम, कार्यरत को दिखाया त्यागपत्र दिया हुआ
- कोई 27 सालों से एक जिले में तो कई सालों से जमे अधिकारी के नाम ही सूची में नहीं

प्रसाद के केन्द्रीय मंत्री बन जाने के बाद) है। ऊपर से मानव संपदा पोर्टल में भारी अनियमितताएं हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी तो यह कि पोर्टल पर ट्रांसफर होने वालों की सूची में जहां लगभग तीन दर्जन रिटायर्ड अभियंताओं के नाम हैं वहीं, उन अधिकारियों के नाम ही नहीं जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और ट्रांसफर की प्राथमिकता में आते हैं।

हालांकि पूर्व में जितिन प्रसाद के मंत्री रहते विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गई थीं। ट्रांसफर में मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी प्रकट की। जांच बैठाई और बाद में जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी। इस बार भी मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल की गड़बड़ियां समय रहते दुरुस्त कर लीं जाएं।

लोनिवि में ताजा गड़बड़ी की बात जाए तो अलग-अलग जिलों में कार्यरत ऐसे 30 इंजीनियर-अधिकारी ऐसे हैं जो विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन लोनिवि में अब भी कार्यरत दिखाए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर औरैया में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात काजी अली आसिफ इसी साल 31 मई को रिटायर हो गए, अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी रहे खुशीराम 30 अप्रैल को, सहायक अभियंता सिविल देशबंधु सिंह (आजमगढ़) 29 फरवरी, अकाउंटेंट सुरेन्द्रकांत (बलरामपुर) 31 जनवरी, सहायक अभियंता सिविल (लखनऊ) अरविंद कुमार पांडेय 31 मार्च, हेड असिस्टेंट विमला लोहानी, (लखनऊ) 31 मई, सीनियर असिस्टेंट संदीप सिंह (वाराणसी) से 26 मार्च को रिटायर हुए हैं। इसी तरह इस सूची में अन्य तमाम अधिकारियों के नाम शामिल हैं। पोर्टल में अन्य गड़बड़ियां भी हास्यास्पद हैं। एक ही खण्ड में दो-दो अधिशासी अभियंताओं की तैनाती तो वहीं कार्यरत अवर अभियंता को इस्तीफा दिया हुआ दिखाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में जिस अवर अभियंता को 27 सालों से कार्यरत दिखाया जा रहा है, उसका बैच ही 2009 का है यानि नौकरी ही अभी 15 साल की हुई है। बहरहाल, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी जहां यह कहते हैं कि गलत डेटा को सही कराने के लिए विभाग को नोटिस दिया गया है। वहीं, लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि कार्मिकों की अपलोड सूची पर आपतियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर संशोधित सूची अपलोड की जाएगी। तबादलों के बाद भी आपत्तियां ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ी तो सुधार होगा।

# वेस्टइंडीज को बाहर करके अफ्रीका सेमीफाइनल में

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था।

खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली।

चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी वेस्टइंडीज को जीत दिलाने में नाकाम रहा।



दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज तबरेज शम्सी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

**टी-20 वर्ल्ड कप**

- डकवर्थ लुईस के नियम से दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को तीन विकेट से हराया

### नयी टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

नॉर्थ साउंड। लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी-20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है। एडेन माक्ररम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया। रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शम्सी ने मैच के बाद कहा कि कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे। लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती।

**03** विकेट लेकर 27 रन देने वाले तबरेज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

**22** रन की पारी तूफानी पारी खेली हेनरिक क्लासेन ने

**06** अंकों के साथ अफ्रीका ग्रुप-2 में पहले नंबर पर

**52** रन की पारी खेली वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ने

**81** रन की शानदार साझेदारी की वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स और रोस्टन ने

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.599 |
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.963 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | -3.906 |

## खेल डायरी

### अदिति व दीक्षा ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिया। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए टिकट पहले ही पक्का कर चुके हैं। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा दूसरी बार तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

### सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता

हाले (जर्मनी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6(8), 7-6(2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा कि मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।

### पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता

बर्लिन। जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7(0), 6-4, 7-6(3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा कि मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया।

### श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को चार विकेट से हराया

हंबनटोटा। अटापट्टू 4 व प्रियदर्शनी के 3 विकेट लेने के बाद विशमी गुणरत्ने (35) तथा हर्षिता (35) की उम्दा पारियों के दम पर श्रीलंका की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में विंडीज को चार विकेट से हराया। श्रीलंका ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। यहां राजपक्षे स्टेडियम में श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर विंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। विंडीज टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान हेले मैथ्यूज (30), आलियाह 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम ने 18.4 ओवर में छह विकेट पर 137 रन बना लिए थे।

# रोहित ने कंगारुओं को किया हिट

## शर्मा सबसे तेज शतक लगाने के रिकॉर्ड से चूके, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 206 रन का लक्ष्य

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप-एक के मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 206 रन बनाने होंगे। भारतीय टीम ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया है।

वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 92 रन की पारी खेली। वे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज सेंचुरी लगाने से चूक गए, हालांकि सबसे तेज हाफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 41 गेंदों पर 92 रन पूरे किए। 7 चौके और 8 सिक्स मारे और 224 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। एक वक्त उनका स्ट्राइक रेट 300 तक पहुंच गया था।

इसके बाद सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट लिया। हेजलवुड के अलावा हर बॉलर ने अपने ओवर्स में 10 से ज्यादा रन दिए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर कहा कि यह क्वार्टर फाइनल है, इसे लेकर उत्सुक हूं। भारत के खिलाफ चुनौती बड़ी है। हम पहले भी इस स्थिति में आ चुके हैं, अब हर मैच जीतना जरूरी है। टीम एक बदलाव है एगर की जगह स्टार्क आए हैं। वहीं, इस बार भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का क्षेत्ररक्षण बहुत ही खराब रहा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कई सारे कैच छोड़े है।



**92** रन की तूफानी पारी में रोहित ने 41 गेंदों की मदद से 8 छक्के और 7 चौके जड़े

### गेंदबाजी करना चाहता था मैं

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का कहना कि हम भी पहले गेंदबाजी करते। हम स्कोर का पीछा करना चाहते थे। हम जानते हैं कि हम वास्तव में क्या कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करेंगे। मुझे उम्मीद है कि इसमें ज्यादा बदलाव नहीं आएगा। उम्मीद है कि यह एक और ऐसा मैच होगा जिसमें हम अच्छा करेंगे। इस टूर्नामेंट में हर मैच अहम है। हम सेम टीम के साथ खेल रहे हैं। रोहित का कहना है कि विराट इस मैच में कुछ खास करेंगे हर बार की तरह इस बार ऐसा नहीं होगा।

### टी-20 विश्वकप में रोहित का सर्वोच्च स्कोर

| | |
|---|---|
| 92 बनाम ऑस्ट्रेलिया | ग्रोस आइलेट (2024) |
| 79* बनाम ऑस्ट्रेलिया | ब्रिजटाउन (2010) |
| 74 बनाम अफगानिस्तान | अबु धाबी (2021) |
| 62* बनाम वेस्टइंडीज | मीरपुर (2014) |

### टी-20 विश्व कप में भारत के लिए बड़ी पारी

- 101 सुरेश रैना बनाम साउथ अफ्रीका ग्रॉस, आइलेट (2010)
- 92 रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया ग्रॉस, आइलेट (2024)
- 89* विराट कोहली बनाम वेस्टइंडीज, वानखेड़े (2016)
- 82* विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, मोहाली (2022)
- 82* विराट कोहली बनाम पाकिस्तान, मेलबर्न (2022)

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 205/5 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रोहित शर्मा बोल्ड मिचेल स्टार्क | 92 | 41 | 7/8 |
| विराट कोहली कैच डेविड बो जोश | 0 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत कैच जोश बो स्टोइनिस | 15 | 14 | 1/1 |
| सूर्यकुमार यादव कैच वेड बो स्टार्क | 31 | 16 | 3/2 |
| शिवम दुबे कैच वॉर्नर बो स्टोइनिस | 28 | 22 | 2/1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 27 | 17 | 1/2 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 9 | 5 | 0/1 |

**अतिरिक्त** -06 रन, **विकेट पतन :** 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194,

**गेंदबाज :** मिचेल स्टार्क 4-0-45-2, जोश हेजलवुड 4-0-14-1, पैट कमिंस 4-0-48-0, एडम जम्पा 4-0-41-0, मार्कस स्टोइनिस 4-0-56-2।

## भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमें पेरिस ओलंपिक में

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया।

भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।

**भारतीय टीम :**

**पुरुष :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव।

**महिला :** दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत।

# बांग्लादेश रोक सकता है अफगान का सफर

किंग्सटाउन, एजेंसी

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।

टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



**टीमें : अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, इब्राहिम ज़द्रन, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फ़ज़लहक फ़ारूकी, फ़रीद अहमद मलिक।

**बांग्लादेश :** तनजीद हसन, लिटन दास, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तनजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, जैकर अली, तनवीर इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, सौम्या सरकार।

मैच भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे शुरू होगा।

## सफलता की नई कहानी लिख रही अफगानी टीम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** युद्ध की तबाही, बुनियादी ढांचे की कमी और अपना कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं होने के बाद भी अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व में सुपर आठ में जगह पक्की करने के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी में बनी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड 1995 में अस्तित्व में आया था।

यह देश 2001 में आईसीसी का संबद्ध सदस्य बना और इसके एक दशक बाद उसे टेस्ट खेलने का दर्जा मिला। अफगान 2017 से आईसीसी का पूर्ण सदस्य है। टीम ने टी20 विश्व कप में टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से शिकस्त देकर सुपर आठ चरण में जगह पक्की की। सुपर आठ में उसने 2021 की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

# जिम्बाब्वे दौरे के लिए गिल कप्तान

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और बुमराह को आराम दिया गया है।

जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा, जिसमें पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप में शामिल संजू और यशस्वी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। गिल और आवेश टी-20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया। नये खिलाड़ियों में अभिषेक और पराग ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की। पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक ने आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेलते हुए 484 रन बनाये जबकि राजस्थान के पराग ने 573 रन जोड़े।



**टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

# भारत की अगुआई करेगी त्रीशा और गायत्री की जोड़ी

**विश्व टूर बैडमिंटन**

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी।

मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है जहां उनका सामना सेई पेई शेन और हंग एन-जू की चीनी ताइपे की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

# जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), एजेंसी।** निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।



गोल करने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी हुए। ● एजेंसी

### डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी की अहम भूमिका

नयी दिल्ली। ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है। मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलायी। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कशमीना बाद भी यहां आयी।

# उरुग्वे ने जीत से अपना अभियान शुरू किया

मियामी गार्डन्स, एजेंसी

**कोपा कप**

- ग्रुप-सी में पनामा को 3-1 से दी करारी शिकस्त
- उरुग्वे की टीम लुईस सुआरेज के बिना उतरी थी मैदान पर

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

आसमान में बादल रहेंगे। बारिश की संभावना। मौसम में उमस बढ़ेगी।

| 36.5° | 27.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 :00 |

# पुलिसवालों ने पीटा और कहा-मारके आए हो यहां रिपोर्ट कराने

## छात्रा के माता-पिता ने लगाए मऊ थाना पुलिस पर गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पीडिता के माता-पिता की बात पर गौर किया जाए तो पूरे मामले में थाना पुलिस की संवेदनहीनता साफ नजर आई। अधिकारी कुछ भी बोलें, मामले की चाहे कितनी लीपापोती की कोशिश की जाए पर परिजनों के चेहरे पर पुलिस का खौफ साफ नजर आ रहा था। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंची मृतका की मां और उसके पिता पुलिसकर्मियों द्वारा की गई मारपीट की बात बताकर बिलख पड़ते थे। मां ने कहा, दारोगा जोर से डांटा, मारके आए हो यहां रिपोर्ट कराने। उसने सवाल किया, साहब, भला कोई अपनी बिटिया को मार डालेगा? आरोप लगाया कि इस पर उसे और उसके पति को जमकर मारापीटा।

इस पूरे मामले में मऊ पुलिस पर कई गंभीर आरोप लग रहे हैं। मृतका की मां ने बताया कि फरवरी में परिजनों ने शोहदों की शिकायत की थी। मार्च में भी प्रार्थना पत्र दिया था। थाने में सुनवाई नहीं हुई तो इन लोगों ने डाक से एसपी को भी शिकायती पत्र भेजा था। तब भी कुछ नहीं हुआ और शोहदों की हरकतें बढ़ गईं। आरोप है कि बेटी के आत्महत्या करने के बाद जब परिजन थाने पहुंचे तो वहां पुलिसकर्मियों ने इनसे अभद्रता की और मारापीटा। पुराने प्रार्थनापत्रों को भी फाड़ दिया। मनमानी एफआईआर दर्ज कर उनको थमा दी।

पोस्टमार्टम हाउस में मृतका की मां ने रोते हुए बताया कि जब वे लोग रिपोर्ट करने थाने गए तो वहां दरोगा जोर से डांटा कि मारकर के आए हो यहां रिपोर्ट करने। जब उसने कहा कि कोई अपनी बिटिया को मार डालेगा तो कहिस कि न लिखी जइ रिपोर्ट विपोर्ट।

उसका आरोप है कि जब उसने कहा कि रिपोर्ट दर्ज नहीं करना तो हमारा कागज वापस कर दो, इस पर फिर जोर से डांटा। बताया कि वह किसी का फोन आने पर बात करने लगी तो वीडियो कालिंग का स्विच दब गया। इस पर यह कहकर उसे और उसके पति को मारापीटा गया कि वीडियो बना रही हो। मोबाइल छुड़ा लिया और मुझे और पति को जमकर मारापीटा। हमने थाने में तहरीर दी, कप्तान को शिकायत भेजी पर किसी ने नहीं सुना और बिटिया चली गई और यह कहकर वह बिलखने लगी। उसका रुदन सुनकर आसपास खड़े लोगों की भी आंखें नम हो गईं।

बताया कि एक बार आरोपी ने उसकी बेटी को साइकिल से गिरा भी दिया था। बातें बताने के बीच बीच में पीड़िता की मां अपनी बेटी को याद कर कई बार रोई। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति को तो अंदर बंद कर पीटा गया। पीड़ितों का कहना है कि उसे पुलिस की कार्यशैली पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। मांग की कि उच्चाधिकारी मामले का संज्ञान लेकर उसकी बेटी को न्याय दिलाएं।

### बिटिया का नाम भी गलत दर्ज : मीरा

परिजनों को ढांढस बंधाने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचीं जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने आरोप लगाया कि मऊ थाना प्रभारी ने मनमाने ढंग से रिपोर्ट दर्ज की है। यदि परिजन तहरीर देते तो कम से कम मृतका के पिता का नाम तो सही होता।



जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती। अमृत विचार

पुलिस ने जो रिपोर्ट की कापी दी है, उसमें मृतका के पिता का नाम गलत लिखा है।

### सदन में उठाएंगे यह मामला: अनिल प्रधान

पोस्टमार्टम हाउस में किशोरी के मातापिता को ढांढस बंधाने पहुंचे सदर विधायक अनिल प्रधान ने पुलिस की कार्यशैली पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से मनमानी पर उतारू है। उन्होंने बताया कि पीड़िता की मां ने रोते हुए बताया कि बिटिया की मौत के बाद जब वे लोग थाने पहुंचे तो वहां पुलिसकर्मियों ने यह कहते हुए कि तुम लोगों ने ही उसे मार डाला है, जमकर पिटाई की। अप्लीकेशन फाड़ डाले। विधायक ने कहा कि इस संबंध में जब उन्होंने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से बात की तो एसपी ने भी अपने मातहतों का ही पक्ष लिया और बोले, महिला वीडियो बना रही थी, पुलिसकर्मियों ने मना किया। विधायक का कहना था कि जब उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के प्रति क्या संवेदनशीलता नहीं दिखानी चाहिए थी तो एसपी ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक ओर तो प्रदेश में कानून व्यवस्था की बेहतरी के दावे किए जाते हैं, दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं होती हैं। वह इस मामले को सदन में भी उठाएंगे।



पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सदर विधायक अनिल प्रधान।

### छोटी बेटी को भी धमकाया गया

सदर विधायक ने बताया कि इस दुखद घटना के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की जहमत नहीं उठाई। जब वह सोमवार को मृतका के परिजनों से बात कर रहे थे, उसी दौरान मृतका की मां के मोबाइल पर उसकी छोटी बेटी का फोन आया। इसमें उसने बताया कि सुबह वह पानी भरने हैंडपंप गई थी तो वहां दोनों आरोपी पहुंचे और धमकी दी। उसके अनुसार, दोनों ने कहा कि अइसन हम जेल न जाब। तुमका और तुम्हरे मां-बाप को काटके जइबे।

### पहले भी लग चुके हैं मऊ पुलिस पर आरोप

मऊ थाना पुलिस पर पहले भी रिपोर्ट दर्ज न करने के आरोप लगते रहे हैं। एक मामला मंडौर गांव का है। इसमें नयागांव (सतना) निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की संदिग्ध हालात में मौत पर ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया था। उसका कहना था कि थाने गए तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसी प्रकार प्रतापगढ़ जिले के हरचेतपुर निवासी एक विवाहिता ने ससुरालीजनों पर पति की हत्या का संदेह करते हुए आरोप लगाया था कि इस संबंध में मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

### एफआईआर में भी हुआ खेल

परिजनों का आरोप है कि एफआईआर लिखने में भी खेल किया गया है। इसमें यह तो लिखा गया है कि जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है किंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई ... पर यह नहीं लिखा गया कि किससे शिकायत की गई।

### 25 फरवरी को दिया था प्रार्थनापत्र

सदर विधायक ने बताया कि मृतका की मां ने उनको भी वह तहरीर भेजी थी, जिसमें उसने बेटी से छेड़खानी की शिकायत की थी। इसमें बताया है कि 24 फरवरी को जब उसकी बेटी शौच के लिए गई थी तो वहां खेत में मौजूद आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। इसमें बेटी के कालेज आते जाते समय छेड़ने का भी जिक्र है। विधायक ने कहा कि यदि तब पुलिस गंभीरता दिखाती तो आज बिटिया जीवित होती।

### यह कहना है पुलिस अधिकारियों का

"परिजनों की तहरीर पर आरोपियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर भी आरोप लगाया है। इसकी भी जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

– प्रभारी सीओ मऊ निष्ठा उपाध्याय

फरवरी में मृतका के परिजनों ने थाने में प्रार्थनापत्र दिया था। कार्रवाई करने से पूर्व ही दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया था। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पर बदसलूकी और मारपीट के आरोप बेबुनियाद हैं। फिर भी जांच कर कार्रवाई करेंगे।

– मऊ थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय"

## एक नजर

### पुलिस ने परिवार को विघटन से बचाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने पति-पत्नी में सुलह कराई। किरन देवी पुत्री पूनी प्रसाद निवासी खोह ने पति कुलदीप पुत्र मुन्ना निवासी गढ़चपा व अन्य ससुरालियों पर मारपीट, गालीगलौज व दहेज की मांग करने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी गुड्डी देवी, आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, मंजूलता ने दोनों पक्षों को केंद्र बुलाकर समझाया। दोनों भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात पर सहमत हो गए।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के एसआई बालकिशन ने वारंटी विष्णु और लाल पुत्रगण बच्चा यादव निवासीगण भरतपुर को गिरफ्तार किया। कोतवाली के एसआई श्यामदेव सिंह ने वारंटी राकेश सोनकर पुत्र चंद्रपाल निवासी शंकर बाजार को पकड़ा।

# कक्षा 9 की छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान, कारण पता नहीं लगा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- दो भाइयों की इकलौती बहन थी, घर में मातम
- ग्राम पंचायत हर्रा के मजरा सिकरी का मामला

**अमृत विचार।** कक्षा नौ की छात्रा ने घर सूना पाकर फांसी लगा ली। पिता जब घर लौटा तो बेटी को लटका देख रो पड़ा। आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी। किशोरी दो भाइयों की इकलौती बहन थी।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत हर्रा के मजरा सिकरी निवासी अंजली देवी (14) पुत्री नत्थू प्रसाद स्व. रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कालेज पहाड़ी में कक्षा नौ की छात्रा थी। नत्थू प्रसाद लकड़ी का कारीगर है। सोमवार को वह हर्रा गांव में काम करने गया था। पत्नी प्रेमता देवी भी पड़ोस में किसी काम से गई थी। उसने बताया कि गांव में बिजली नहीं होने से वह वापस घर लौटा तो देखा कि उसकी बेटी ने दुपट्टे के सहारे छत के कुंडे से फंदा लगाकर फांसी लगा ली थी। सूचना पर पहुंचीं थाना प्रभारी रीता सिंह ने शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किए। एसओ ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असलियत पता चलेगी।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**पहाड़ी।** एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार, थानांतर्गत राजापुर रोड के बरेठी चौराहा निवासी रामबालक विश्वकर्मा (55) पुत्र छित्तू ने सोमवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन जानकारी होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। इलाज के दौरान रामबालक की मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र, तीन पुत्रियां हैं।

## 29 जुलाई से लगेगी विशेष लोक अदालत

**चित्रकूट।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला जज चित्रकूट नीलू मेनवाल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इसमें श्रम वाद, शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन आई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम व अन्य क्षतिपूर्ति मामले, पारिवारिक, सेवा संबंधी, कर संबंधी, शैक्षणिक, भरण पोषण, उपभोक्ता संरक्षण संबंधी मामले, स्थानांतरण याचिकाएं, धन वसूली संबंधी मामले, आपराधिक शमनीय, भूमि संबंधित व अन्य दीवानी मामलों आदि का निस्तारण किया जाएगा।

# राजस्व वसूली में ढिलाई पर कार्रवाई तय: प्रमोद झा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



बैठक में निर्देश देते उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा। अमृत विचार

- एसडीएम ने बैठक में दिए सख्त निर्देश

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने राजस्व अमीनों और लेखपालों को राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा है। साथ ही सरकारी जमीन, तालाबों व नजूल की जमीन से अवैध कब्जे तुरंत हटाने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में हुई बैठक में एसडीएम ने राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को निर्देशित किया है की अवैध कब्जा करने वालों को चिह्नित करके उन्हें नोटिस तामील कराई जाए। अगर कब्जा नहीं हटाते तो एक हफ्ते के अंदर बुलडोजर से कब्जा ढहाया जाए। उन्होंने विद्युत बिल व तथा बैंक के बकायेदारों से वसूली मैं तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि अमीन बैंक टीम के सहयोग से बिना किसी भेदभाव के वसूली करें। कोताही बरतने वाले अमीनो पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऋण लेने वालें से अपील की है कि वे समय से कर्ज अदा करें, जिससे कठोर कार्रवाई न करनी पड़े। उप जिलाधिकारी न्यायिक फूलचंद यादव, नायब तहसीलदार राजीव दुबे, लेखपाल प्रदीप तिवारी, कपिल मुनि पांडेय, सत्यप्रकाश पांडेय, शशांक द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, दिनेश, आमीन मोहम्मद, रयूफ, कमलेश कुमार, गुलाब धर, देवी प्रसाद, राजेश, चंद्रेश, मानसिंह आदि मौजूद रहे।

### चलना संभल के...



जल जीवन मिशन के ठेकेदारों और अन्य जिम्मेदारों ने गांव-मजरों की सड़कों की तस्वीर बिगाड़ कर रख दी है। कई जगहों पर हाल बदतर है। बरसात में क्या होगा, यह अभी से अंदाजा किया जा सकता है। डीएम और सीडीओ ने कई बार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए पर कुछ हुआ नहीं। यह तस्वीर कर्वी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मकरी पहरा की है। ● अमृत विचार

# गैरहाजिर अधिकारियों को जारी होंगे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- बैठक में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा

**अमृत विचार।** जिला जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा हुई। अति महत्वपूर्ण बैठक में गैरहाजिर अधिकारियों को जिला जज ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

अपर जिला जज और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल ने बताया कि इसमें मामलों के अधिकाधिक निस्तारण की रूपरेखा बनाई गई। चिह्नित वादों की नोटिसों का तामीला कम से कम दो बार कराए जाने पर बल दिया गया। बैठक में एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, पीटीओ डा. संतोष तिवारी, जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे। बताया गया कि बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांग अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी और नगर पालिका के अधिकारी अतिविशेष बैठक में अनुपस्थित रहे जबकि सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा-निर्देशों के क्रम में इसका आयोजन किया गया था।

जिला जज ने इन अधिकारियों के बैठक में अनुपस्थित रहने के संबंध में नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसकी सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ को भेजी जाएगी।





बैठक की अध्यक्षता करते जिला जज। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### खंभे से टकराकर पलटा ट्रक, बिजली आपूर्ति ठप

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** दूसरे वाहन से भिड़ने से बचने के लिए ट्रक चालक ने इसे सड़क की पटरी पर उतारने की कोशिश की तो यह खंभे से टकराकर पलट गया। इससे कस्बे की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सोमवार को लोगों को पानी की किल्लत का भी सामना करना पड़ा। ग्राम बाबूपुर मोड़ के पास रविवार देर रात लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पोल से टकराकर पलट गया। इससे मेन लाइन के दो खंभे टूट गए और कस्बे की विद्युतापूर्ति बाधित हो गई। सोमवार को पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी, जिससे लोग हैंडपंपों के पास लाइन लगाए नजर आए। ट्रेलर चालक विनोद कुमार निवासी मिर्जापुर ने बताया कि वह सतना से सीमेंट लोड कर अमेठी जा रहा था, बाबूपुर श्रमदान के पास पहाड़ी की ओर से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके बगल से निकलने की कोशिश की। मजबूर होकर उसे ट्रेलर पटरी की ओर करना पड़ा और गीली होने की वजह से मिट्टी धंस गई और ट्रेलर पलट गया। समाचार लिखे जाने तक जेई महेश कुमार मौर्य विद्युतापूर्ति दुरुस्त कराने में जुटे थे।



पलटा ट्रक। अमृत विचार





ई-आफिस प्रणाली संबंधी बैठक लेते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

### जल्द लागू की जाए ई-आफिस प्रणाली

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में ई- आफिस प्रणाली लागू किए जाने को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में ई-आफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिसमें सभी कार्यालय अध्यक्ष सभी कार्मिकों का विवरण ई-आफिस सर्वर मैप कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी कार्यालयाध्क्षों को अपने कार्यालय के स्थायी कार्मिकों को ईएमडी ईम्पलायी मास्टर डेटावेस मैनेजर नामित करने के निर्देश दिए। कार्मिकों का डिजिटल सिक्नेचर बनाए जाने के लिए कार्मिकों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सीडीओ चंद्र शेखर, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एडीएम न्यायिक नागेंद्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, सीएमओ गीतम सिंह, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल के बाहर बच्चे का भ्रूण मिलने से हड़कंप

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल के बाहर आर्यावर्त बैंक की शाखा के सामने सोमवार दोपहर सडक पर भ्रूण पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने अस्पताल चौकी पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया गर्भपात का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है।

**मुसीबत** — आवागमन लगभग ठप, कीचड़ में फंस रहे वाहन, ग्रामीणों ने सड़क को लेकर किया था लोस चुनाव का बहिष्कार

# पहली बारिश में ही ध्वस्त हुआ बरुआ संपर्क मार्ग

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राजापुर छीबो रोड से बरुआ गांव जाने वाला रास्ता ध्वस्त है। पहली ही बारिश में इस पर जगह जगह कीचड़ हो गया है। मिट्टी में वाहन फंस रहे हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने सड़क को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपेक्षा से परेशान होकर मतदान का बहिष्कार किया था और जल्द से जल्द सड़क बनवाने के आश्वासन के बाद माने थे। ग्रामीणों का कहना है कि तीरमऊ बरुआ घाट की वजह से ट्रकों की आवाजाही भी इस रास्ते की बदहाली की एक वजह है।

### कई गांवों के लोगों का है आना-जाना

इस रास्ते से कई गांव-मजरों के लोगों का आनाजाना होता है। तहसील मुख्यालय और ब्लाक रामनगर जाने के लिए बरुआ, रुपौली, रगौली, तीरमऊ आदि के बाशिंदो को दिक्कतों का साना करना पड़ता है। कई बार छोटी बड़ी दुर्घटनाएं भी होती हैं। लगभग एक माह से बरुआ गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट चुका है और लोग लगभग एक किलोमीटर पैदल चलने के बाद आते जाते हैं। इसके बाद ही साधन की व्यवस्था हो पाती है। राजापुर छीबों रोड खोहरा बाबा देवस्थान से सात किलोमीटर दूर स्थित बरुआ गांव जाने के लिए यह इकलौता संपर्क मार्ग है। क्षेत्र सुनील पांडेय, सुधीर सिंह, दीपक मिश्रा, आत्मा सिंह, पिंटू सिंह, रवि त्रिपाठी, इंद्रास सिंह, रामबहादुर गौतम, ढोन्नू कोटार्य, रामबली निषाद, शिवलोचन निषाद, मंझा रैदास, इस्लाम मोहम्मद, राजू सिंह, दिनेश सिंह, रंगनाथ सिंह, मुंशीलाल गुप्ता आदि ने जिलाधिकारी से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।



यह हाल है संपर्क मार्ग का। ● अमृत विचार

- मार्ग पर आए दिन होती रहती हैं दुर्घटनाएं

## क्या बोले लोग

### जल्द से जल्द बनाया जाए संपर्क मार्ग : अंशुमान



अंशुमान पांडेय का कहना है कि सड़क पर पानी की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। ऐसे में कई गांवों के लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना पड़ता है। पांडेय ने कहा कि इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे जल्द से जल्द बनवाना चाहिए।

### सिर्फ चुनाव में मिलता है आश्वासन: पूरन



पूरन सिंह ने इस बात पर नाराजगी जताई कि सिर्फ चुनाव के समय नेता इस मार्ग को दुरुस्त कराने का आश्वासन देते हैं। इसके बाद भूल जाते हैं। इस बार भी वही किया गया। अब लगता है कि आश्वासन हवा हवाई था।

### बरसात में होती है दिक्कत :गौरीदत्त त्रिपाठी



गौरीदत्त त्रिपाठी ने भी उपेक्षा पर नाराजगी जताई। कहा कि लगभग तीन साल से यह मार्ग ध्वस्त है। बरसात के समय इस पर गड्ढों में जलभराव होने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। बीमारों व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### बच्चों को भी होती है परेशानी : शिवशंकर



शिवशंकर त्रिपाठी ने बताया कि इसी रास्ते पर कई स्कूल पड़ते हैं। छात्र-छात्राओं को राजापुर व नादिन कुर्मियांन के विद्यालयों में जाने के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बच्चे फिसल फिसल गिरते हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

## बच्ची से दुराचार का आरोपी पकड़ा

**मऊ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने बच्ची से दुराचार के आरोपी को चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार किया। 23 जून को थाने में एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी डेढ़ वर्षीय बच्ची के साथ इतराज श्रीवास पुत्र पुरउहा निवासी कुम्हारन का डेरा मजरा चित्रवार ने दुराचार किया है। प्रभारी निरीक्षक मऊ व उनकी टीम ने इतराज को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध अभय राज सिंह, आरक्षी प्रवीण कुमार पांडेय और राहुल पांडेय शामिल रहे।

## छलांग के तहत शिविर लगाया

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरवारा में प्रजायत्न संस्था के छलांग प्रोजेक्ट के तहत ग्रीष्मकालीन शिविर लगाया गया। इसमें ग्राम प्रधान अभिलाष, शिक्षामित्र हीरा लाल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवी ने शिरकत की। प्रोग्राम मैनेजर अमित ने छलांग कार्यक्रम के बारे में बताया।

# पांच साल बाद भी उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति नहीं

## निर्माण में आई थी करोड़ों की लागत, तत्कालीन भाजपा विधायक ने किया था उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बांदा


चंदवारा उपकेंद्र में लगी करोड़ों की मशीनरी। अमृत विचार



शोपीस बना विद्युत उपकेंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जसपुरा ब्लाक के चंदवारा गांव में करोड़ों रुपए की लागत से बनाकर तैयार खड़ा 10 एमवीए क्षमता का बिजली सब स्टेशन शोपीस बना है। पांच साल पहले तत्कालीन भाजपा विधायक द्वारा उद्घाटन किए जाने के बाद किसी भी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने इसे चालू कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। आरोप है कि उपकेंद्र में मशीनों की खरीद में जमकर भ्रटाचार हुआ। जिससे मशीनें शुरू ही नहीं हो सकीं।

वर्ष 2019-20 में भारी-भरकम बजट से बना चंदवारा पावर हाउस भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। कमीशन खोरी के चक्कर में में ही बिजली विभाग के अधिकारियों ने आधा-अधूरा उपकेंद्र टेकओवर कर लिया था। लेकिन, यह पावर हाउस पांच साल बाद भी चालू नहीं हो सका है। इसमें पांच-पांच एमवीए के दो ट्रासफार्मर लगे हैं और इससे 50 हजार से ज्यादा आबादी को विद्युत आपूर्ति होनी है। इस पावर हाउस के शुरू हो जाने से संबद्ध 10 से 15 गांवों के उपभोक्ताओं को

● **विद्युत उपकेंद्र पर चार एसएसओ व एक दर्जन लाइनमैनों की है तैनाती**

ओवरलोडिंग और फाल्ट से मुक्ति मिलेगी। विभागीय लोगों की मानें तो भवन समेत अन्य कार्यों के पूरा हुए बगैर ही विभागीय अधिकारियों ने पांच साल पहले पावर हाउस को टेकओवर कर लिया था। लेकिन, अधिकारी उपकेंद्र की लाइनें चालू नहीं कर सके। किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले के मुताबिक इटावा की एक कंपनी ने इसका निर्माण करवाया था। तत्कालीन भाजपा विधायक बृजेश प्रजापति ने सब स्टेशन का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के बाद क्षेत्रीय लोगों को भरपूर बिजली मिलने की आस जगी थी। पांच साल बीतने के बाद लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। किसी भी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने इसे चालू कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। बताया कि पांच दिन पहले मामूली बारिश के बाद विद्युत लाइन में फाल्ट आने की वजह से चंदवारा समेत इछावर, गौरी खुर्द, नरौली, बड़ागांव, पिपरोदर, सबादा, महाबरा, अदरी आदि गांवों के लोग पांच दिनों तक अंधेरे में रहे।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

- मुख्य अभियंता आरिफ अहमद ने कहा कि आज ही मामला उनकी संज्ञान में आया है। संबंधित अभियंताओं से जानकारी लेकर जल्द ही बिजली सब स्टेशन चालू कराया जाएगा। कहा कि सब स्टेशन चालू होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।

### ग्रामीण आज मुख्य अभियंता को सौंपेंगे ज्ञापन

- जसपुरा ब्लाक के चंदवारा गांव में 10 एमवीए विद्युत सब स्टेशन चालू कराने का आंदोलन तेज होगा। किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को इस मुद्दे को लेकर तमाम ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय में पावर कारपोरेशन मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर चालू कराने की मांग की जाएगी। बताया कि कुछ दिनों बाद सिंचाई के लिए भरपूर बिजली आपूर्ति की जरूरत होगी। सब स्टेशन चालू होने के बाद किसानों को भरपूर बिजली मिलेगी। बताया कि ज्ञापन सौंपकर पावर हाउस चालू कराने के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा। अगर तय समय में पावर हाउस नहीं चालू हुआ तो क्षेत्र की जनता और किसान आंदोलन को बाध्य होंगे।

# कमिश्नर साहब! मैं अभी जिंदा हूं... मुझे न्याय दिलाइये...

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- लेखपाल ने जालसाजी कर वरासत किसी और के नाम चढ़ा दी
- महिला को मृतक दिखा जालसाजों ने जमीन अपने नाम कराई
- आयुक्त को प्रार्थनापत्र देकर दोषियों पर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** साहब! मैं अभी जिंदा हूं। लेखपाल ने मृत दिखाकर खतौनी में वरासत दूसरे के नाम चढ़ा दी। अब युवती खुद को जीवित साबित करने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। पीड़िता ने आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।


पीड़िता गौरी।

हमीरपुर जनपद के इंगोहटा गांव निवासी गौरी मिश्रा पत्नी नवनीत ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय पहुंच कर कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया है कि वह जीवित है। लेखपाल ने वरासत दूसरे के नाम चढ़ा दी है। इससे वह परेशान है। युवती की पीड़ा सुन आयुक्त समेत सभी लोग चैंक गए। बताया कि उसके पिता की मृत्यु के बाद गाटा संख्या-347 रकबा 5.925हेक्टेयर में इंगोहटा गांव निवासी मृतक दिनेश कुमार पुत्र विश्वेश्वर दयाल निवासी ग्राम के स्थान पर कुमारी नंदनी व कुमारी गौरी (16) पुत्री दिनेश कुमार व हर्षनरायण (11) पुत्र दिनेश कुमार संरक्षक मां ऊषा पत्नी स्व.दिनेश कुमार के नाम वरासत दर्ज कर आदेश फसली सन 1423 लगायत 1428 में खाता संख्या 459 में दर्ज है। इसके अनुसार गाटा संख्या-346 रकबा 0.599हेक्टेयर गाटा संख्या 88 रकबा 7.1510, गाटा संख्या 347 रकबा 5 925 हेक्टेयर में प्रार्थिया का नाम दर्ज है। जबकि दूसरी खतौनी में ऑनलाइन उत्तराधिकार वरासत कुमारी गौरी पुत्री दिनेश कुमार की वरासत प्रार्थिया को मृतक दिखाकर ऊषा पत्नी दिनेश कुमार व हर्ष नरायण पुत्र दिनेश कुमार की पत्नी ने अपने देवर रमेश कुमार के साथ मिलकर राजस्व कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ सांठगांठ करके उसे मृतक दिखाकर भूमि को अपने नाम फर्जी तरीके से दर्ज करवा लिया।

तहसील में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि राजस्व कर्मचारी उसे व उसके पति, उसकी मां और चाचा रमेश कुमार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आयुक्त से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाकर वरासत आदेश को निरस्त कर उसके नाम बतौर संक्रमणीय दर्ज करवाते हुये दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने मतदाताओं का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में इंडिया गठबंधन की जीत पर मतदाताओं का आभार जताया है। उम्मीद जताई की कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं। सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में सोमवार को मीडिया वार्ता के दौरान कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एक मुश्त वोट मिला है। वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों

● **जनाधार वाले सवर्ण नेताओं को आगे बढ़ाएगी कांग्रेस पार्टी**

का विशेष आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा भाजपा के साथ गया और सिर्फ 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला। यह देश और इंडिया गठबंधन के लिए चिंता का विषय है। इसकी एक बड़ी वजह इस समाज में इंडिया गठबंधन के मुद्दों का न पहुंच पाना भी हो सकता है। कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को पार्टी के शीर्ष पदों पर बैठाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के एजेंडे पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## 24 से 30 जून तक बाधित रहेगी आपूर्ति

**अतर्रा।** कस्बे में 11 केवीए फीडर के निर्माण कार्य के चलते 24 से 30 जून तक एवं लाइन मेंटीनेंस व पेड़ों की छंटाई के चलते 24 से 26 जून तक सभी फीडरों की सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी (विद्युत) अतर्रा मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि अतर्रा कस्बे में 11 केवीए फीडर का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। जिसके कारण 24 जून से 30 जून तक 33ध्11 केवीए विद्युत उपकेंद्र अतर्रा से पोषित सभी फीडर रात्रि 10 से 12 बजे के बीच कटौती की जायेगी। 33 व 11 केवीए विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी 11 केवी फीडरों लाइन मेंटीनेंस एवं पेड़ो की छटाई कार्य के चलते 24 से 26 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधिथ रहेगी। एसडीओ ने उपभेक्ताओं से धैर्य बनाये रखने की अपील करते हुए उत्पन्न परेशानियों के लिए बिद्युत विभाग से खेद व्यक्त किया है।

# यूपी कैटेट में कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की छात्राओं ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** हाल ही में हुई उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा परास्नातक गृह विज्ञान ग्रुप में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सामुदायिक विज्ञान की दो छात्राओं ने अपनी मेधा का परचम फहरा दिया। पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए छात्राओं ने बुंदेलखंड का नाम देश और प्रदेश में बढ़ाया है। विश्वविद्यालय कुलपति समेत कुलसचिव, शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कुछ दिनों पहले उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा परास्नातक प्रवेश परीक्षा प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालय में परास्नातक में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रवेश परीक्षा में उत्तर प्रदेश के सभी

● **वैष्णवी व श्रद्धा ने पहला और दूसरा स्थान पाकर विश्वविद्यालय का बढ़ाया मान**


वैष्णवी व श्रद्धा। अमृत विचार

कृषि विश्वविद्यालयों एवं अन्य महाविद्यालयों में गृह विज्ञान विषय पढ़ रहे छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

बुंदेलखंड के एक मात्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (बांदा) के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा वैष्णवी सिंह व श्रद्धा यादव ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त कर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय और बुंदेलखण्ड का मान देश और प्रदेश में बढ़ाया है। छात्राओं की इस सफलता पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो,नरेंद्र प्रताप सिंह व कुलसचिव डा.एसके सिंह ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता, शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि सामुदायिक विज्ञान विषय में छात्राओं के स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय सह-अधिष्ठाता डा.वंदना कुमारी ने बताया कि महाविद्यालय मे छात्राओं को उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ स्वरोजगार व उद्यमिता बिकास के लिए छात्राओं को तैयार किया जाता है। महाविद्यालय में कौशल विकास केंद्र संचालित कर छात्राओं को उद्यमिता विकास की ओर प्रेरित किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### घायल युवक ने दम तोड़ा

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के बंशीडेरा निवासी लवकुश (26) पुत्र जगदेश शनिवार की शाम महोबा से शटरिंग लगाकर बाइक से वापस गांव लौट रहा था। चिल्ला थाना क्षेत्र के पलरा गांव के पास सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया। हादसे के बाद कार समेत चालक मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर घरवाले लवकुश को कानपुर से वापस दोबारा जिला अस्पताल ले आए। यहां इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रामप्रसाद ने बताया कि लवकुश शटरिंग लगाने का काम करता है।

### पेट दर्द से गर्भवती की मौत

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ गांव निवासी शिवकांती (30) पत्नी शिवकुमार सात माह की गर्भवती थी। उसका इलाज भी शहर के एक महिला डाक्टर के यहां चल रहा था। रविवार की रात पेट दर्द के साथ उसकी अचानक हालत खराब हो गई। घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### पत्नी ने जहर खाया तो पति छत से कूदा

**बांदा।** किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। क्षुब्ध पत्नी ने सल्फास की गोलियां गटक लिया। पत्नी की हालत बिगड़ती देख पति ने छत से छलांग लगा दी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव निवासी पूजा (19) का सोमवार की दोपहर घरेलू किसी बात हो लेकर अपने पति कृष्णकुमार (21) से विवाद हो गया। इससे नाराज पति ने पत्नी को डांट दिया। नाराज होकर पूजा ने सल्फास की गोलियां खा लीं। कुछ देर बाद पूजा की हालत बिगड़ने लगी। पत्नी की हालत बिगड़ती देख पति ने छत से छलांग लगा दिया। जिससे वह भी घायल हो गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कृष्णकुमार के मामा राजा भइया ने बताया कि कृष्णकुमार गुजरात की एक टायर कंपनी में काम करता है। वह तीन दिन पहले ही गांव आया है। सुबह दोनो के बीच विवाद हो गया।

### तीन ने जहर खाया

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव निवासी अजय (22) पुत्र रामबरन ने रविवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के कनवारा गांव निवासी अरबिंद (29) पुत्र बालकृष्ण ने घरेलू कल से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। शहर के बंगाली पुरा निवासी धर्मेद (30) पुत्र कैलाश ने जहरीला पदार्थ खा कर जान देने का प्रयास किया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# शौर्य की अद्भुत मिसाल थीं महारानी दुर्गावती

कार्यालय संवाददाता, बांदा



रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि देते सपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वीरांगना महारानी दुर्गावती का समाजवादी पार्टी ने बलिदान दिवस मनाते हुए महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। कहा कि इतिहास में महिला वीरांगनाओं की संख्या कम नही है। लेकिन उनमें से केवल रानी दुर्गावती ऐसी है जिन्हें उनके वीरता और बलिदान के साथ गोंडवाना का एक कुशल शासक के तौर पर भी याद किया जाता है। वह स्वाभिमान और शौर्य की अद्भुत मिसाल थीं।

शहर के बिजलीखेड़ा स्थित जिला सपा कार्यालय में सोमवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व

● **बलिदान दिवस पर सपाइयों ने नमन कर दी श्रद्धांजलि**

मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद ने कहा कि मुगल काल में स्वाभिमान का जीवन जीना बड़ी बात थी। कहा कि इतिहास में महिला वीरांगनाओं की संख्या कम नही है। लेकिन उनमें से केवल रानी दुर्गावती ऐसी हैं जिन्हें उनके वीरता और बलिदान के साथ गोंडवाना का एक कुशल शासक के तौर पर भी याद किया जाता है। आखिरी दम तक मुगल सेना का सामना किया और उसकी हसरतों को कभी पूरा नहीं होने दिया। महारानी दुर्गावती ने 1564 में मुगल सम्राट अकबर के सेनापति आसफ खान से युद्ध-भूमि में अपनी जान गंवाने से पहले पंद्रह वर्षों तक कुशल एवं प्रभावी शासन किया था। सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि महारानी दुर्गावती कालिंजर (बांदा) के राजा कीर्ति सिंह चंदेल की एकमात्र संतान थीं। राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह से उनका विवाह हुआ था। उनका पूरा जीवन संघर्ष पूर्ण गुजरा। वह अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति थीं।

इतिहास गवाह है कि रानी दुर्गावती ने अपनी बहादुरी और साहस का प्रयोग कर स्वतंत्र पहचान कायम की। इस मौके पर इंद्रजीत यादव, लालमन यादव, नगर महासचिव पुरुषोत्तम गुप्ता, मुन्ना पटेल, शरद यादव, अरुण यादव, शिवकरण पाल, प्रमोद राजा, सुनील कुशवाहा, विद्यासागर कुशवाहा, अर्चना पटेल सुनीता रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## स्टैंड से रोडवेज बसों का संचालन शुरू न हुआ तो होगा आंदोलन

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कस्बे के बदौसा रोड पर स्थित परिवहन विभाग के अधिकृत बस स्टैंड से शीघ्र ही बसों के संचालन शुरू कराए जाने की मांग की है। चेतावनी दी है कि स्टैंड से बसों का संचालन न होने पर कस्बावासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

बदौसा रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड से अरसा बीतने के बाद भी बसों का संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि लंबे समय से कस्बे के बदौसा पर रोड स्थित परिवहन विभाग के बस स्टैंड संचालन के लिए मांग

● **कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने डीएम को पत्र भेज बसों के संचालन की मांग की**

की जा रही है। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते बसों का संचालन आज तक नहीं हो पाया। झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग व अतर्रा-नरैनी मार्ग के सड़क व फुटपाथ पर प्राइवेट वाहन संचालक वाहनों को रोककर सवारियां भरते हैं। जिससे लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। नो एंट्री के बावजूद बड़े वाहन फर्राटा भरते हैं। बताया कि पूर्व मंत्री स्व.डा.सुरेंद्र पाल वर्मा की पहल पर कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण हुआ था। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते बस स्टैंड जर्जर अवस्था को पहुंच गया है।

**कार्यालय नगर पंचायत नरैनी, बाँदा**

पत्रांक: 009/न0पं0 नरैनी/2023–24 दिनांक: 26 फरवरी, 2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत नरैनी, जनपद–बाँदा सीमान्र्तगत सभी ''थोक कचरा उत्पादक'' (100 कि0लो0 से अधिक) (BWG) को सूचित किया जाता है, कि सभी ''थोक कचरा उत्पादक'' (100 कि0लो0 से अधिक) (BWG) अपने कूड़े का निस्तारण अपने स्तर पर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यदि कूडे के वैज्ञानिक निस्तारण में कोई समस्या/सहायता की आवश्यकता है, तो नगर पंचायत नरैनी, बांदा के सफाई विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नरैनी, बांदा

जताया विरोध — आयुक्त को ज्ञापन सौंप फौजदारी कानूनों में परिवर्तन रद करने की मांग

# मुंह पर काली पट्टी बांध वकीलों ने निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता,बांदा


मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले वकीलों का आंदोलन लगातार जारी रहा और क्रमिक अनशन के साथ अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। वकीलों का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। सोमवार को जहां अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन लगातार पांचवें दिन जारी रहा और मुंह में काली पट्टी बांधकर वकीलों ने जुलूस निकाला और मंडलायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

सोमवार को अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में चल रहे आंदोलन के क्रम में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष इकबाल बहादुर सिंह की अगुवाई में राघवेंद्र सिंह भदौरिया, धर्म सिंह कछवाह, प्रमोद वर्मा, सुमित पांडेय, रामसुमन राजपूत, ब्रजेश पांडेय, रामकुमार, रिषभ वर्मा, आनंद वर्मा आदि को माला पहनाकर क्रमिक अनशन शुरू कराया गया। उधर संघ के अध्यक्ष

● **न्यायिक कार्यों से विरत रह कर क्रमिक अनशन जारी रखेंगे अधिवक्ता**

अशोक दीक्षित और महासचिव रामप्रकाश शिवहरे के नेतृत्व में वकीलों का भारी भरकम जुलुस कचेहरी परिसर से निकाला गया। मुंह में काली पट्टी बांधकर सड़क पर निकले अधिवक्ताओं ने नए कानूनों को जनविरोधी व वकील विरोधी बताते हुए न्याय में बाधक बताया।

जुलूस में शामिल अधिवक्ता मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन आयुक्त को सौंपा गया। उधर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने सुप्रीम कोर्ट बार के सचिव विक्रांत सिंह से भी नए कानून की विसंगतियों पर चर्चा की। वार्ता के क्रम में श्री सिंह ने कानून की विसंगतियों पर चिंता जताई। उन्होंने शीघ्र ही देशव्यापी संघर्ष को तैयार रहने का आह्वान किया। पैदल जुलूस पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, रामस्वरूप सिंह, अवधेश गुप्ता, शंकर सिंह, राजेश दुबे समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे। बताया कि 25 जून को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और क्रमिक अनशन जारी रखते हुए आंदोलन को गति प्रदान की जाएगी।

**कार्यालय नगर पंचायत नरैनी, बाँदा**

पत्रांक: 010/न0पं0 नरैनी/2023–24 दिनांक: 26 फरवरी, 2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत नरैनी, बाँदा सीमान्र्तगत स्थित स्ट्रीट फूड वेन्डर, पान स्टॉल, खाद्य पदार्थो के विक्रेताओं आदि को सूचित किया जाता है कि आप सभी अपने–अपने प्रतिष्ठानों से उत्पादित होने वाले अपशिष्ट पदार्थो को एकत्रित करने हेतु हरे एवं नीले रंग के पर्याप्त क्षमता के दो डस्टबिन को अनिवार्य रूप से रखे तथा डस्टबिन में एकत्रित होने वाले अपशिष्ट को नगर पंचायत के वाहनों में ही उपलब्ध कराये ताकि आपके प्रतिष्ठान से उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट पदार्थो को सार्वजनिक स्थानों पर फेंके जाने से गंदगी उत्पन्न न हो तथा यह भी सुनिश्चित करें कि आपके आस–पास के 10 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की गंदगी सार्वजनिक स्थल पर पायी जाती है, तो उस क्षेत्र में स्थित सम्बन्धित समीपस्थ दुकानदार/वेंडर के विरूद्ध सुसंगत नियमों के अन्र्तगत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यदि अन्य कोई व्यक्ति गंदगी करता पाया जाता है, तो उसकी सूचना पंचायत के सूचना नम्बर–8189078209 पर सूचित करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नरैनी, बांदा

# गौशालाओं से छोड़े गए मवेशी, भूखे प्यासे इधर-उधर भटक रहे

## सरकार से पैसा आने के बाद भी नहीं दिया जा रहा चारा-पानी, जान के पड़े लाले

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सड़कों पर घूमते अन्ना जानवर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस दफा गर्मी में जहां पानी को लेकर लोग बेहाल हैं। वहीं दूसरी तरफ अन्ना मवेशी भी जंगलों और सरोवरों के आसपास भूख और प्यास मिटाने के लिए घूम रहे हैं। तमाम अन्ना पशु भूखे-प्यासे जंगल और तालाबों के किनारे मृत देखे जा रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए मवेशियों को भी चारा-पानी और छाया में रखने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद भी ग्राम प्रधानों द्वारा गौशालाओं से अन्ना मवेशियों को छोड़ दिया गया है, जिससे गौशालाएं सूनी पड़ी हैं।

गौरतलब है कि शासन द्वारा गांव गांव में खोली गई गौशालाओं में अन्ना मवेशियों के लिए भूसा चारा भेजा जा रहा है साथ ही मवेशियों की सेवा के लिए लगाए गए अस्थाई कर्मचारियों का भी मानदेय दिया जा रहा है, बावजूद इसके गौशालाओं से अन्नामवेशियों को भीषण गर्मी में छोड दिया गया है, जिससे तपती सड़कों पर बैठकर अन्ना मवेशी वक्त काट रहे हैं। वाहन चालकों की अनदेखी के चलते अन्नामवेशियों की मौत हो जाती है, लेकिन ग्राम प्रधान भूसा चारा की धनराशि तो ले रहे है, लेकिन न तो मवेशियों को चारा भूसा खिला रहे हैं और न ही भीषण गर्मी में पानी पिलाया जा रहा है, जिससे आएदिन अन्ना मवेशी जंगलों में खानपान की जुगाड़ में घूमते घूमते भूखे प्यासे दम तोड़ते नजर आ रहे है।

- **गौशालाएं सूनी पड़ीं, प्रधानों ने प्रशासन की एक नहीं सुनी**

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा अन्नापशुओं को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए गांव गांव में गौशालाओं की व्यवस्था की गई थी और नगर पालिका, नगर पंचातयों एवं ग्राम पंचायतों मे अपने अपने क्षेत्रों में अन्नापशुओं को रखने के निर्देश दिए गए थे, जिससे अन्ना मवेशी सड़कों पर न बैठ सके। साथ ही उन्हें समय समय पर भोजन पानी की व्यवस्था भी की जा रही है, इसके बाद गर्मी के दिनो में अन्ना जानवरों को गौशालाओं से छुट्टा छोड़ दिया गया है, जिससे मवेशी तालाबों और जंगलों में भटक रहे हैं।

# लंबित विवेचनाओं के निस्तारण पर सीओ ने दिया जोर

**महोबा।** पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ ने सोमवार को थाना श्रीनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीओ ने थाना श्रीनगर के सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर भोजनालय की सफाई व भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने पर भी जोर दिया।

क्षेत्राधिकारी ने थाना श्रीनगर में आईजीआरएस, शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं अपराधियों के विरुद्ध जारी एनबीडबल्यू हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिये गये। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रात्रि में चेकिंग करके अपराधियों के विचरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करें।

# बच्चों में मिली विटामिन ए व डी की कमी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम के निर्देशन पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड जैतपुर की आंगनबाड़ी पसाना और आंगनबाड़ी स्यावन में डॉ. आशीष तिवारी की देखदेख में स्वास्थ केंद्र जैतपुर की चिकित्सक टीम ने 271 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान दिमागी तौर सभी बच्चे सही पाए गए, लेकिन कुछ बच्चों में विटामिन ए, विटामिन डी की कमी के साथ दांतों की समस्या मिलीं। उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित देकर अभिभावकों को बच्चों का ध्यान रखने की सलाह दी गई।

बच्चों में एनीमिया, विटामिन ए, विटामिन डी, दांतों, आंखों, त्वचा, बालों तथा दिमागी तौर पर कमजोरी तो नहीं है इसका भी परीक्षण किया गया। इस मौके पर आंगनबाडी केंद्रों में बच्चों और उनके अभिभावकों की अधिक भीड़ नजर आई। इस मौके पर डाक्टर द्वारा भीषण गर्मी से बच्चों को सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई।

- **बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 271 बच्चों का परीक्षण**
- **चिकित्सकों की टीमों ने आंगनबाड़ी में लगाए शिविर**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की प्रथम टीम ने आरबीएस योजनांतर्गत डॉ. आशुतोष सोनी की टीम ने प्रथम आंगनबाड़ी पसाना में स्वास्थ शिविर लगाकर 71 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, इसके बाद इसी टीम ने आंगनबाड़ी स्यावन में कैप लगाकर 70 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए अभिभावकों को बच्चों को गर्मी के मौसम में देखरेख करने का सुझाव दिया। उधर डॉ. पीएन शर्मा की स्वास्थ्य टीम द्वारा दोनो आंगनबाड़ी एक व दो पर शिविर लगाकर 130 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही जरुरी निर्देश दिए गए। डॉ. आशीष तिवारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में अपने बच्चे को हीटवेब से बचाने के लिए उसे ठंडे वातावरण में रखें। बच्चे को उचित कपड़े पहनाकर, सनस्क्रीन (6 महीने से अधिक उम्र के बच्चों पर) लगाकर, टोपी लगाकर, छाया ढूंढकर और धूप का चश्मा पहनकर धूप से बचा सकते हैं। कहा कि छोटे बच्चों के लिए गंभीर निर्जलीकरण बहुत खतरनाक है। अत्यधिक गर्मी के कारण प्यास लगने से पहले पानी पीते रहें। खासकर अगर आप जब बाहर हों।

# भैंस से टकराई बाइक महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बहन की गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से जाते समय पति पत्नी और देवर समेत तीन लोग भैंस से टकरा जाने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले ही की अधिक खून बह जाने के कारण महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दोनो भाईयों को घायलावस्था में ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर पति की भी हालत नाजुक बताई जा रही है।

थाना अजनर के ग्राम लमौरा निवासी पानकुंवर (38) अपने पति मनमोहन (42) और देवर गंगाधर के साथ बाइक से मायके रामूपुरा बहन की गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी, तभी रामूपुरा गांव से पांच किमी0 पहले सड़क पर अचानक एक भैंस आ गई, जिससे तीनों बाइक सवार भैंस से टकरा गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पानकुंवर की अधिक खून बह जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीण घायलों को बचाने के लिए दौड़ पड़े और मदद के लिए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मनमोहन की हालत गंभीर बनी हुई है।

- **पति व देवर घायल, बहन की गोद भराई कार्यक्रम में जा रहे थे**

# छह बेटियों को जन्म देने पर महिला को पीटा, घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा



जिला अस्पताल में घायत पत्नी के साथ खड़ा पति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला रामनगर में एक विवाहिता के छह बेटियों को जन्म पर उसके ससुरालीजनों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट से विवाहिता बुरी तरह से घायल होने पर पति द्वारा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस से ससुरालीजनों पर गम्भीर आरोप लगाते हुए प्रताड़ित करने की शिकायत की है, लेकिन उसके द्वारा अभी तक लिखित तहरीर नहीं दी गई।

पीड़िता मुलिया ने बताया कि शादी के बाद उसने एक के बाद एक छह बेटियों को जन्म दिया, जिससे सासुरालीजनो द्वारा आएदिन प्रताड़ित किया जाने लगा। बताया कि बेटे जन्म न देने पर सास ससुर व अन्य ससुरलीजन द्वारा ताने देकर परेशान करते रहे और अक्सर शादी व अन्य समारोह व सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र व्यवहार किया जाता। उसने आरोप लगाया कि उसका सुबह जब खेत पर गया तो वह कमरे में अपने बच्चों के साथ बैठी थी, तभी ससुर गाली गजौज करने लगा और पुत्र पैदा न होने पर बुरा भला कहकर कमरे से बाहर आने की बात कही।

पीडिता ने बताया कि वह कमरे से बाहर आई तो ससुर ने साड़ी पकड़कर घसीटा और सास, जेठानी व अन्य ससुरालीजन ने बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी, जिस पर उसकी नाबालिग पुत्रियां मां को पीटना देख चीखती चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने दया नहीं दिखाई। बताया कि चीख पुकार सुन पड़ोसियों द्वारा उसके पति को सूचना दी गई, जब पति मौके पर पहुंचा और मामले को शांत कराया गया और घायल पत्नी को जिला अस्पताल ले गया।

- **पति ने विवाद को शांत कराकर घायल पत्नी को जिला अस्पताल पहुंचाया**

उसने बताया कि ससुरालीजनों द्वारा गलत आरोप लगाए जाते हैं, जिससे वह पूरी तरह से हताश हो गई है। बताया कि उसे अपनी बेटियों की चिंता है, लेकिन ससुरालीजन उसे शांति से जीवन जीने नहीं दे रहे हैं।

उधर सदर कोतवाली प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर जांच कर कारवाई की जाएगी।

# उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी के बाद अब उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किले बढ़ा दी है। आसमान में हल्के फुल्के बादल होने से तापमान में तो गिरावट आई है, लेकिन उमस भरी गर्मी के चलते लोग और अधिक परेशान हो गए हैं। बादलों के चलते न तो हवा चल रही है, उल्टा उमस की गर्मी से बदन में चिपचिपाहट बढ़ गई है। इस गर्मी में पंखे कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों को इस गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।

मालूम हो कि पिछले एक माह तक लगातार पड़ी जोरदार गर्मी और तपन से जिले के लोग बेहाल हो गए हैं। अब आसमान में बादल छाने से बारिश की उम्मीद जागने के साथ साथ गर्मी से निताज मिलने के कायस लगाए जा रहे थे, लेकिन हल्के फुल्के बादल रहने के बाद भी गर्मी में कोई कमी नहीं आई है, उल्टा उमस ने और आग में घी डालने का काम शुरू कर दिया है, जिसके चलते लोग गर्मी से जूझ रहे हैं। इस साल माह मई से लेकर जून माह तक खत्म होने को है, लेकिन गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कभी आसमान से बरस रही आग ने लोगों को रुलाया और अब उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। हवाएं शांत हो जाने से धूप लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

- **बादल होने के बाद भी बारिश न होने से नहीं मिल रही गर्मी से राहत**

# मार्ग दुर्घटनाओं में एक ग्रामीण की मौत, आठ लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके पर फरार हो गया। पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। उधर बाइक सवार तीन घायलों को मामूली चोटे आने पर उसकी जिला अस्पताल से छुट्टी कर दी गई।

थाना पनवाड़ी के ग्राम मसूदपुरा निवासी गयाप्रसाद (40) पुत्र बालादीन पैदल खेतों की तरफ जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे ले लिया है। इसी तरह गयाप्रसाद (34) पत्र ठाकुरदास खिरिया बाइक से जैतपुर की तरफ जा रहा था, तभी बाइक असंतुलित होकर गिर गया और घायल हो गया। रामदेवी पत्नी शिवराम सड़क निर्माण में डामरीकरण कार्य कर रही थी, तभी डामर से जलकर झुलस गई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **सभी घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती**
- **तीन घायलों को मामूली चोटें जिला अस्पताल से छुट्टी**

थाना पनवाड़ी के ग्राम भरवारा निवासी यदुवेश कुमार पुत्र अनिल बाइक से पनवाड़ी की तरफ जा रहा था, तभी टेपो की टक्कर से गिरकर घायल हो गया, उसे राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गयाप्रसाद (42) पुत्र तारापत निवासी भरवारा बाइक से असंतुलित होकर घायल हो गया। रईस पुत्र जहीन निवासी जैतपुर बाइक से कुलपहाड़ की तरफ आ रहा था, तभी अचानक अंडरब्रिज मोड के पास बाइक गड्ढे में जाने से गिरकर घायल हो गया।

पप्पू पुत्र गोरेलाल निवासी बीजानगर भी एक गाय को बचाने के चक्कर में बाइक से गिरकर घायल। उदय आनंद (19) निवासी श्रीनगर बाइक से महोबा की ओर आ रहा था, तभी श्रीनगर तिराहा के पास बाइक से गिरकर चुटहिल हो गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कुएं मे उतराता मिला युवक का शव

**पनवाड़ी-महोबा।** पनवाड़ी राठ रोड पर स्थित आम कुआ मे एक अज्ञात युवक का शव कुएं मे उतराने की सूचना पर पुलिस ने उसे बाहर निकाला। शव की शिनाख्त कराने में पुलिस जुट गई है।

किसान अपने खेतों पर जुताई करने को जा रहे थे। राठ रोड स्थित कुआं मे उसी समय एक कृषक पानी पीने को गया। कुएं एक युवक का शव उतराता देखकर वह सहम गया और बिना वापस आकर सबको बताया। इसके बाद शव कुएं मे पड़े होने की खबर समूचे कस्बे मे फैल गयी । सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक यशवन्त सिंह मय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कुएं मे तैरता देख ग्रामीणो की मदद से करीव दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को कुएं से निकाल पाये। शव पूर्ण रूप से क्षत विक्षत हालत में था।

# सामाजिक बुराइयां मिटाने पर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक के बाद खड़े अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपराध निरोधक समिति की बैठक में समिति को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही अधिकारियों से तालमेल बनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों तथा अपराधों पर अंकुश लगाए जाने पर बल दिया गया। बैठक में निष्ठा व ईमानदारी से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया गया। बैठक के अंत में सभी लोगों ने समाजसेवी एवं डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी की धर्मपत्नी के निधन पर शोकसभा कर ईश्वर से मृतका की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

बैठक सोमवार को बुंदेलखंड प्रभारी चंद्रशेखर अग्निहोत्री की अध्यक्षता में श्यामबिहारी निगम के आवास में संपन्न हुई। जनपद हमीरपुर से आए समिति के बुंदेलखण्ड प्रभारी ने कहा कि इस समिति का उद्देश्य शासन प्रशासन के अधिकारियों से तालमेल बनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों तथा अपराधों की रोकथाम के लिए प्रयास करना है। आज की युवा पीढ़ी दिशा से भटक रही है, जो चिंता का विषय है। कहा कि समय समय पर गाष्ठियों के माध्यम से समाज को सही दिशा देने का कार्य समिति का है। अपराध निरोधक समिति महोबा के जिलामंत्री संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि आज शिक्षा का इतना अधिक प्रचार प्रसार है। इसके पश्चात अपराधों पर रोक नहीं लग पा रही है। पुराने समय में जब लोग कम शिक्षित थे, तब अपराध कम होते थे, इसलिए इस पीढ़ी के युवाओं को समझाने और सही मार्ग दर्शन की आवश्यकता हैं।

कोषाध्यक्ष श्यामबिहारी निगम ने कहा कि अपराध निरोधक समिति म संपूर्ण उत्तरप्रदेश में विगत कई दशकों से अपराधों की रोकथाम के लिए निरंतर कार्य कर रही है जो समाज का पवित्र कार्य है। समय समय पर इस बावत बैठक करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपराध से दूर करने की रणनीति बनाते हुए समाज हित में कार्य करते रहना चाहिए। इस मौके पर समिति के जिला उपाध्यक्ष संतोष पटेरिया, संयुक्त सचिव संतोष कुमार, सलाहकार सचिव प्रेमचंद्र साहू, संगठन सचिव कमलेशचंद्र चौरसिया, संयुक्त जन संपर्क सचिव कृष्णशेकर जोशी सहित समिति के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **अपराध निरोधक समिति की बैठक में बनाई गई रणनीति**
- **ईमानदारी से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया**

फूल देकर सम्मान होगा | स्कूल पहुंचने पर रोली-चंदन से तिलक के बाद हलवे से कराएंगे मुंह मीठा

# परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का पहले दिन होगा स्वागत

कार्यालय संवाददाता, महोबा



परिषदीय विद्यालय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस दफा परिषदीय विद्यालयों की गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद स्कूल खुलने पर पहले दिन बच्चों का अलग अंदाज में स्वागत किया जाएगा। रोली टीका से बच्चों का स्वागत होगा। साथ ही उनको फूल देकर सम्मान किया जाएगा। विद्यालय में प्रथम दिन बच्चों के आने पर उन्हें हलवा खिलाकर उनका मुह मीठा कराया जाएगा, इतना ही नही विद्यालय प्रांगण को रंगोली, झंडी और गुब्बारों से सजाया जाएगा। इस साल बच्चों को शिक्षा के प्रति रूचि लेने और विद्यालय में आने के प्रति उनका रूझान बढ़ाने के लिए यह अनोखी पहल की जा रही है।

जिले में परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्म कालीन अवकाश 24 जून को समाप्त होने के बाद 25 जून से विद्यालय खुलेंगे, लेकिन गर्मी को देखते हुए बच्चे 28 जून को पहले दिन विद्यालय पहुंचेगे। बच्चों के विद्यालय पहुंचने पर उनका विद्यालयों में भव्य स्वागत किया जाएगा। कक्षाओं में प्रवेश करने से पहले बच्चों का रोली, चंदल व चावल से टीका किया जाएगा। विद्यालयों में सजावट करने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रधानाध्यापकों द्वारा गब्बारों, झंडियों व रंगोली का सामान खरीद लिया गया है। विद्यालय खुलने से पहले साफ सफाई भी कराई जा रही है, जिससे बच्चों के आने से पहले परिषदीय विद्यालय चमाचम दिखाई दे।

### छह साल तीन माह के बच्चे ले सकेंगे प्रवेश

स्कूली बच्चों को इस साल प्रवेश के लिए तीन माह का अतिरिक्त समय मिल गया है। अब एक अप्रैल को छह वर्ष तक की आयु पूरी करने वाले बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश में मिलता है, लेकिन इस साल एक जुलाई को छह साल तीन माह की उम्र हो जाने के बाद भी प्रवेश दिया जाएगा। यह छूट वर्तमान शैक्षक सत्र के लिए मान की गई, अगले सत्र में छह वर्ष तक के बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश लिया जाएगा।

मालूम हो कि 25 जून से विद्यालय खोले जा रहे हैं, जहां पर शिक्षक सुबह साढ़े सात बजे से डेढ़ बजे तक विद्यालय में रहकर रजिस्टर के रखरखाव व अन्य कागजातों को तैयार करेंगे। स्कूल खुलने के बाद कक्षा, पुस्तकालय, पानी की टंकी की सफाई, रसोई और शौचालयों की बेहतर व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे 28 जून को स्कूलों में बच्चों के पहुंचने पर सबकुछ ठीक ठाक मिले। इसी उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग ने बच्चों के स्वागत की तैयारियां शुरू करा दी हैं। ऐसे करने से विद्यालय आने के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ेगा। विद्यालय खुलने के बाद बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय परिसर में दो दिन पहले से रंगोली बनाई जाएगी। गुब्बारे और झंडियां लगाकर स्कूलों को सजाया जाएगा।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क बनी दर्द

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा



पाइप लाइन बिछाने के बाद गायब हुई सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत जिले में पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन ठेकेदार द्वारा तमाम सड़कों को खोदकर ही छोड़ दिया गया। कुछ यही हाल कुलपहाड़ के जय बुन्देलखण्ड महाविद्यालय को जाने वाली सड़क का है। योजना के तहत पाइप लाइन बिछाकर सड़क को समतल करने का काम किए जाने से शिक्षकों एवं विधार्थियों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अविलंब सड़क को गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

बताया गया है कि नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा जय बुन्देलखण्ड महाविद्यालय की ओर जाने वाली लगभग पांच सौ मीटर की सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने से निकलना मुश्किल हो गया है। जबकि महाविद्यालय में इस समय परीक्षाएं चल रहीं हैं, जो 30 जून तक सम्पन्न होना हैं। लोगों का कहना है कि वारिश का मौसम शुरू हो गया है, कब वारिश हो जाए कोई ठिकाना नहीं है। ऐसी हालत में सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जायेगा। नमामि गंगे के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद सड़क सही नहीं कराई गई है, जिससे परीक्षार्थियों एवं विधालय स्टाफ में नाराजगी बनी हुई है। उनका कहना है कि इस सड़क से निकलते समय छात्र छात्राओं को खतरा बना हुआ है। स्टाफ की ओर से उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद को प्रार्थना पत्र दिया है।

- **जय बुंदेलखंड महाविद्यालय को जाता है यह रास्ता**

# नगर पालिका ने नहीं उठाया नाला सफाई का ठेका

## 10 कर्मचारियों को लगाकर चला रहे अभियान, बारिश आ गई और कई नाले अभी भी बजबजा रहे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर पालिका ने इसबार नालों की सफाई का ठेका नहीं उठाकर स्वयं के कर्मचारियों से सफाई का अभियान चलवा रखा है। इससे बारिश का मौसम आ गया और नालों की सफाई का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। फतेहपुर के शिवपुरी का बड़ा नाला आज भी गंदगी से पटा पड़ा है। इसके किनारों पर कूड़े और प्रतिबंधित पॉलिथीन का अंबार लगा हुआ है। हालांकि सफाई मामले में जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है और अधिकारी निरीक्षण कर भी रहे हैं।

ऐसा लगता है कि फतेहपुर के शिवपुरी क्षेत्र में नगर पालिका के कर्मचारी कम ही आते जाते हैं। हालांकि बड़ी बात यह है कि नगर पालिका ने इन नालों की सफाई का ठेका नहीं दिया है। उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि वह स्टेशन से आंबेडकर तिराहा व इसके दोनों ओर के नाले तथा कुम्हरौडा स्थित नाले का निरीक्षण कर चुके हैं। कहा जिलाधिकारी ने सभी नालों की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की है। जो स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी को सूचना देंगे। उधर फत्तेपुर के शिवपुरी मोहल्ला निवासी साकेत सैनी, अरविंद, राम बहादुर, नीरज कुमार व बलराम ने बताया कि यहां का बड़ा नाला कूड़ा, कचरा से पटा है।

यहां एक दिन कुछ कर्मी आए थे और तब कुछ कूड़ा ऊपरी परत का निकला था। हालांकि इसी मोहल्ले में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामकिशोर का अभी आवास है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ ने बताया कि नालों के नाम पर लाखों रुपया खर्च किया जाता था, लेकिन उन्होंने अपने 10 सफाई कर्मियों की खुद की गैंग बनाकर सफाई अभियान की शुरुआत कराई। इसमें एक जेसीबी अवश्य लगाई गई है। क्योंकि नाला बड़े हैं और उनकी लंबाई दो से तीन किमी की है। कहा आधे से अधिक नालों की सफाई हो चुकी है और अभियान जारी है। माह के अंत तक सभी नालों की सफाई करना है। सफाई व्यवस्था अच्छी हो इसके लिए कुछ और समय भी लग सकता है।



मौदहा में फत्तेपुर मोहल्ले का कचरे से पटा नाला। अमृत विचार

### नाला सफाई न कराने पर दो साल पूर्व हुई थी कार्रवाई

पिछले दो वर्ष पूर्व नालों की सफाई का 50 लाख से अधिक पूर्व अध्यक्ष ठिकाने लगाकर जनता के साथ खिलवाड़ कर चुके हैं। तत्कालीन जिलाधिकारी इस घोटाले की जांच कराकर अध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी व अभियंता तथा कई ठेकेदारों पर मुकदमा कायम करा चुके हैं।



नाले की सफाई का निरीक्षण करते उपखंड अधिकारी पवन प्रकाश। अमृत विचार

## नालों की सफाई पर अधिकारियों ने दिया जोर, देखी सफाई व्यवस्था

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में उपखंड अधिकारी सदर ने नालों में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। 1 सप्ताह के अंदर कस्बे के सभी नालों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कस्बे में पिछले वर्षों में कई वार्डों में जलभराव हुआ था। इसके चलते सैकड़ों मकान जमींदोज हो गए थे कई मकानों में पानी अंदर घुस गया था इससे कस्बा वासियों को हमीरपुर कालपी हाईवे पर अपना डेरा जमाना पड़ा था। बाढ़ से निपटने के लिए तब हाईवे के डिवाइडर को तुड़वाना पड़ा था। जल भराव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन नालों की सफाई के लिए युद्ध स्तर से जुटा हुआ है। सोमवार को एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक व अतिरिक्त एसडीएम नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अभिमन्यु कुमार ने कस्बे के बेरी रोड, हमीरपुर कालपी हाईवे के नालों में हो रही सफाई का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही एक सप्ताह के अंदर सभी नालों की सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्यास बेग मिर्जा, मोतीलाल लेखपाल आदि मौजूद थे।

## सीसी सड़क पर भरा गंदा पानी लोग परेशान

**पौथिया (हमीरपुर)।** सदर विधायक के पैतृक पौथिया गांव में सीसी सड़क पर गंदा पानी भरने से ग्रामीणों को निकलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रधान से रास्ता ठीक कराने की मांग की है।

बताते चलें कि मेन सड़क से शिवाला मंदिर को जाने वाले रास्ता में संतू के घर के पास लेकर दयाराम गुप्ता के घर तक सीसी सड़क पर नालियों व बरसात का गंदा पानी भरा हुआ है। इससे लोगों को निकलना मुश्किल हो रहा है। इस रास्ते में पानी भरना कोई नई बात नहीं है। विगत क़रीब पन्द्रह वर्षों से यहां का हाल ज्यों का त्यों निरंतर चल रहा है। ग्रामीण आलोक गुप्ता, अजीत गुप्ता, रामकुमार प्रजापति, रज्जू गुप्ता, अभय सचान, अशोक साहू, रामनारायण, सिद्धगोपाल साहू आदि लोगों ने बताया कि नाली संकरी व टूटने के कारण नालियों का गंदा पानी निकल नहीं पाता, जिससे रास्ते पर भर जाता है। गंदा पानी बदबू दे रहा है और मच्छरों का आतंक है। ब्रजेश कुमार ने बताया कुछ वर्ष पहले नालियों का पानी कइया तालाब में जमा होता था। लेकिन अब तालाब अतिक्रमण से घिरा हुआ है, लोगों ने मकान बना लिए हैं। उधर प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने बताया तालाब में कुछ लोगों ने मकान बना लिए हैं।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## नदी-नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भारतीय मजदूर संघ उप्र के आह्वान पर जिला इकाई ने बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उद्देश्य से 8 बिंदुओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसमें मांग की गई कि वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं इसे कम करने के लिए उचित उपाय किए जाएं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर न पड़े।

सोमवार को भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सभी प्रमुख नगरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाला इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाया जाए। नदी-नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचने के लिए उचित उपाय किए जाएं। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए एवं पौधारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों के बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालय में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भूजल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाए। शहरों से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की नियमानुसार उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्रवाई करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम करने की मांग। ज्ञापन देने वालों में संरक्षक विनय सिंह चंदेल, कार्यकारी अध्यक्ष शिवशरण सिंह, मंत्री अत्री शर्मा, कोषाध्यक्ष सूरजभान, रमाशंकर शुक्ला, मीडिया प्रभारी शिवम द्विवेदी, महेश कुमार सैनी, महेश कैशियर, अंकित यादव आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### सांड़ के हमले से अधेड़ गंभीर घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बाराखंबा चौराहे पर टहल रहे एक अधेड़ व्यक्ति पर अन्ना सांड़ ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। कस्बे के जुल्हैटी इलाके का निवासी कालूराम पुत्र गयादीन जो कि कस्बे के बाराखंबा चौराहे पर टहल रहा था। तभी अचानक वहां पर विचरण कर रहे एक अन्ना सांड़ ने कालूराम पर हमला कर दिया। कालूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### मस्जिद से दो मशीन चोरी पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन रागौल की मस्जिद से दो लाउडस्पीकर बजाने की मशीन चोरी होने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी हाफिज रफीक ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह रेलवे स्टेशन रागौल की मस्जिद के मुतवल्ली हैं और बीती 23 जून की रात चोरों ने मस्जिद में लगी लाउडस्पीकर बजाने की दो मशीन चोरी कर ली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## युवक की बेंगलुरु में संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने जाम किया बांदा मार्ग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे के दो युवकों के साथ बेंगलुरु मजदूरी करने गए युवक का शव संदिग्ध हालत में बीते 19 जून को मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर कस्बे में आए। परिजनों ने धर्मेश्वर बाबा के समीप शव को स्टेट हाईवे बांदा मार्ग में करीब ढाई बजे रखकर जाम लगा दिया। परिजन साथ लेकर जाने वाले दोनों युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।



किशोर शर्मा।

सुमेरपुर कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहल्ला निवासी शिवचरन वर्मा ने बताया कि उसके भाई आनंद किशोर वर्मा (32) को मोहल्ले में रहने वाले दो युवक गुजरात में फैक्टरी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर गत फरवरी माह में साथ लेकर गए थे। साथ लेकर गए युवक से गत 17 अप्रैल को विवाद हो गया। इससे दोनों युवक गुजरात से अंबाला चले आए। बताया कि कुछ दिन बाद युवक ने हिसाब करने के बहाने आनंद को बुलाया। इसके बाद गत 19 जून को आनंद किशोर का शव बैंगलोर में काली माई स्टेशन के समीप निर्जन स्थान पर पाया गया। पुलिस से मिली सूचना पर वह बेंगलुरु पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर सोमवार को कस्बे में आए। पीड़ित परिवार ने दोनों युवकों के ऊपर हत्या का आरोप लगाकर शव को बांदा मार्ग में दोपहर करीब ढाई बजे रखकर जाम लगा दिया है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित पक्ष को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। जाम लगने के दो घंटे बाद भी थानाध्यक्ष के समझाने के बाद भी जाम नहीं खुला। परिजन अधिकारियों को बुलाने में अड़े रहे।



बांदा मार्ग में जाम लगाए मृतक के परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

## शराब पार्टी में हुए विवाद पर दो साथियों ने की थी हत्या

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- बीलपुर गांव में 4 दिन पूर्व हुई थी युवक की हत्या

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र के बीलपुर गांव में तीन दिन पूर्व 28 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध हालत में खेतों में पड़ा मिला था। युवक के मुंह में कपड़ा भरा था और दोनों हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। मामले में मृतक की मां की तहरीर पर तीन के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि युवक की हत्या शराब पार्टी में विवाद के बाद दो साथियों ने की थी। हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बीते शुक्रवार को बीलपुर गांव निवासी रामदुलारी ने बताया कि उसके पांच बेटों में सबसे छोटा बेटा लखन (28) गांव में रहकर खाडू की डलियां बनाकर पिता का सहयोग करता रहता था। वह अविवाहित था। गुरुवार देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे घर में खाना खा कर घूमने के लिए बाहर निकला था। जो रात में घर वापस नहीं आया। काफी ढूंढने का प्रयास किया गया। शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि लखन का शव संतोष साहू के खेत में पड़ा मिला है। उसके हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। मुंह में कपड़ा भरा हुआ था।

मामले में मृतक की मां राम दुलारी की तहरीर पर गांव के सन्तु, आकाश व केशव के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। हत्या के खुलासे के लिए टीमें गठित की गईं। थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि जांच के दौरान गांव के संजय व राजेश के नाम प्रकाश में आये। सोमवार को सरीला ममना तिराहे से दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो दोनों ने हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि शराब पार्टी में हुये विवाद में उन्होंने लखन की हत्या कर शव को गांव के पास खेत में फेंक दिया था।

## सार-संक्षेप



मृतक के परिजनों से मिलते पूर्व मंत्री बादशाह सिंह। अमृत विचार

### मृतकों के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री, बंधाया ढांढस

**पौथिया (हमीरपुर)।** सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के पौथिया गांव में गुरुवार को बेतवा नदी में नहाने गए 3 बच्चों हर्षित, रोहित, सौरभ की नदी में डूबने से एक साथ मौत हो गई थी। घटना के बाद राजनीतिक लोगों का मृतक के परिजनों से मिलना लगातार जारी है। रविवार को देर शाम पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने अन्य सपा कार्यकर्ताओं के साथ परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग से पढ़ाई व भवन निर्माण संबंधित योजना का लाभ मिलता है। करीब दो दो लाख रुपये आर्थिक मदद मिलेगी। जहां भी कोई परेशानी हो मुझे बताइए। मैं फोन से अधिकारियों को अवगत करा दूंगा। इस मौके पर पर प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान लल्लू महाराज, आनन्द अशोक सचान पूर्व प्रधान, राजू सचान पूर्व प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।



तिरंगा लगाने के लिए भूमि पूजन करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर।

### मनकी तिराहे में लगा 30 मीटर ऊंचा तिरंगा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के मनकी तिराहे में 30 मीटर ऊंचा तिरंगा लगाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इसके लिए भूमि पूजन किया है। कस्बे के मनकी तिराहे में सोमवार को सुबह से ही तिरंगा लगाने को लेकर तैयारी जोर-शोर से चलती रहीं वहीं शाम 5 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक व नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने भूमि पूजन कर 30 मीटर ऊंचे तिरंगा के स्थापना कार्य की शुरुआत की। भूमि पूजन करने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने कुदाल से गड्ढा खोदकर 30 मीटर ऊंचे तिरंगा को लगाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, देवेंद्र सिंह चंदेल, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अभिमन्यु कुमार, बबलू सिंह सेंगर, बृज किशोर गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष, लिपिक नरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध पांडे, अमित द्विवेदी, राम लखन, हरनारायण व कस्बा के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अनदेखी से अराजकतत्वों का अड्डा बना पावर हाउस

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बिदोखर सब स्टेशन में तैनात विद्युत कर्मियों की अनदेखी से सब स्टेशन अराजकतत्वों का अड्डा बन गया है।

शराब के शौकीन लोग यहां रात दिन अड्डा जमाये रहते हैं और नशे में धुत होकर गाली-गलौज करके अराजकता पैदा करते हैं। बिदोखर सब स्टेशन में तैनात संविदा विद्युत कर्मी मनमानी पर उतारू हैं। एसएसओ से लेकर लाइनमैन ने अधिकारियों के आदेशों को दरकिनार करके पावर हाउस को अराजक तत्वों का अड्डा बना रखा है। सुबह से लेकर देर रात तक यहां शराब की महफिल सजती है इससे आए दिन यहां विवाद होते हैं। बिदोखर पुरई निवासी रूपेंद्र यादव ने बताया कि वह सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे पावर हाउस में विद्युत कनेक्शन की रसीद की फोटोकॉपी जमा करने गया था।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** फेरी करके वापस कस्बे में लौट रहे बाइक सवार दुकानदार को तेज रफ्तार कार इंगोहटा तिराहे के समीप एक्सीलेंट डिग्री कॉलेज के पास जोरदार टक्कर मारकर खड्ड में जा गिरी। इस घटना में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया।

कस्बे के ईदगाह का निवासी शरीफ उद्दीन 35 वर्ष बाइक लेकर गांव गांव जाकर रेडीमेड कपड़ों की फेरी लगाकर जीवन यापन करता है। सोमवार को यह मौदहा क्षेत्र के गांवों में फेरी लगाने गया था। करीब 2 बजे यह फेरी लगाकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इंगोहटा तिराहा के समीप एक्सीलेन्ट कॉलेज के सामने हाईवे में तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और हाईवे किनारे खड्डु में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में शरीफ उद्दीन हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद कार में सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गये।



हाईवे किनारे खड्डु में गिरी क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**पीएम कुसुम योजना** — निजी नलकूपों में अनुदान पर किसान लगवा सकते हैं सोलर पंप, किसानों को फोन के जरिए ठगी का शिकार बनाने की भी हो रही कोशिश

# शासन ने लक्ष्य दिया 820, ऑनलाइन आवेदन आए 80

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** निजी नलकूपों को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए कृषि विभाग किसानों को अनुदान पर सोलर पंप लगाने को प्रेरित कर रहा है। इस योजना के तहत 820 लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक विभिन्न क्षमता के सोलर पंप के लिए 80 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। इधर आवेदन कर चुके किसानों को फोन के जरिए ठगी का शिकार बनाने की कोशिश की जा रही है। कृषि निदेशालय की ओर से कहा गया हैं कि विभागीय पोर्टल पूरी तरह पारदर्शी है। किसी भी जानकारी के लिए कृषि विभाग से संपर्क करें।

जिले में किसानों को विभागीय पोर्टल पर वेब साइट www.upagriculture.com पर विभिन्न क्षमता के सोलर पंप के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में 820 निजी नलकूपों में कृषि विभाग को अनुदान पर सोलर पंप लगवाने हैं। इनमें 80 किसानों ने ही योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए हैं। उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 820 सोलर पंप का लक्ष्य दिया है। इसमें अभी तक 80 किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग की हैं। बताया ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरांत टोकन मनी के रूप में उन्हें 5 हजार रुपये ऑनलाइन जमा करने होंगे। चालान के माध्यम से अवशेष कृषक अंश की धनराशि 14 दिन के अंदर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी। 3 एचपी एवं 5 एचपी के लिए 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एचपी के लिए 8 इंच की क्रियाशील बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग कृषक की खुद की होगी। सत्यापन में उपर्युक्त बोरिंग न पाए जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। 150 फीट की गहराई के लिए तीन एचपी व 200 फीट की गहराई के लिए 5 एचपी एवं 300 फीट तक की गहराई के लिए 7.5 एचपी व 10 एचपी के सोलर पंप उपयुक्त होते हैं। कृषक द्वारा सोलर पंप स्थापित होने के पश्चात स्थल परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि स्थल परिवर्तन किया जाता है तो संपूर्ण अनुदान की धनराशि संबंधित किसान से वसूल कर ली जाएगी।

उन्होंने किसानों से कहा है कि अधिक से अधिक टोकन की बुकिंग कर योजना का लाभ उठाएं। बताया कि कृषि निदेशालय की ओर से पत्र आया है। जिसमें कहा गया है कि पीएम-कुसुम योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सोलर पंप के लिए ऑनलाइन कृषकों का आवेदन विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें अब तक बुकिंग किए गए आवेदनों को टोकन 25 जून को कंफर्म किया जाना हैं। कृषकों के चयन एवं टोकन कंफर्म करने की व्यवस्था ऑनलाइन हैं। टोकन कंफर्म करने के पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से जाता है।

### विभिन्न क्षमता के सोलर पंप पर एक नजर (धनराशि रुपये में)

| प्रकार व क्षमता | निर्धारित मूल्य | अनुदान |
|---|---|---|
| 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल | 2,32,721 | 1,39,633 |
| 3 एचपी एसी सबमर्सिबल | 2,30,445 | 1,38,267 |
| 5 एचपी एपी सबमर्सिबल | 3,27,498 | 1,96,499 |
| 7.5 एचपी एसी सबमर्सिबल | 4,44,094 | 2,66,456 |
| 10 एचपी एसी सबमर्सिबल | 557620 | 266546 |

### फ्रॉड कॉल से सचेत रहें किसान

- कहा कृषि निदेशालय के संज्ञान में आया है कि विभिन्न मोबाइल नंबरों से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सोलर पंप के लिए आवेदन कर चुके किसानों के पास फ्रॉड कॉल किया जा रहा है। किसी भी फोन कॉल के फ्रॉड में न आएं। किसी प्रकार की समस्या आने पर कृषि भवन में संपर्क स्थापित करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनकी खुर्द वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक/मेमो/ पंचम/ पंद्रहवा वित्त 2024–2025 दिनांक–24/06/2024

**निविदा सूचना**

पंचम/पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 30/06/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 01/07/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी। टेण्डर दाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक/ गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/ कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 59.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 00.70 M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 7.26 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 1.49 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 00.00 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा | 8300.00 नग |
| 7 | सरिया | 0.95 क्विंटल |

नोट– उक्त सामग्री स्टीमेट के अनुसार कार्य स्थल पर देय होगी।

सचिव– ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकी खुर्द
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

प्रधान– ग्राम पंचायत मनकी खुर्द
विकास खण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

## एक नजर

### फावड़ा मारकर किया घायल

**अतर्रा।** कस्बे निवासी बबलू सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपने घर की छत पर बैठा था। तभी बरछा ब गांव निवासी दबंग उसके घर के अंदर जबरन घुस आया। उसके साथ दो महिलाएं व एक व्यक्तित् साथ थे। अचानक उन लोगों ने उस पर फावड़ा से हमला कर दिया। उसका सिर फट गया। पुलिस ने घायल की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### सर्पदंश से बालिका की मौत

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मुकेरा गांव निवासी उमाशंकर की 8 वर्षीय पुत्री काजल रविवार की रात अपनी मां रातरानी के साथ छत पर सो रही थी। तभी सर्प ने डस लिया। सुबह उसकी हालत खराब हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो ने खाया जहर

**महोबा।** शहर के मोहल्ला समद नगर निवासी यश 20 पुत्र विनोद कुमार ने रविवार को घर पर जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को जहर खाने की बात बताई। इससे परिजन बुरी तरह घबरा गए और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दो दिन तक भर्ती रहने के बाद सोमवार को उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाह पहाड़ी निवासी अनीता 23 पत्नी रामकिशन ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# 15 जुलाई से शिक्षक और छात्रों की लगाई जाएगी ऑनलाइन हाजिरी

## 1459 परिषदीय विद्यालयों के लिए 12 तरह के डिजिटल रजिस्टरों पर होगा काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने भेजा आदेश, जल्द बांटे जाएं टैबलेट के लिए सिम

**अमृत विचार।** प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स नाम से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। अब 15 जुलाई से 12 तरह के रजिस्टरों पर काम डिजिटल तरीके से होगा। शिक्षकों व कर्मियों की हाजिरी भी हर रोज दो बार ऑनलाइन लगेगी। छात्र-छात्राओं की भी उपस्थिति इसी में शामिल होगी। इसका आदेश महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जारी कर दिया है। जनपद में 1459 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इसके अलावा छात्राओं के लिए पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भी चल रहे हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने पत्र में कहा है कि पूर्व में शिक्षकों को टैबलेट व स्मार्ट फोन दिए जा चुके हैं। उन्होंने बीएसए को निर्देश दिए हैं कि जल्द ही सिम का वितरण भी किया जाए। उसमें नेटवर्क की समस्या न बने। डिजिटल उपस्थिति पंजिका में विद्यालयों में कार्यरत सभी अध्यापकों/कार्मिकों की ओर से हर रोज अपनी हाजिरी विद्यालय आगमन व प्रस्थान का समय अंकित कर लगानी होगी। 25 जून से सभी परिषदीय स्कूल शिक्षकों के लिए खुल रहे हैं।

28 से विद्यार्थियों को बुलाया गया है। इसलिए 25 तारीख से ही परिषदीय और केजीबी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका व एमडीएम पंजिका केवल डिजिटल रूप में ही चलेगी। स्टॉक पंजिका व आय-व्ययक एवं चेक इश्यू पंजिका अग्रिम आदेश तक भौतिक प्रारूप में ही मान्य होगी।

निरीक्षण पंजिका भौतिक रूप में ही चलेगी। हालांकि सभी पंजिकाएं प्राथमिक, जूनियर, कंपोजिट विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 15 जुलाई से डिजिटल रूप में अद्यतन की जाएंगी। एसआरजी, एआरपी, डीसी प्रशिक्षण व एमआईएस, सभी शिक्षक व बीईओ को डिजिटल पंजिकाओं के प्रयोग को लेकर राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि पत्र मिल गया है। आदेश का पालन कराने के लिए सभी बीईओ को निर्देश दिए गए हैं।

### इन पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन हुआ

- उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र हाजिरी पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉक पंजिका, आय-व्यय एवं चेक इश्यू पंजिका (बजटवार), बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका, पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका।

### इस तरह लगानी होगी हाजिरी

- शिक्षकों को पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक स्कूल पहुंचने की हाजिरी सुबह पौने आठ से आठ बजे तक लगानी होगी। स्कूल से निकलने पर दोपहर सवा दो से ढाई बजे तक हाजिरी भरनी होगी। वर्तमान में स्कूल जाने का समय अलग है इसलिए सुबह सवा सात से साढ़े सात बजे और स्कूल से जाने पर दोपहर डेढ़ से पौने दो बजे तक उपस्थिति लगेगी। इसके अलावा पहली अक्टूबर से 31 मार्च तक हाजिरी सुबह पौने नौ से नौ बजे तक और प्रस्थान पर दोपहर सवा तीन से साढ़े तीन बजे तक लगेगी। टैबलेट या स्मार्ट फोन को जियोफेसिंग के जरिए पहचाना जाएगा। पोर्टल पर हाजिरी दर्ज करते समय अध्यापक या प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में ही उपस्थित रहना जरूरी है। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व अन्य कर्मियों की हाजिरी ऑनलाइन प्रमाणीकरण प्रधानाध्यापक ही करेंगे।

### छात्रों के लिए यह है नियम

- छात्रों की हाजिरी पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह आठ से नौ बजे तक लगेगी। वर्तमान में सुबह साढ़े सात से साढ़े आठ बजे तक का आदेश चल रहा है। पहली अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ से 10 बजे तक बच्चों की हाजिरी लगाई जाएगी।

## अंडरपास का निर्माण कार्य बरसात बाद कराए जाने की मांग

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** इंगोहटा गांव के लोगों ने अरतरा मार्ग में पड़ने वाले रेलवे गेट संख्या 25 में अंडरपास का निर्माण बरसात बाद कराने की मांग को लेकर डीएम से गुहार लगाई है। लोगों का कहना है कि बरसात में खुदाई होने से आवागमन ठप हो जाएगा। जिससे किसानों की खेती प्रभावित होगी। रास्ता बंद होने से क्षेत्रीय जनता को भारी मुसीबत झेलनी पड़ेगी।

इंगोहटा निवासी राघवेंद्र सिंह, अशोक मिश्र, उदय प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, श्यामसुंदर आदि ने डीएम राहुल पाण्डेय को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि इंगोहटा अरतरा मार्ग में पड़ने वाले रेलवे गेट संख्या 25 में अंडर ब्रिज का निर्माण होना है। रेलवे विभाग काम शुरू करने की तैयारी में है और मशीनें भी आ चुकी हैं। बताया कि बरसात का मौसम आ चुका है। रेलवे लाइन के उस पार सैकड़ों किसानों की खेती पड़ती है। यदि अंडर ब्रिज का कार्य हुआ तो खेती नहीं हो पाएगी। ग्रामीणों ने बरसात बाद ब्रिज का निर्माण कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि जिलाधिकारी ने इस संबंध में रिपोर्ट भी तलब की है। वहीं गांव के लोग अंडर ब्रिज से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि रेलवे लाइन में जहां जहां अंडरपास बने हैं। वह सफल नहीं है।

## सार-संक्षेप



प्रेसवार्ता में जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी। अमृत विचार

### सवर्ण बिरादरी के नेताओं को जोड़ेगा इंडिया गठबंधन

**मौदहा (हमीरपुर)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी व अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अब्बास खान ने पत्रकार वार्ता कर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी समर्थन मिलने के साथ ही पार्टी का आधार बढ़ने पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। कहा पार्टी का मानना है कि लोकसभा का मध्यावधि चुनाव भी आगामी कुछ समय में हो सकता है। इसके लिए पार्टी अभी से तैयारी में जुट गई है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से यह संदेश दिया गया कि सवर्ण मतदाताओं का रुझान अधिकांशत: भाजपा की ओर था। पार्टी ने अब इस वर्ग के नेताओं को विकसित करने व विशेष रूप से उनकी समस्याओं और इन पर ध्यान देने पर भी जोर दिया है। संयुक्त रूप से किए गए पत्रकार वार्ता में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आगामी चुनाव में भी इंडिया गठबंधन केंद्र सरकार बनाने के लिए मजबूती से चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर डॉ शाहिद अली, राजू शफकत उल्लाह, गुलाम मुर्तजा, विवेक चंद, मुन्ना, तबीब मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते छात्र। अमृत विचार

### अवैध प्रदर्शनी के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा

**बांदा।** पंडित जे एन डिग्री कॉलेज के खेल मैदान में लगी प्रदर्शनी में छात्रों का आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने प्रदर्शनी को परमिशन दे दी है, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य से इस मामले में जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि यह प्रदर्शनी हमारी अनुमति के बिना लगाई गई है। छात्र नेता एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सनी पटेल के नेतृत्व में आज छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। छात्रों ने मांग की है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद खेल के मैदान को व्यापार के लिए उपयोग किया जा रहा है। महाविद्यालय में छात्रों की परीक्षाएं चल रही है। प्रदर्शनी की वजह से परीक्षाएं बाधित हो सकती है। पुलिस व सेवा में भर्ती के लिए छात्र व छात्राएं इसी मैदान पर अपनी तैयारी करते हैं। महाविद्यालय से भी किसी भी तरह की परमिशन नहीं ली गई। यदि जल्द ही प्रदर्शनी को नहीं हटाया जाता है। तो छात्र आमरण अनशन करेंगे छात्र नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों को मुख्यमंत्री तक भेजा है।

### पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रस्तावित केंद्रों की होगी गोपनीय जांच

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजन को लेकर बैठक हुई। जिले में प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की पुलिस गोपन विभाग (एलआईयू) के माध्यम से भी जांच कराए जाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश डीआईओएस पवन कुमार श्रीवास्तव को दिए। पुनर्गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, अपर जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी परीक्षा, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला स्तरीय एनआईसी अधिकारी, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा, उप जिलाधिकारी सदर बैठक में मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपने जाते पेट्रोल पंप संचालक। अमृत विचार

# पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पेट्रोलियम एसोसिएशन ने पेट्रोल पंपों में सुरक्षा उपलब्ध कराने को कहा

**अमृत विचार।** पेट्रोल पंप डीलरों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि बीती 20 जून को मंडल कारागार के निकट पेट्रोल पंप में तीन अराजकतत्वों द्वारा सेल्स मैन के साथ मारपीट व जानमाल की धमकी दी गई थी, जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए और पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए।

बांदा पेट्रोलियम एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे के नेतृत्व में पेट्रोल पंप डीलरों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए 6 सूत्रीय ज्ञापन में कहा है कि 20 जून को बाँदा-महोबा मार्ग में मंडल कारागार के निकट स्थित पेट्रोल पंप में तीन अराजकतत्वों द्वारा सेल्स मैन के साथ मारपीट की गई और उसे जानमाल की धमकी दी गई है। उन्होंने बताया कि यह अराजकतत्व घटना से पूर्व एक बोतल में पेट्रोल लेने आया था, मना किए जाने पर वह उत्तेजित हो गया और धमकी देकर चला गया। थोड़ी देर मे अन्य अराजकत्वों के साथ उसने आकर सेल्स मैन के साथ मारपीट की। जिसकी सूचना 21 जून को थाना कोतवाली में दर्ज करा दी गई है। पेट्रोल पंप डीलरों ने कहा कि इस घटना से पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारियों में भय व्याप्त है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना का मुख्य अभियुक्त तीसरी बार भी पेट्रोल पंप में आया और गाली गलौज करने लगा, जिस पर कर्मचारियों ने उसे पकड़कर चैकी इंचार्ज के सुपुर्द कर दिया है। डीलरों का कहना है कि पेट्रोलियम आउटलेट भारत सरकार का प्रतिष्ठान है जो आवश्यक सेवा प्रदान करता है। वहां से निरंतर वित्तीय गतिविधियां संचालित होती है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। पेट्रोल पंपों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में में मृदुला शुक्ला के साथ सुधीर सिंह, विवेक त्रिपाठी, आदित्य सिंह, संतोष ढढांरिया, नागेंद्र लाला सिंह, शरद गुप्ता, मोहित कुमार उपस्थित रहे।

# नई शिक्षा नीति के अनुरूप सामग्री पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** संत तुलसी पब्लिक स्कूल इन्दिरा नगर बांदा में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शिक्षक- शिक्षिकाओं में शिक्षण कौशल को अद्यतन व नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विद्यालय प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता की प्रेरणा व कार्यकारी प्रबन्धक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व डायरेक्टर जगनायक यादव के निर्देशन में चार दिवसीय विशेष कार्यशाला प्रारम्भ हुई।

कार्यशाला का शुभारम्भ मैकमिलन एजूकेशन एडवांस लर्निंग के रिसोर्स परसन डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव प्राचार्य सेंट मेरी आर्थोडाक्स स्कूल कानपुर व निखिल निगम ने किया । कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व संत तुलसी दास जी को पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। अनुपमा श्रीवास्तव ने बच्चों के लिये उपयोगी गतिविधियों पर आधारित कहानियों के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रेरित किया गया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण सामग्री पर फोकस किया गया। स्कूल की तीनो शाखाओं सिटी ब्रांच, ओल्ड बिल्डिंग सहित न्यू बिल्डिंग के 75 से ज्यादा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं आयोजित समूह गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। डायरेक्टर जगनायक यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके क्रांतिकारी योगदान की सराहना करते हुए स्कूल परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।



कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा सुन हुए भावविभोर

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में शतचंडी महायज्ञ के आयोजन में विभिन्न कार्यक्रम हुए। सोमवार को रामकथा व श्रीमद भागवत कथा महापुराण का समापन हो गया।

कस्बे के समाज सेवी शिवनारायण तिवारी द्वारा प्रति वर्ष शतचंडी महायज्ञ एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष तेरह जून से पच्चीस जून तक तेरह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमे दो दिन आल्हा गायन कार्यक्रम व नारी सम्मान, शिक्षक सम्मान, बुजुर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद रात्रि में रामलीला मंचन, श्री मद भागवत कथा महापुराण, व रामकथा का आयोजन किया गया। जो कि तेरह दिन तक चलता रहा। बाल कथा व्यास कुमारी तेजस्वनी तिवारी व बाल कथा व्यास मार्तंड तिवारी ने भागवत कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। सोमवार को श्रीमद भागवत कथा महापुराण कथा में श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा के साथ समापन हुआ। मंगलवार को शतचंडी महायज्ञ का समापन पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



कुरारा कस्बे में श्रीमद्भागवत कथा सुनाती कथा व्यास तेजस्विनी तिवारी।

## साल भर में चार प्रतिशत बढ़ा सारस का कुनबा

**कन्नौज।** पिछले एक साल में जिले में सारस का कुनबा चार प्रतिशत तक बढ़ा है। इस बार 20 व 21 जून को कराई गई गणना में जिले में 786 सारस पाए गए हैं, जबकि पिछले साल 757 सारस ही मिले थे।

सोमवार को प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार सेठ ने बताया कि 20 एवं 21 जून को चार चरणों में हुई सारस की गणना में जनपद में कुल 786 सारस पाए गए हैं, इसमें वयस्क एवं बच्चे शामिल हैं। यह सारस जनपद के वेटलैंड्स, कृषि भूमि, नहर के किनारे की भूमि, तालाबों, पोखरों इत्यादि स्थानों में देखे गए हैं। पिछले वर्ष ग्रीष्मकालीन सारस गणना में जनपद में 757 सारस पाए गए थे। इस बार 29 सारस बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि किसान सारस के अंडों को संरक्षित करें, जिससे कि हर साल इनकी संख्या बढ़े।

# स्थानांतरण के लिए शिक्षकों के आवेदन शुरू, कल अंतिम दिन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राजकीय माध्यमिक स्कूलों में तैनात प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को मिलेगा लाभ
- पहले दिन तीन आवेदन आए, 25 से 27 जून तक डीआईओएस करेंगे अग्रसारित

**अमृत विचार।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में तैनात प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों के ऑनलाइन तबादले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षक 26 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले दिन तीन आवेदन आए हैं।

अपर शिक्षा निदेशक अजय द्विवेदी ने जारी किए पत्र में कहा है कि 25 से 27 जून तक प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों के आवेदन पत्रों को डीआईओएस अच्छी तरह से परीक्षण करेंगे। उसके बाद उनको अग्रसारित करना होगा। डीआईओएस के लिए आवेदन को स्वीकार व निरस्त करने का विकल्प होगा। 27 जून को ही उप निदेशक (महिला)/ अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) उन आवेदनों को जो डीआईओएस की ओर स्वीकार या अस्वीकार किए गए हैं को संकलित कर समिति के समक्ष परीक्षण के लिए प्रस्तुत करेंगे। 28 जून को मानव संपदा पोर्टल के जरिए प्राप्त आवेदनों को गठित समिति की ओर से गुणांक या मानक के आधार पर परीक्षण कर मेरिट तैयारी कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। 30 जून तक प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों का स्थानांतरण आदेश अपर शिक्षा निदेशक की ओर से ऑनलाइन जारी होगा। पत्र में कहा गया है कि 31 मार्च 2021 के बाद नियुक्त शिक्षक या शिक्षिका ऑन्लाइन स्थानांतरण के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। वरीयता क्रम में तबादले के लिए अधिकतम पांच विकल्प दिए जा सकते हैं। पत्र में असाध्य बीमारी, बच्चे या परिजन में कोई दिव्यांग या असाध्य बीमारी से पीड़ित हैं तो 50-50 का गुणांक निर्धारित किया गया है। पति-पत्नी नियमित कार्मिक और सैनिक, अर्द्धसैनिक, केंद्रीय सेवा के कार्मिक हैं और प्रदेश में तैनात हैं तो 30-30 गुणांक, 31 मार्च 2024 को 58 साल पूरी करने वालों को 20 और इतने ही अंक बच्चे अगर मंदित या चलन क्रिया से प्रभावित हैं का गुणांक होगा। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने तबादले के लिए नोडल अधिकारी राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता को बनाया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**हिदायत** मंडलायुक्त बोले-निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में करें संरक्षित, जल संरक्षण के लिए करें व्यवस्था

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूरा कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने चित्रकूटधाम मंडल के चारों जनपदों में कराए जा रहे विकास कार्यों समेत कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में आने वाली शिकायतों का समय के साथ निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

आयुक्त ने कार्यालय सभागार में सोमवार को आयोजित मंडलीय बैठक में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। आयुक्त ने पुल व सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए नई सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ कराये जाने तथा निर्माण की गयी सड़कों की सूची भी प्रस्तुत करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं आरईएस के द्वारा निर्माण की जा रही सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। आयुक्त श्री त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारियों को अवशेष आवासों को शीघ्र पूरा कराये जाने के निर्देश दिये और यह निर्माण कार्य जुलाई माह तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को हर घर नल जल योजना अंतर्गत जलापूर्ति रोस्टर के अनुसार कराने को कहा। साथ ही क्रास चेकिंग किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जल निगम द्वारा टूटी सड़कों को वर्षा से पूर्व गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराकर ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बाढ चैकियों की स्थापना एवं बचाव कार्य की तैयारियां भी किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि निराश्रित गौवंशों सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर न घूमने पायें। उन्हें गौशालाओं में सुरक्षित रखा जाए तथा उनके लिए चारे, पानी, छाया आदि की समुचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों को सहभागिता योजना के अन्तर्गत गायों को दिया गया है, उनका भुगतान उन्हें समय से कराया जाए। इसी प्रकार से उन्होंने वर्षा जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के लिए समय से व वर्षा से पूर्व गड्ढे की खुदान के साथ सभी विकास खंडों में पौधरोपण के लिए स्थान चिन्हित कर लिए जाए।

उन्होंने वृक्षारोपण में विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों के पौध की तैयारी एवं फलदार वृक्षों का रोपण भी कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने वर्षा जल संरक्षण के लिए मेड़बंदी, तालाबों की खुदाई व खेत-तालाब के अन्तर्गत जल संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थायें कराये जाने की निर्देश दिए।



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार



अपराध समीक्षा बैठक करते डीआईजी व एसपी। अमृत विचार

### अपराध नियंत्रण को किए जाएं प्रभावी उपाय : डीआईजी

**बांदा।** चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यालय सभागार में परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपराधों के नियंत्रण में हर संभव प्रयास किए जाए। इसके अलावा जन शिकायतों तथा आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता के साथ और प्रमुखता से निस्तारण किया जाए। इसमें इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाए कि इसमें शिथिलता नहीं आनी चाहिए। डीआईजी श्री सिंह ने आपरेशन कन्वेंशन, आपरेशन दृष्टि, आपरेशन त्रिनेत्र वर्जन-2 में कार्रवाई के संबंध में तथा शासन द्वारा प्रचलित लाल, नीली बत्ती, हूटर, प्रेसर हार्न, सायरन आदि के लिए चेकिंग अभियान, यातायात नियमों का पालन कराने तथा अतिक्रमण के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षकों को दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डा .दीक्षा शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा सत्यम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्द इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर ख़ुशी से फूल नहीं उठता, और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुण्ड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।।

## संपादकीय

# विपक्ष की एकजुटता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक की शुरुआत में कामकाज को लेकर स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार सहमति के साथ चलने का प्रयास करेगी। देश जिम्मेदार विपक्ष चाहता है और देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि विपक्ष इस बार लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे। गौरतलब है कि आठ कार्य दिवसों के छोटे सत्र में पहले दो दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, उसके बाद लोकसभाध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शामिल है। इस छोटे सत्र में प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। विपक्ष कितना आक्रामक हो सकता है, इसका इशारा राहुल गांधी ने यह कहकर दे दिया है कि कांग्रेस देश की जनता के समर्थन से किसी भी कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी। साथ ही विपक्ष ने आपातकाल वाले बयान को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। भाजपा की संख्या अभी भी कांग्रेस से दोगुनी से अधिक है, लेकिन सत्तारूढ़ दल पूर्ण बहुमत से दूर है। इस बार दो दलों के समर्थन पर टिकी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा।

नए सदन में कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी इतनी है कि सरकार विपक्ष की उपेक्षा नहीं कर पाएगी। खासतौर पर संवेदनशील मसलों पर। 2014 के बाद पहली बार कांग्रेस आधिकारिक तौर पर नेता पद का दावा करने के लिए पात्र होगी। नई लोकसभा में सरकार का एजेंडा 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक में स्पष्ट करेंगी। उसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की जाएगी और 2 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर अपना जवाब देंगे। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा। जाहिर है अगर विपक्ष चुनाव पूर्व हुए गठबंधन को बरकरार रखने में कामयाब रहता है तो वह महत्वपूर्ण सवाल खड़े करने की स्थिति में होगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

# अतीत से बोझा नहीं जीवन की ऊर्जा लेनी है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

लोकजीवन में घटनाएं घटती हैं और अपने चिह्न सामूहिक-स्मृतियों में छोड़ जाती हैं, समष्टिस्मृति की वाचिक-परंपरा बहती रहती है। समय की गति के साथ स्मृतियों में अभिप्राय (मोटिफ) ढलते रहते हैं। समसामयिक इतिहास भी है, क्योंकि बीते हुए कल में से आज निकला है, आज में से आने वाला कल निकलेगा। यही जीवन की निरंतरता है। जीवन में स्मृतियों की भूमिका निर्णायक होती है। स्मृतियां जीवन के साथ चलती हैं, व्यक्ति से व्यक्ति मे, व्यक्ति से समूह में, एक समूह से दूसरे समूह में, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में चलती रहती हैं। देश-काल में संक्रमण करती रहती हैं। श्रुति-स्मृति की परंपरा।

यह बात दूसरी है कि इस चला-चली में संदर्भ बदलते हैं, परिस्थितियां बदलती हैं और इस अदल बदल में अनेक विसंगतियां, विस्मृतियां, विकृतियां, प्रक्षेप और अन्य दोष भी आते रहते हैं जैसे एक व्यक्तित्व पर दूसरे व्यक्तित्व का अध्यारोप और चमत्कार। लोकमेधा यथावसर उनका परिहार और परिष्कार भी करती है। जगत सेठ रामजी दास गुड़वाले स्वतंत्रता-संग्राम के पहले शहीद थे। उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ा, उन पर शिकारी कुत्ते छुड़वाये और फिर चांदनी चौक की कोतवाली के सामने फांसी पर लटका दिया था यह कहानी दिल्ली की लोककथा ही तो है। यदि आपके इतिहास में यह कहानी नहीं है तो आपके इतिहास को अधूरा क्यों न कहा जाय? बुन्देले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। लोकमन अपनी मान्यता और विश्वास के लिए कहानी गढ़ लेता है।

बादशाह अकबर ने तानसेन से पूछा-क्या तुमसे भी अच्छा गाने वाला कोई है? तानसेन बोला-जहांपनाह, मैं क्या हूं, जो मेरे गुरु स्वामी हरिदासजी हैं? उनको बुलवाओ, बादशाह ने कहा। जहांपनाह, वे तो अकिंचन हैं, उन्हें दरबार से क्या लेना? बादशाह तडप उठा, ठीक है, तो हम ही निधिवन चलेंगे। तानसेन बोला-बादशाह बन कर चलेंगे तो संगीत सुनने को नहीं मिलेगा। वे तो अपने आराध्य के रस में डूबे हैं। बादशाह आम आदमी बन कर तानसेन के पीछे-पीछे निधिवन पंहुचा। जब गायन सुन कर लौटा तो बोला-तानसेन, तुम ऐसा क्यों नहीं गा सकते? तानसेन ने कहा, मालिक। मैं आपको खुश करने को गाता हूं, मेरे मन में लालच है, वे क्षुद्र वासनाओं से ऊपर जा चुके हैं, वे बादशाहों के बादशाह के गायक हैं।

> एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दु:खों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है।

इतिहासकार घटनाओं की पूर्वापरता को महत्त्वपूर्ण बतलाते हैं और इसके लिए वे पुरातात्त्विक और लिखित -साक्ष्य को प्रामाणिक मानते हैं, यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और इसमें किसी का मतभेद नहीं हो सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक तथ्य के बावजूद क्या कारण है कि किसी भी युग और सत्ता की प्रवृत्तियों को लेकर उन इतिहासकारों के परस्पर मतभेद हैं? शायद ही कुछ ऐतिहासिक तथ्य हों, जिनमें वे एकमत हों। क्या इसका कारण यह है कि इतिहास-लेखन व्यक्ति स्तर पर किया जाता है और यदि इतिहासकार सामूहिकता से ओतप्रोत नहीं है तो व्यक्तिहित का भाव अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

क्या यह सच नहीं है कि इतिहासकार पर परिवेश और सत्ता का दबाव होता है, उस दबाव से उसकी दृष्टि बनती है। हिटलर के जमाने में शारीरिक-मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानव जीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। आग्रह-शून्य होना बहुत कठिन होता है। ममता का विसर्जन हो सके, दबावों को नकार सके, यह बहुत ही बलवान-चरित्र का लक्षण है। सवाल तो यह है कि वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है? आर्य शब्द इतना पुराना है किन्तु प्रजाति के अर्थ में उसका प्रयोग कहीं नहीं है। उन्होंने मजहब के ऐसे पेच डाल दिए कि लड़ते रहो। जाति के आधार पर राजनीति करने वाले सत्ता में आए तब उनका जयजयकार करने- वाले इतिहासकारों ने कहा कि यहां तो जाति और वर्ण आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहे है, सो प्रत्येक जाति और वर्ण एक दूसरे से घृणा करते रहो, लड़ों और बदला लो। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़ कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं जनता की एकता को तोड़ना, जनता को लड़वाना, घृणा और वैमनस्य का विस्तार करना, मिथ्या-सिद्धांतों के स्टैचू खड़े करने में यह इतिहास सत्ता के बहुत काम आता है।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दुःखों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है। सत्ता की छत्रछाया में लिखा गया इतिहास जाल ही नहीं, जंजाल है,जैसे आतंकवादी अपने घर में अवैध अस्त्र और विस्फोटक बनाने का काम करते हैं, वैसे ही ये इतिहास भी अवैध अस्त्र और विस्फोटक का काम करता है। वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए वे लोग इतिहास के खेत में जाति और धर्म-वैमनस्य के जहर की खेती कर रहे हैं, किन्तु क्या यहां सामंजस्य-समन्वय का अमृत था ही नहीं? देखें तो सही भारत के लोकजीवन में अन्तर्भुक्तियों का इतिहास कितना व्यापक है?

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया?

जनता का इतिहास केवल द्वन्द्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है, समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर,पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, व ह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोकजीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है, जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके,सामंजस्य-भाव को खोज सके,समष्टि-चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम -आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती?क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन,समष्टिजन,सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते? जिन्होंने बृहत्तर-भारत के विशाल भूभाग से लोकगाथाएं एकत्र कीं, सामूहिक-राष्ट्रीय-स्मृतियां संजोयी, जीवन और प्रकृति के प्रति विकसित होने वाले दृष्टिकोण की व्याख्या की, सामाजिक-आंदोलनों का इतिहास लिखा। भारत के लोगों ने वे पुराण- गाथाएं धरती और अपने समूचे परिवेश में लिख दीं। देश के नाम (भारत) की बात हो या हमारे-आपके नाम हों, पर्व-त्योहार हों, वे गाथा और मिथक जीवित हैं, जीवित रहेंगे।

## प्रसंगवश

# ऑनलाइन गेम के चंगुल से क्या मुक्त होगा बचपन

आज के तकनीकी युग में नित्य नए मोबाइल धारकों की बढ़ती संख्या पर हमारी व्यवस्था भले ही इठला लें, कि 21 वीं सदी में हम अंगुलियों पर सब कुछ संभव बना रहे हैं, मगर शायद तकनीक में मशगूल होकर यह भूलते जा रहे हैं कि इससे हम अपनी अमिट पुरातन विरासत को तो क्षीण कर ही रहे हैं। साथ ही बालमन और युवावस्था को पथभ्रष्ट तथा उनकी ज़िंदगी को काल के गाल में भी धकेल रहे हैं।

आज के भौतिकवादी युग में अभिभावकों के पास समय का अभाव है, जिसके चलते वे जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौना एवं सिर पर माता-पिता का प्रेम होना चाहिए, उसमें वे उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। यह वास्तव में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

वस्तुतः ऑनलाइन गेम के प्रति युवाओं और बच्चों का बढ़ता झुकाव सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। बीते कुछ वर्षों में दुनिया भर के बच्चों में इसे लेकर एक अलग प्रकार की दीवानगी पनपी है। जो कहीं न कहीं अब लत का रूप लेती जा रही है। लत किसी भी चीज़ की हो अगर उसकी अति हो जाए तो फिर उसका नुकसान भी भयानक होता है। अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इस लत का काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत में इसकी स्थिति क्या है, यह हम सबसे छिपा हुआ नही है। हमारे देश में तो एक दो साल के बच्चे के हाथ में भी मोबाइल थमा दिया जाता है। और वह बड़े चाव से मोबाइल देखते-देखते बड़ा हो जाता है।

भारत इस मामले में कहां खड़ा है इसका आकलन हम इन आंकड़ों से कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में भारत में आनलाइन गेमिंग का बाजार 1.5 बिलियन से अधिक का था। तो वहीं 2025 तक इसके 5 बिलियन तक हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में जहां इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 फीसदी (80 मिलियन) थी तो वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 50 फीसदी (95 मिलियन) हो गई। 'एफआईसीसीआई' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'ट्रांजेक्शन बेस्ड गेम्स' के राजस्व में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। और यह संख्या आगे और भी ज्यादा बढ़ने की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में ऑनलाइन गेमों की वजह से रूस में 130 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। तो वहीं भारत में करीब 100 बच्चों ने मौत को गले लगाया था। ऑनलाइन गेम्स को लेकर बच्चे इसके इतने आदि हो जाते हैं कि खाना-पीना तक छोड़ कर दिन-रात उसी में लगे रहते हैं। जिससे उनकी नींद भी प्रभावित होती है एवं उनमें चिड़चिड़ापन की समस्या भी बढ़ती है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में भारत में करीब तीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। और 2028 तक यह संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जाने की संभावना है।

वहीं एक अन्य आंकड़े की बात करें तो वर्तमान में देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार करीब सात से दस हजार करोड़ रुपए के बीच है। जिसके अगले एक साल में 29 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इन आंकड़ों से ही स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। लेकिन इसको लेकर न हमारी व्यवस्था सचेत नजर आती है और न ही परिजनों के पास इतना समय होता है कि वे हर पल बच्चों पर नजर रख सकें कि आखिर मोबाइल में उनका बच्चा क्या कर रहा है?

गौरतलब है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत (जिसे गेमिंग डिसऑर्डर नाम दिया गया है) को मानसिक अस्वस्थता की स्थिति माना है। जब कोई बच्चा लगातार घंटों तक मोबाइल और कंप्यूटर गेम खेलता है तो उसकी आंखों और शरीर के अन्य अंगों पर उसके गंभीर दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। वैसे संयुक्त परिवार की जड़ों से हमारे समाज का कटना भी कई समस्याओं का कारण है। और इसके लिए हम सरकार को दोष नहीं दे सकते। फिर भी ऑनलाइन गेमों पर अंकुश आज की जरूरत है और इसे गंभीरता से लिया भी जाना चाहिए। देखा जाए तो मोबाइल जीवन में अब शायद सांस लेने जितना जरुरी हो गया है। जिसके बिना हम जी नहीं सकते। मगर इसने हमें काफी हद तक नुकसान भी पहुंचाया है।

# कड़वाहटों को कब तक ढोते रहेंगे



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

> प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें?

हर धर्म के मुख्य त्योहारों पर बधाई देना मेरी आदत में शुमार है। इस बकरीद में भी मैने बधाई दी, जिस पर कुछ भाइयों ने नाराजगी जाहिर की। प्रत्येक व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है लेकिन किसी अन्य के त्योहार की बधाई देना घृणित कार्य कैसे हो गया,यह मेरे समझ से परे है। प्रतीत होता है कि यह विभिन्न राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा फैलाए जा रहे धार्मिक विद्वेष एवं घृणा का ही यह परिणाम है।

काम, क्रोध, लोभ, मोह की तरह घृणा भी मानव स्वभाव का ही अंग है। हम अपने परिवार के किसी सदस्य से या किसी पड़ोसी से किसी कारण वश घृणा करते हैं लेकिन यहां तो धर्म के आधार पर करोड़ों व्यक्तियों से घृणा की बात है। यह सत्य है कि मुसलमानों ने अतीत में हमारे देश पर आक्रमण कर हमें पराजित किया, कुछ लूटपाट कर वापस लौटे तथा कुछ ने यहां राज किया और हमारे धार्मिक स्थल तोड़े, हमें प्रताड़ित किया, गुलाम बनाया,धर्म परिवर्तित कराया। क्या इसलिए मुस्लिमों से घृणा की जाय? तो ऐसा ही कुछ कार्य पोर्तुगीज, डच, फ्रेंच और ब्रिटिश ने भी यहां आधिपत्य जमा कर किया। जलियांवाला बाग का सामूहिक नरसंहार तो 100 वर्ष ही पुराना है जबकि मुस्लिम राज्य तो कई शताब्दी पुराने है। इसाई तो अभी भी बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनसे ऐसी घृणा क्यों नहीं? ऐसा ही कार्य तो अतीत में सवर्ण हिंदुओं ने दलितों के साथ किया है। उन्हें अछूत माना, सामान्य नागरिक अधिकार तक नहीं दिया। तपस्या कर रहे शंबूक की हत्या की गई। मंदिरों में पूजा करने की कौन कहे, कितनी जातियों को मंदिर प्रवेश से वंचित किया गया। तो क्या ऐसी जातियां तथाकथित उच्च जातियों से अब घृणा करें,उनका बहिष्कार करे, उन्हें मतदान न करें? प्राचीन काल में हमारे देश के ही राजाओं में राज्य विस्तार, स्त्री, अहंकार या पुरानी शत्रुता के लिए युद्ध होते रहे हैं और विजयी राजा पराजित राज्य की प्रजा का उत्पीड़न भी किया करते थे, लेकिन सारी प्रजा हिंदू ही थी, इसलिए धर्म परिवर्तन की बात नहीं आई। मुस्लिमों ने भी विजयी होकर हमारा उत्पीड़न किया क्योंकि हम शत्रु प्रजा थे। उनकी दृष्टि में हम काफिर थे इसलिए धर्म के आधार पर भी उत्पीड़न हुआ। मुसलमानों की संख्या हमारी तुलना में कम थी, अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए साम, दाम, दंड भेद का सहारा लेकर उन्होंने हमारा धर्म परिवर्तन भी कराया। अंग्रेज जाते जाते धर्म के आधार पर देश का विभाजन भी कर गए, इससे धार्मिक विद्वेष पुनः चरम पर पहुंच गया।

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें? आज हम रोहिंग्या मुसलमान तथा अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशी मुसलमानों को तो निकाल नहीं पा रहे हैं, 20 करोड़ वैध मुसलमान नागरिकों को कैसे निकालेंगे,कौन सा देश उन्हें स्वीकार करेगा? मुसलमानों को भी विचार करना होगा कि उनके पूर्वजों द्वारा किए गए अत्याचारों से हिंदू उनसे नाराज़ है,वे कोई ऐसा काम न करें जिससे यह कटूता बढ़े। दुष्टों की कमी दोनों संप्रदाय में नहीं है जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भरसक प्रयास करें, ऐसे तत्वों का हम सामाजिक बहिष्कार करें तथा इनसे शासन, प्रशासन सख्ती से निपटे। राजनीतिक दल वोट के लिए तुष्टिकरण एवं घृणा का खेल बंद कर सामाजिक समरसता का प्रयास करते रहें। विभेद कारी शिक्षा दृढ़ता से बंद की जाय। पुरानी तल्खियों को कब तक हम ढोते रहेंगे?

यह देश हम सभी का है यदि साथ साथ हम न चले तो हम सब मिट जाएंगे। खालिस्तान की आग बहुत कुर्बानी के बाद बुझी लेकिन विदेशों में अभी भी धधक रही है। नागालैंड तो कुछ शांत हुआ लेकिन मणिपुर की हिंसा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मैंने उत्तर प्रदेश पुलिस में 1977 से 2013 तक सेवा की है और इस अवधि में छ दंगे झेले हैं। इन दंगों में सबसे बड़ा नुकसान होता है आपसी संबंधों का जिन्हें सामान्य होने में दशकों लग जाते हैं। इन दंगों से देश में जो हानि होती है,उससे कहीं अधिक हानि विदेशों में होती है। हमारी विरोधी लाबी इसका दुष्प्रचार करके हमें बदनाम करती है। अधिकांश मुस्लिम देश हमारे मित्र हैं। दंगों से उनसे हमारे संबंध खराब होते हैं और व्यापारिक क्षति पहुंचती है। विदेशों में रहकर पैसा कमाने वालों पर संकट आता है, उन्हें जीवन भय भी बना रहता है।

## सोशल फोरम

# पर्यावरण समस्या का दोषी मनुष्य

पर्यावरण की समस्या पृथ्वी में मौजूद जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ी है। यह सृष्टि अनंत संयोगों से बनी है। इस पर जीवन भी अरबों साल में अनंत संयोगों से धीरे-धीरे विकसित हुआ है। अगर इन संयोगों में एक संयोग वैसा न होता, जैसा वह हुआ, तो संभव है हम मनुष्य इस धरा पर न विकसित होते! हम मनुष्य तो इस पृथ्वी पर अन्य जीवों की तुलना में बहुत बाद में विकसित हुए हैं।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह दुनिया अनंत काल में स्वतः बनी है। यह आत्मसंचालित और आत्मनियंत्रित है। अगर यह स्वतः विकसित न होती, तो इसके विकास में अनंत समय न लगता। इसी तरह मनुष्य भी कंदराओं, गुफाओं में रहते, आखेट करते, पत्थरकाल, आदि कालों से गुजरता हुआ न आगे बढ़ता, बल्कि पूर्ण विकसित सभ्यता-संस्कृति के साथ पैदा होता और दुनिया के सभी मनुष्यों की एक ही सभ्यता-संस्कृति होती। वास्तव में दुनिया के विभिन्न समाजों में ईश्वर संबंधी विचारों की भिन्नता इसलिए है, क्योंकि यह विचार मानव के मन की उपज है।

इस पृथ्वी को बचाने, संरक्षित करने और सुंदर बनाने का दायित्व मनुष्य का है, क्योंकि संयोगों द्वारा प्राप्त तथाकथित योग्यता के कारण हम मनुष्य इस पृथ्वी के उपभोक्ता बन बैठे हैं। इसकी हमने अपने हिसाब से मनुष्य को केंद्र में रखकर मनमानी व्याख्या की है। इसका हमने अंधाधुंध दोहन किया है। आज पर्यावरण को लेकर जो समस्या खड़ी है, उसका एकमात्र दोषी मनुष्य है। आज की परिस्थितियों में पेड़ काटना मानव वध से गंभीर अपराध है। इसलिए यह हम सभी मनुष्यों का दायित्व है कि हम प्रकृति को बचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। आवश्यकता से अधिक इसके संसाधनों का उपभोग करने से बचें। उपभोक्तावादी दृष्टिकोण को बदलें। अब बहानेबाज़ी, विलंब और हीलाहवाली करने का समय नहीं रहा। पहले ही इस मामले में बहुत देर हो चुकी है।

-फेसबुक वॉल से

# जरूरी स्वास्थ्य या पैसा

नशीली चीजों और पदार्थों के निराकरण के लिए प्रत्येक 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसंबर 1987 से इसे मनाने का निर्णय किया था। आंकड़ों के अनुसार शराब पीने वालों की संख्या पूरी दुनिया में 230 करोड़ के लगभग है। इसमें सबसे सबसे ज्यादा अमेरिका, यूरोप,और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय देशों के लोग है जबकि भारत में शराब पीने वाले करीब 16 करोड़ है। यह आश्चर्य की बात है कि देश में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। भारत में शराब की खपत के मामले में सबसे ऊपर छत्तीसगढ़ है। यहां कुल आबादी का 35.67 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा का नाम है और जहां शराब पीने वालों की तादाद कुल जनसंख्या का 34.7 प्रतिशत है जबकि आंध्र प्रदेश 34.5 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर और 28.5 प्रतिशत के साथ पंजाब चौथे नंबर पर है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वैश्विक बीमारी के बोझ का लगभग 5.1 प्रतित शराब के सेवन के कारण है और हर साल लगभग 3.3 मिलियन मौत का कारण यह बनता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार हर 20 में से एक व्यक्ति को मौत का कारण शराब ही है। केवल भारत में हर साल शराब की वजह से 2.5 लाख मौतें हो जाती हैं जो काफी दुर्भाग्य पूर्ण है हर साल हजारों लोग जहरीली शराब से भी मरते है। इन सबके बाबजूद भारत में सरकारों के लिए शराब 'खराब' नहीं है। क्योंकि उनके राजस्व वसूली में से 10 से 15 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से होती है।

हमारे समाज में दिन प्रतिदिन मादक पदार्थों व द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की लत और नशीली चीजों के समाज को अवगत कराना होता है ताकि मादक द्रव्यों और पदार्थों के सेवन से रोकथाम के लिए उचित वातावरण और चेतना का निर्माण हो सके।

शराब बंदी सही और ठोस उपाय नहीं है। जिन्हें पीनी होती है वो नकली पी कर भी जान गंवाते हैं। जिन प्रदेशों में बंदी है वहां स्मगलिंग के द्वारा पहुंचती है। इलेक्शन के दौरान जिन्हें पिलानी होती है वो पहले से ही इंतज़ाम करके रख लेते हैं। सामाजिक चेतना और लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है।

ऐसी भी सरकारें हैं जो बढ़ावा देने के लिएएक पर एक फ्री की स्कीम चलाती हैं। ऐसे लोगों के लिए दंड व्यवस्था आवश्यक है, पंजाब में हर तरह के नशे को जीवन में घोल दिया गया है।

उन शहरों में जहां स्कूल कालेज के हब हैंटार्गेट बना कर पूरी पीढ़ियों को नशे की लत विदेशी एजेंसियों के द्वारा लगाई जा रही हैइन साजिशों को बेनकाब करना भी बहुत ज़रूरी है।

आमदनी बढ़ने के साथ ही मोबाइल, मोटरसाइकिल, कार खरीदने के साथ नशे की लत भी बढ़ रही है। इसलिए सामाजिक चेतना और स्वयं पर नियंत्रण ही सबसे प्रभावी कदम हो सकते हैं। इसके विपरित हाल में मुंबई के अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के अनुसार एमएलसी पोल के दौरान 24, 25, और 26 जून को मुंबई में होने वाली शराब बंदी का विरोध किया जा रहा है। मुंबई के करीब 15000होटल और बार इस शराब बंदी का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे 100 करोड़ का नुकसान होगा इसके लिए वो न्यायालय की शरण में भी गए हैं। अब माननीय न्यायालय को ही तय करना है की स्वास्थ्य और पैसे में क्या जरूरी है?

# संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है। लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। लेकिन स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर-इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं। मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभिक विकासकाल से ही मनुष्य जहां औज़ार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामुहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है; ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है; ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं।

पहली चीज़ समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज़ पीछे ले जाती है। लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

# नीली बत्ती, हूटर, काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

## पुलिसकर्मियों ने नहीं सुनी किसी की बात, गाड़ियों से उतरवाये हूटर और बत्ती

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन पुलिस द्वारा अवैध रूप से नीली बत्ती, हूटर, के खिलाफ की जा रही कार्यवाई से राजनीतिक हल्कों में खलबली मची हुई है। पुलिस द्वारा 11 जून से 25 जून तक का वाहनों से गैर कानूनी तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिससे राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है। जनप्रतिनिधियों के वाहनों में लगे हूटर और नीली बत्ती हटवाने के साथ चार पहिया वाहनों के शीशों में लगी रंगीन फिल्म के साथ चार पहिया तथा दोपहिया वाहनों में जाति सूचक तथा पद सूचक लिखे होने, तथा दोपहिया में तीन सवारी बैठे पाए जाने पर बड़ी मात्रा में चालान किए जा रहे है। जालौन में आलम यह है, की लगभग सभी जनप्रतिनिधियों की चार चार गाड़ियां हूटर और नीली बत्ती से लैस सड़कों पर फर्राटे भरते देखी जा सकती हैं, ऐसे ही एक जनप्रतिनिधि की बिना नंबर की स्कार्पियो गाड़ी में लगी नीली बत्ती और हूटर को चेकिंग के दौरान एट थानाध्यक्ष बिमलेश कुमार ने मिस्त्री को बुला कर बीच सड़क पर उतरवा दिया, जिससे आम जनता में नीली बत्ती और हूटर का रौब गालिब करने वाले नेता जी शर्मशार होकर गाड़ी के अंदर ही बैठे रहे और अपने राजनीतिक आकाओं से थानाध्यक्ष तथा उच्च अधिकारियों को फोन कराते रहे, मगर थानाध्यक्ष और किसी अधिकारी ने किसी की एक नहीं सुनी और स्कार्पियो गाड़ी से नीली बत्ती और हूटर हटवा कर ही माने। वही इस घटना से राजनीतिक हल्के में पुलिस के प्रति भी दिखाई दे रहा है।


स्कार्पियो से नीली बत्ती और हूटर उतरवाती पुलिस अमृत विचार

### दर्जनों चार पहिया व दोपहिया वाहनों का हुआ चालान

यातायात पुलिस की सक्रियता से बिना राजिस्ट्रेशन और ड्राइवरी लाइसेंस तथा शराब पीकर दोपहिया वाहन चालक युवकों का घर से निकलना दूभर हो गया है। आज सोमवार को भी यातायात पुलिस ने उरई शहर के प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमे ब्लैक फिल्म, बिना सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने तथा शराब पीकर वाहन चालको की ब्रिथ एनाइजर से चेकिंग कर, साथ ही बिना लाइसेंस के पुलिस लिखी स्कूटी समेत दर्जनों चार पहिया और दोपहिया वाहनों का चालान किया गया।

# सार्वजनिक स्थानों से 29 गोवंशों को पहुंचाया गौशाला

**कालपी(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन पर नगर पालिका परिषद के द्वारा चलाये गए अभियान के दौरान नगर के सार्वजनिक स्थानों से लावारिस तरीके से विचरण कर रहे 29 गोवंशों को अस्थाई गौशाला आलमपुर पहुंचाया गया।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों नगरीय क्षेत्र में अन्ना मवेशियों एवं गोवंशों के विचरण के मामले प्रकाश में आ रहे थे। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को गोवंशों के सार्वजनिक स्थानों में घूमने पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। अधिशासी अधिकारी ने तत्परता पूर्वक कदम उठाते हुए अभियान चलाया। अभियान के तहत पालिका के राजस्व निरीक्षक एवं गौशाला प्रभारी रामभवन की देखरेख में सड़क पर घूम रहे। अलग-अलग स्थानों में विचरण कर रहे 29 गोवंशों एवं गायों को कैटल कैचर में लादकर अस्थाई गौशाला आलमपुर पहुंचा दिया गया।

# समन और नोटिसों का तामिला सुनिश्चित करें, इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई 2024 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज प्रभारी जनपद न्यायाधीश के कुशल-मार्गदर्शन सचिव, अपर जनपद न्यायाधीश श्री राजीव सरन की उपस्थिति में जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं वन विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में सचिव एवं अपर जनपद न्यायाधीश राजीव सरन द्वारा उपस्थित अधिकारियों से कहा गया कि माननीय उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें राजस्व विधि, स्टाम्प अधि., जल संस्थान, विद्युत, श्रम, मोटर वाहन अधि., पुलिस चालानी, शमनीय आपराधिक वाद, प्रकीर्ण वाद, वन अधि., जिला पंचायत व नगर पालिका से सम्बन्धित परिवाद/सिविल वाद आदि विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों, मामलों को नियत तथा निस्तारित किया जाना है। सचिव श्री सरन ने जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अपर जिला मजिस्ट्रेट जुबेर बेग से कहा कि वे विभिन्न उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लम्बित दाण्डिक प्रकीर्ण वादों को चिह्नित कराकर अतिशीघ्र इनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें और अपने विभाग से सम्बन्धित मामलों में तत्परता से पैरवी कराना सुनिश्चित करें। सचिव श्री सरन ने एएसपी असीम चौधरी से कहा गया कि वह अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन, नोटिसों का तामीला शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।


राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक लेते अपर जनपद न्यायाधीश।

# बिजली के 16 पोल टूटने से पांच गांवों में छाया अंधेरा

कार्यालय संवाददाता उरई

- गत दिनों आयी तेज आंधी से टूट गये थे पोल
- पीने के पानी का संकट भी झेलना पड़ रहा ग्रामीणों को

**अमृत विचार।** कालपी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम जगतपुर अहीर बिजली घर से जुड़े पांच गांव पांचवें दिन भी अंधेरे में डूबे रहे। 16 पोल टूटने से नलकूप ठप पड़ गए हैं, जिससे धान की पौध सूखने के चलते किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

विगत गुरुवार को आई तेज आंधी से 11 हजार लाइन के 16 खम्भे टूटने से जगतपुर अहीर बिजली घर से जुड़े पीपरी अठगांव ,हथना खुर्द, मऊ , ऊद , गुपलापुर गांव मे 5 दिन से अंधेरा छाया हुआ है। 7 हजार की आबादी बिजली संकट से प्रभावित है। बिजली न आने के कारण लोगों को पानी की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लोगों को पानी लेने हैण्डपम्प तक जाना पड़ता है। वह हैंडपंप भी कुछ जर्जर हैं। लोगो को शाम ढलने से पहले घरों में कैद होना पड़ता है क्योंकि अंधेरे में जहरीले जंतुओं का भय बना रहता है।


तेज आंधी में टूटे पड़े विद्युत पोल

# नलकूप उपभोक्ता बकाया जमा करने में नहीं दिखा रहे रुचि

**कालपी (जालौन)।** उपखंड कालपी क्षेत्र के बकायेदार नलकूप उपभोक्ता अपने-अपने बिलों को जमा करने में दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो अगर 30 जून तक मार्च 2024 तक के बकाया बिल की अदायगी नहीं की गई, तो ऐसे उपभोक्ता बिल माफी का लाभ नहीं उठा पाएंगे। कालपी तहसील में लगभग 526 निजी नलकूप हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार किसानों के हितों के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा सिंचाई के लिए स्थापित नलकूपों में बिजली के बिलों को माफ कर दिया गया है। उपखंड अधिकारी आदर्श राज ने बताया कि मार्च 2023 तक नलकूपों के बिजली का संपूर्ण भुगतान करने वाले कृषकों को ही मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा।

# रानी दुर्गावती के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देशानुसार जिला महासचिव जमालुद्दीन की अध्यक्षता में आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जिला प्रवक्ता महेश चंद्र विश्वकर्मा ने वीरांगना दुर्गावती के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी दुर्गावती का जन्म उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कालिंजर किले में चंदेल राजपूत राजा शाह बहम के परिवार में 5 अक्टूबर 1524 को अष्टमी के दिन हुआ था। अष्टमी के दिन जन्म होने पर इनका नाम दुर्गावती रखा गया। रानी दुर्गावती ने मुगलों से युद्ध किया। युद्ध के दौरान जब रानी दुर्गावती चारों ओर से घिर गई तो उन्होंने 24 जून 1564 में अपनी कटार निकाल कर सीने में घोंप कर अपने प्राणों की आहुति दे दी।आज भी वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि जबलपुर के मंडला रोड बारेला के पास बनी हुई है। वीरांगना दुर्गावती के इस बलिदान को इतिहास में दर्ज किया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला महासचिव जमालुद्दीन, जिला प्रवक्ता महेश चंद्र विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष उरई इमरान उल्ला, सुरेंद्र राजपूत बरदर, प्रताप सिंह यादव, मैया दीन पांचाल,बृजमोहन अहिरवार, सुनील पाल,लल्ला यादव सभासद, शादाब सभासद, हंस मौखरी, रेखा परिहार ज्ञान स्वरूप राजपूत, शिवनारायण यादव,विमल यादव, सोनू यादव,सुरेश यादव,संजय यादव, अलीम अहमद, आशीष आदि रहे।


वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपाई। अमृत विचार

- सपाइयों ने रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया

# खेत नपाई के दौरान डांट से आहत किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढाखास निवासिनी महिला रामश्री पत्नी रामकिशुन ने सोमवार को थाना पुलिस को दिये शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि 22 जून को राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौजा कीरतपुर स्थित गाटा संख्या 130 की हदबन्दी की नाप करने गई थी इस दौरान गत 22 जून को बगैर नोटिस दिए नापजोख को गयी थी।

महिला का आरोप है कि इस दौरान टीम ने उनके पति रामकिशुन को बुलाकर बुरी तरह डांटा था जिससे वह आहत हो गए थे और टीम नापजोख करके गड़बड़ी करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर मौके से चली गई थी। महिला की माने तो राजस्व विभाग की टीम की धमकी के बाद वह गुमशुम हो गए थे और शनिवार को नलकूप पर चले गये थे रविवार शाम वह घर आये और बड़बड़ते हुए बेहोश हो गये।

हम सब उन्हें आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमे पति की मौत के लिए विपक्षियों के साथ राजस्व विभाग को भी जिम्मेदार ठहराया है। वहीं महिला की शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने जांच पड़ताल की है। कोतवाली इंचार्ज नागेन्द्र पाठक के अनुसार शिकायती पत्र मिला है इसलिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जो भी रिपोर्ट सही होगा उसी के अनुसार आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# झांसी से आयी टीएसी टीम ने की जांच

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** माधौगढ़ ब्लाक की ग्राम पंचायत अहेता के मजरा गडरेना खुर्द में विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर रमेश कुमार निवासी अहेता के द्वारा उच्चाधिकारियों से ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए इंटर लॉकिंग, गूल खोदाई, तथा गांव की गौशाला में टीन सेड और भूसा घर के निर्माण के मानक विहीन निर्माण कराकर बड़े पैमाने पर धांधली करने का आरोप लगाया गया था।

शिकायत को लेकर आज सोमवार को झांसी से टीएसी टीम ने अहेता गांव पहुंचकर शिकायती पत्र में दिए गए बिंदुओ के आधार पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य और गूल खुदाई का निरीक्षण परीक्षण धरातल पर नापजोख की गई, जांच में पाया गया कि किसी भी कार्य स्थल पर कार्य के मानक, कार्य की लागत , तथा कार्य की लंबाई चौड़ाई इंगित कराने वाले बोर्ड नहीं लगाए गए थे। जिस पर जांच टीम ने एतराज जताते हुए अतिशीघ्र सभी कार्यस्थलों में बोर्ड लगवाने के निर्देश ग्राम पंचायत प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को दिए। बोर्ड जल्दी लगवाने को कहा अहेता की गौशाला की बनी बाउंड्री वॉल और भूसा घर के निर्माण का बारीकी से परीक्षण टी ए सी टीम ने किया, तथा इंटरलॉकिंग और गुल निर्माण का एक एक इंच की नापजोख की गई,। भूसाघर और बाउंड्रीवाल का विधिवत गुणवत्ता का निरीक्षण परीक्षण किया । बताते चलें झांसी से आई टीम ने निरीक्षण किया और सत्यापन किया साइन बोर्ड न होने के कारण सचिव को समय से लगवाने के निर्देश दिए।


निर्माणाधीन भवन की जांच करती टीम। अमृत विचार

- हो रहे कार्य के बोर्ड लगवाने के दिये गए निर्देश

# सरकारी हैंडपंप में डाला सबमर्सिबल

**कालपी।** क्षेत्र के ग्राम निवासी व्यक्ति ने गांव के दबंगों पर धार्मिक स्थल पर लगे हैन्डपम्प में सबमर्सिबल डालने का आरोप लगाया है ।

सोमवार को चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सतरहजू निवासी तख्त सिंह ने एसडीएम हेमन्त पटेल को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव में शंकर जी का चबूतरा बना हुआ है, जहां पर जलनिगम द्वारा हैंडपम्प लगाया गया था, जिससे सभी लोग पानी भरते थे लेकिन गत दिनों ग्राम निवासी शंकर सिंह व बलबीर सिंह ने मिलकर हैंडपम्प का स्वरूप बिगाड़कर उसमे सबमर्सिबल डाल दी है और अब किसी को पानी नही भरने दे रहे हैं। वही एस डी एम ने मामले को गम्भीरता से लेकर थाना पुलिस को मामले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# हादसे में जख्मी युवक की मौत, चालक पर रिपोर्ट

संवाददाता,कालपी (जालौन)

- दो सप्ताह पहले मार्ग दुर्घटना में हुआ था घायल

**अमृत विचार।** बीते 2 सप्ताह पहले सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत की घटना को लेकर पीड़ित पत्नी के द्वारा कालपी कोतवाली में ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

इस संबंध में वादिनी कल्पना निवासी ग्राम कुरहना आलमगीर ने कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 8-6-2024 को मेरे पति गोपाल अपने मामा की मोटरसाइकिल से अपने गांव कुरहना से इटौरा जा रहे थे। मोटरसाइकिल के पीछे मेरी ननंद निशा बैठी थी, रात करीब साढ़े 8 बजे ग्राम दादूपुर के पास विपरीत दिशा से आ रहे बेकाबू ट्रैक्टर के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मेरे पति व ननंद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया, जहां पर मेरे पति को मृत घोषित कर दिया गया।

पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को सौंपी गई है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I, Harshit Pathak, have lost my original marksheet of third and fourth semester of B.Tech year 2022.(Roll number-A7104120014) issued from Amity university, Lucknow. If found please contact: 6201189030.

सूचना

मैं मजहर बेग (MAJHAR BEG), निवासी :– मुतक्कीपुर, अल्लूनगर, डिगुरिया, लखनऊ – उत्तर प्रदेश –226020 का नाम पासपोर्ट पर (MAJAHAR BEG) व जन्मतिथि 10–12–1988 लिखी हुई हैं, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में नाम (MAJHAR BEG ) व जन्मतिथि 12–12–1991 हैं, भविष्य में मेरा नाम (MAJHAR BEG) व जन्मतिथि 12–12–1991 ही रहेगी ।

सूचना

मैने अपने पुत्र रियासत पुत्रवधु मुस्कान के कुकृत्यों गलत आचरण से परेशान होकर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किए गए कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। **नफीसा बानो पत्नी सौकत अली निवासी फेमश मैदान मो0 नौरंगाबाद लखीमपुर खीरी**

सूचना

सूचित करना है कि एसबीआई में मेरा जयदेवी पत्नी बलराम के नाम से खाता संख्या 31863150919 है। जबकि मेरे आधार नंबर 678922676130 में मेरा नाम बिट्टू पत्नी बलराम अंकित है। बिट्टू व जयदेवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **बिट्टू उर्फ जय देवी पत्नी बलराम निवासिनी ग्राम–192 ए स्कूल ब्लाक पांडव नगर लक्ष्मीनगर पूर्वी दिल्ली।**

सूचना

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राहुल अवस्थी पुत्र विनोद अवस्थी दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में पिता का नाम विनोद कुमार अवस्थी दर्ज है जो सही है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। **राहुल अवस्थी पुत्र विनोद कुमार अवस्थी निवासी–बेलामऊ कलां तहसील व जिला–सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम हमजा हसन HMZA HASAN था। अब मैंने अपना नाम हमजा अंसार HAMZA ANSAR रख लिया है। मुझे भविष्य में हमजा अंसार HAMZA ANSAR के नाम से ही जाना जाए। **हमजा अंसार पुत्र हाजी अंसार अहमद, निवासी– 279/D भीमसेन मंदिर के सामने वाली गली, आगरा रोड, मैंनपुरी।**

सूचना

मैंने अपना नाम Balvender Singh से बदलकर Balvinder Singh s/o Gurcharan Singh कर लिया है मुझे अब इसी नाम से जाना जाए। **निवासी भूपनगर जिला लखीमपुर खीरी यू० पी०**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मैं रामकुमार पुत्र बैजनाथ निवासी मधुपुरी थाना भदोखर का रहने वाला हूं। मेरा बड़ा बेटा सुधीर कुमार अक्सर शराब पीकर अभद्रता करते हुए मारता पीटता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में बड़े बेटे सुधीर कुमार के किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा स्नातकोत्तर (PG) की प्रथम, द्वितीय, तृतीय चतुर्थ सेमेस्टर का अंकपत्र, स्नातकोत्तर डिग्री तथा स्वर्ण पदक प्रमाण पत्र, जिन सभी का अनुक्रमांक 192303 वर्ष 2021 है। जिसकी मूल प्रति घर बदलते समय साउथ सिटी लखनऊ में कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **पूजा पुत्री हंसराज, निवासी पूरे रिखपाल सिंह, डेहरियावाँ, अमेठी, तहसील– सदर, उत्तर प्रदेश– 227806**

सूचना

दिनांक 22.6.2024 को मैं अपने उपरोक्त आवास दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या एस. एस.–306 क्षेत्रफल 448.6 वर्ग मीटर स्थित मोती झील योजना, वार्ड मालवीय नगर, लखनऊ के दस्तावेज को लेकर फोटोकॉपी कराने हैदरगंज चौराहे के पास जा रहा था कि रास्ते में कहीं मेरे उपरोक्त भवन का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, कहीं खो गया है जो काफी ढूंढने के बावजूद भी प्राप्त नहीं हो सका है। जिसकी सूचना उ0प्र0 पुलिस के पोर्टल पर क्र0 20240000533499 दिनांक 23.06.2024 को दर्ज कराई जा चुकी है।
ओंकार नाथ उपाध्याय पुत्र स्व0 पुत्तुलाल निवासी–एस.एस.–306, स्थित मोती झील योजना, वार्ड मालवीय नगर, लखनऊ

मांग — फल –सब्जी व्यापार संघ ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से मिलकर बताई अपनी परेशानी

# कब्जाधारियों से चबूतरा खाली कराने की उठाई मांग

संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** नवीन मंडी फल सब्जी व्यापार संघ के अध्यक्ष पवनकांत रायकवार के नेतृत्व में आज सोमवार को मो. शकील, राजेंद्र, मु. अलताब, अकील, ललित कुमार, नजीर, सोनू वर्मा, राजकुमार, सुनील आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

बताया कि 29 नवम्बर 2023 को दुकानों की ए क्लास, बी-क्लास, सी-क्लास की नीलामी की गयी थी जिसमें सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों ने बढ़चढ़कर बोली बोलने के समय व्यापारियों ने कहा था कि जो लोग चबूतरों पर अवैध कब्जा किये हैं, जिस पर मजिस्ट्रेट व मंडी सचिव ने कहा था कि जैसे ही तुम्हारे नाम दुकानें होगी चबूतरा खाली करवा दिया जायेगा। जिस पर व्यापारी संतुष्ट हो गये और बोली लगाई उसमें ए-क्लास की 6 दुकानें आवंटित हुई। जिसमें गौरी ट्रेडिंग कम्पनी ली, एस. ट्रेडर्स, रायकवार एडं कम्पनी, न्यू जय किसान फूड कम्पनी, ललित कुमार एण्ड नीरज कुमार, दीपक एण्ड संस शामिल है। उन्होंने बताया कि जो लोग चबूतरे पर अवैध कब्जा किये है उनमें सरताज राईन पुत्र अफसर राईन, ऐजाज राजा पुत्र अजीज राईन, सोएल, इलियास पुत्र सलीम राईन शामिल है।जिनसे चबूतरे से अवैध कब्जा खाली करवाये जाने की मांग प्रशासन से उठाई है।


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते फल–सब्जी व्यापार संघ के लोग।


डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## सफाई कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर डीपीआरओ को सौंपा ज्ञापन

**उरई।** उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र के नेतृत्व में अखिलेश चक्रवर्ती कोषाध्यक्ष, मुन्नालाल राजपूत जिला संगठन मंत्री, जितेन्द्र कुमार जिला सप्रेक्षक, आशीष झां जिला मंत्री, गनपत सिंह अहिरवार कार्यवाहक अध्यक्ष, चंद्रशेखर यादव कार्यकारणी अध्यक्ष सहित दर्जनों की संख्या में संगठन के लोग डीपीआरओ कार्यालय पहुंचे और मांगों को लेकर डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को माह के प्रथम सप्ताह में वेतन दिलाया जाये तथा जनपद के लगभग 300 कर्मचारियों को एसीपी का लाभ दिलवाया जाये ।इसके अलावा समस्त विकास खंडों में आपके द्वारा व सहायक विकास अधिकारी पंचायत के भ्रमण के दौरान कर्मचारी न मिलने एवं फोन पर सम्पर्क न हो पाने उसे अनुस्पथित मान कर एक दिन का वेतन तथा निलंबन की संस्तुति न की जाये।इसके अलावा ज्ञापन में विभिन्न कर्मचारियों के हित में मांगों को शामिल किया गया है।

# ओवरलोड ट्रकों पर नहीं लग रही रोक

**उरई।** तहसील उरई क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सिमिरिया मौरंग घाट से ओवरलोड ट्रकों के निकलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है, जिसकी वजह से सड़क जर्जर हालत में पहुंच गई है, जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मौरंग घाट पर खनन माफिया जिलाधिकारी और खनन विभाग के आदेशों का खुलकर उल्लंघन कर रहे हैं। मौरंग माफियाओं के द्वारा बिना एम एम 11 के ट्रकों को ओवर लोड किया जा रहा है। ग्राम सिमीरिया मौरंग घाट में ट्रक क्षमता से अधिक मौरंग भर कर संचालित हो रहे है, जिसकी वजह से सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं।

# कौशांबी में रेलवे ट्रैक पर मिला किसान का शव

## 20 जून की रात हुई हुई थी कुछ लोगों से मारपीट, गायब था

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खखरेरू थाना क्षेत्र के रहने वाले एक किसान का शव टुड़ों में पड़ोसी जनपद कौशांबी में रेलवे ट्रैक पर मिला। मृतक के पुत्र शनि चौधरी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 20 जून को पिता फसलों की रखवाली के लिए गए थे। तबसे वह घर नहीं लौटे। आरोप लगाया कि उनकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है।



राम सेवक।

थाना क्षेत्र के बिछियावां निवासी शनि ने बताया कि 20 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे के करीब गांव की रहने वाली एक महिला ने मोबाइल चार्जिंग के बहाने उसके पिता राम सेवक को आवाज दी थी। जैसे ही पिता ने दरवाजा खोला तो गांव के जयचंद राजकुमार अन्य अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गालीगलौज की गई। इसका विरोध करने पर दबंगों के द्वारा मारपीट की गई। मारपीट की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने किसान को घर पहुंचाया। इसके बाद किसान सुबह करीब पांच फसल की देखरेख के लिए खेतों की तरफ गया। वहां से रहस्मयी तरीके से गायब हो गया। परिजनों को काफी खोजबीन करने के बाद किसान का शव क्षत-विक्षत अवस्था में कौशाम्बी जनपद में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला। खखरेरू थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि घटनास्थल दूसरे जनपद का है। जिसके चलते उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है।

### लोहे के दरवाजे में उतरा करंट, बुजुर्ग की मौत

**हथगाम।** घर में लगे लोहे के दरवाजे में करंट उतर आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति दरवाजे से चिपक गया। यह देख परिजनों ने किसी तरह से उसे दरवाजे से अलग किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। छिवलहा कस्बा निवासी झल्लू गुप्ता कस्बे के पास रस्सी-बाध आदि सामान की दुकान चलाता था। परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह खाने के बाद किसी काम से खागा गए थे। जहां से शाम करीब पांच बजे वापस घर लौटे थे। घर के बाहर बाइक खड़ीकर घर के अंदर गए जहां पर लगे लोहे के दरवाजे के बगल दराज से बिजली के केबिल तार निकाल रखा था। बताया कि दरवाजे की रगड़ से केबिल कट गई थी। जिससे दरवाजे पर उतरे करंट की चपेट में आकर वह दरवाजे से ही चिपक गए। जब तक घटना की जानकारी किसी को लगती और उन्हें दरवाजे से अलग करते उससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।


# आबू नगर और हरिहरगंज फीडर में बढ़े फाल्ट

संवाददाता, फतेहपुर

- नए पोल और केबिल लगने के बाद भी फॉल्ट से निजात नहीं

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की ओर से कराए जा रहे कामकाज के तहत नए पोल और नई केबिल लगाकर बिजली सप्लाई दी जा रही है लेकिन स्थिति यह है कि नई केवल में भी लगातार फाल्ट हो रहे है। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नए तारों में फाल्ट होने के चलते यह भी कहा जा रहा है कि आखिर किस तरह की नई केवल बिछाई जा रही है जिसमें बार-बार फाल्ट हो रहा है।

स्थिति यह है कि रविवार की आबू नगर क्षेत्र में फाल्ट के कारण करीब दो घंटे तक बिजली गुल रही थी और सोमवार को फाल्ट के कारण सुबह करीब डेढ़ घंटे तक बिजली गुल रही है। खास बात यह है कि आंधी बरसात जैसी भी कोई स्थिति नहीं थी इसके बाद भी बिजली गोल हो गई। इन दो दिनो में तापमान भी 40 डिग्री से नीचे रहा जिससे गर्मी भी बहुत अधिक नही थी इसके बाद भी फाल्ट होते रहे। इस क्षेत्र को बिजली सप्लाई में कठिनाई न हो और बिना फाल्ट के बिजली



मिलती रहे इसी मकसद से बिजली विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नए पोल लगाकर उन पर नई केवल बिछाई जा रही है और उसी से कनेक्शन दिए गए। इसका मकसद यह है कि इसमें आसानी से फॉल्ट ना हो और बिजली सप्लाई निर्वाध रूप से चलती रहे लेकिन यह योजना अपने मकसद को पूरा करने में कामयाब नहीं हो पा रही है। इसके चलते बार-बार फाल्ट रहे हैं और घंटों के हिसाब से बिजली गोल होती है। सरकार की ओर से गांव में जितने समय बिजली दिए जाने का समय निर्धारित किया गया है उतने समय बिजली सप्लाई नहीं हो पाती जिससे लोग खासे परेशान है। इस संबंध में एसडीओ का कहना है कि मामले का संज्ञान लिया गया है ।

# उमस भरी गर्मी से बिलबिलाए लोग

संवाददाता, फतेहपुर

- बाजारों में एक बार फिर पसरा दोपहर में सन्नाटा
- दोपहर में तपने लगे हैं दुकान और मकान

**अमृत विचार।** तापमान घटने के बाद उमस भरी गर्मी बढ़ी हुई है, जो लोगों को जीने नहीं दे रही है। दोपहर में घर-दुकान-मकान तप रहे हैं। चैन न घरों में न बाहर रह गया है। दो दिनों से बारिश न होने से मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

सोमवार का दिन बेचैनी में कटा तो रात भी मुश्किलों भरी रही। हालांकि अधिकतम पारा 38 तो न्यूनतम 30 दर्ज किया गया।

मौसम का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को आशिंका बादल रहेंगे। सोमवार सुबह 5.25 बजे सूर्योदय हुआ। इसके बाद लगातार मौसम में तल्खी आई। 10.30 बजे बाजारों में सब्जी, भाजी की खरीदारी को निकले लोग परेशान हो गए। सुबह से चौक में काम की तलाश में बैठे मजदूरों का बुरा हाल हुआ। हर कोई गर्मी से परेशान था। 11 बजते ही चौक में कुछ ही संख्या में लोग दिखे। दोपहर 12 बजे अधिकतम ताप 37 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके बाद हर कोई बेहाल नजर आया। घर, दुकान, मकान, दफ्तर भीषण तप उठे। लोग घरों में कैद होने लगे। शाम पांच बजे तक एक-दो बार बादलों



सिर ढंककर निकलतीं युवतियां। अमृत विचार

ने झलक दिखाई, जिससे उमस में इजाफा हुआ। इस बीच एकाध बार गई बत्ती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी। शाम 7.09 बजे सूर्यास्त के बाद लोगों को कुछ राहत मिली। मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार को तेज हवाओं संग बारश गजर-चमक के साथ बौछारों का अनुमान है। यह मौसम अगले दो-तीन दिनों तक एक सा रहेगा। इसके बाद 28 जून से आमतौर बादल और आंधी-बारिश का पूर्वानुमान है। इन दिनों में तापमान में भी गिरावट का दौर रहेगा। सोमवार को हालत यह थी कि दोपहर 12 बजे के बाद पत्थरकटा, पटेल नगर, हरिहरगंज, चौक बाजार, देवीगंज बाजार, वर्मा चौराहा सहित अन्य स्थानों पर बने स्टैंडों पर ई-रिक्शा चालक ऊंघते नजर आए। फुटपाथी दुकानदार सुस्ताते दिखे।

वह सांझ ढलने का इंतजार करते रहे। फल-सब्जी ठेले वाले छावं तले खड़े ग्राहकों की राह देखते रहे। यही नहीं बाजारों में वीरानी छाई रही। दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते रहे। हालांकि शाम चार बजे के करीब बदली छाई। हवाएं उग्र हुई। पर फिजा में गर्मी-उमस बरकरार रही।

# मानसून करीब, नाला निर्माण कराने से बढ़ेंगी दिक्कतें

संवाददाता, धाता

- स्कूल खुलने के बाद अधिक परेशानी छात्रों को होगी

**अमृत विचार।** मानसून आने को बस चंद दिन बचे हैं। ऐसे समय में नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण का कार्य शुरू कराना राहगीरों एवं नगर वासियों के लिए मुसीबत बनना तय हो चुका है।

बता दें कि रावण मैदान से पुरानी सोनारी रोड में नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। पिछले दो दिनों से बादल भी उमड़-घुमड़ कर बरसने को तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत द्वारा दो कारीगरों एवं कुछ लेबरों के द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिससे इस निर्माण कार्य में समय लगना स्वाभाविक है वहीं दूसरी नगर वासियों के अनुसार निर्माण कार्य भी बहुत लेट में शुरू किया गया है। अगर यही निर्माण कार्य एक महीने पहले होता तो आने वाले समय में कोई भी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई की बारिश होने पर रास्ता पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो जाएगा। यह सड़क मार्ग धाता कस्बे मे आने-जाने वालों के लिए मुख्य मार्ग है।

जिसमें हजारों क्षेत्रीय लोग कस्बे आते हैं। वहीं दूसरी ओर रोजाना हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से अपने-अपने स्कूल और कोचिंग संस्थान जाते हैं। क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि अगर कारीगरों की संख्या बढ़ा दें तो नाला निर्माण कार्य समय से पूरा हो जाएगा और मानसून आने के पहले ही नाला निर्माण हो जाएगा।

# कांग्रेस के अभियान को और तेज करेंगे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलायेगी।

अल्पसंख्यक कांग्रेस शहर अध्यक्ष शकील अहमद ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि लोक सभा चुनाव परिणाम में मिली सफलता पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान शकीला बानो ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जतायी कि कभी एनडीए गठबंन स्थायी नहीं होगा। इसलिए कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं। इसमें सफलता के लिए जरूरी



प्रेस वार्ता करते अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

- प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बोले

आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायी जाएगी। कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एक मुश्त वोट मिला है। वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा भाजपा के साथ गया और सिर्फ 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला। कहा कि कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस मौके पर मोहम्मद आलम, नफीस खान मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 20 युवाओं को नौकरी

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी हर्ष लालवानी ने बताया कि कार्यालय में सोमवार को रोजगार मेला व करियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में प्रतिभागी कंपनी एसआईएस इंडिया लिमिटेड एवं पीपल दी आनलाइन सर्विसेज द्वारा 20 योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कम्पनियों द्वारा 13 हजार से 25 हजार तक प्रतिमाह वेतन पर चयन किया गया है।

एक सैकड़ा से अधिक अभ्यर्थियों की कॅरियर काउन्सिलिंग की गयी। कार्यक्रम जिला सेवायोजन अधिकारी के दिशा-निर्देशन में शशांक पान्डेय प्रभारी रोजगार मेला, जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हसमत अली आशीष, चन्द्रकिशोर, सुखनंदन, जमीर, संदीप मौजूद रहे।

# बच्चों ने भी बार बालाओं के साथ किया डांस

संवाददाता, फतेहपुर

- निषेधाज्ञा लागू होने के बाद भी कार्यक्रम में जुटी भीड़
- जांच में जुटी सुल्तानपुर घोष पुलिस, दर्ज होगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** धारा-144 लागू होने के बाद भी मुंडन संस्कार कार्यक्रम में बिना पुलिस के परमिशन बार बालाओं का डांस कराया गया। रात भर चले कार्यक्रम में भीड़ अश्लील गानों पर नाचती रही। इस दौरान बच्चे बी नाचते रहे। डांस का किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस बोली कि मुकदमा दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया में वायरल हो रहा बार बालाओं के डांस का वीडियो सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अफोई पुलिस चौकी के कोडारवर गांव का बताया जा रहा है। जहां पर बीती रात गांव के एक व्यक्ति के द्वारा मुंडन संस्कार कार्यक्रम में बार बालाओं का अश्लील गानों पर डांस कराया जा रहा है। वीडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि किस तरह बार बालाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे नाचते नजर आ रहे हैं। जिले में धारा-144 लागू होने के भी बिना पुलिस की परमिशन लिए बगैर बार बालाओं का डांस कराकर भीड़ इकट्ठा कराई गई है। बार बालाओं के ऊपर युवा पैसा भी लुटाते दिख रहे हैं। रात भर चले बार बालाओं के डांस कार्यक्रम की नजदीकी पुलिस चौकी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

# किशोरी ने पशुबाड़े में फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** मंदबुद्धि एक किशोरी ने सोमवार सुबह फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। उसकी तलाश में परिजन घर से निकले लेकिन कही कुछ पता नही चल सका। जब परिजन पशुबाड़े में पहुंचे तो उसका शव वहां फांसी के फंदे से लटकता मिला है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी भिक्खू लोध की 17 वर्षीय पुत्री नेहा उर्फ सुंदी ने सोमवार सुबह नीम के पेड़ में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता भिक्खू ने बताया नेहा मानसिक रूप से कमजोर थी। सोमवार सुबह वह घर से खाना खा कर चली गई थी। वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। परिजन जब पशुबाड़े में पहुंचे तो वहां पेड़ से उसका शव फंदे से लटक रहा था।

# रोडवेज की खटारा बसों से यात्रा हो गई असुरक्षित

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी सरकारी बसों से यात्रियों का आवागमन कराया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान न दिए जाने के कारण कभी भी बसों के हादसे का शिकार होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद खटारा बसों के संचालन पर विराम लगता नहीं दिखाई दे रहा है।

परिवहन विभाग द्वारा 15 साल पुराने हो चुके वाहनों को सरेंडर कराए जाने के आदेशों के बावजूद निश्चित आयु पूरी करने वाली सरकारी बसों का संचालन कराया जा रहा है। पुराने वाहनों से फैलने वाले प्रदुषण के चलते ऐसी बसों को स्क्रैप कराए जाने को अनिवार्यता प्रदान की गई थी। वहीं रजिस्ट्रेशन को भी रद्द किए जाने के फरमान नौ माह पूर्व सुनाए गए थे। इसके बावजूद न तो इस ओर रोडवेज प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है न ही परिवहन विभाग द्वारा जिससे निश्चित आयु को पूरी करने के बावजूद सरकारी बसे फर्राटा भर रही है। बताते है कि रोडवेज के बेड़े में कुछ ऐसी बसें शामिल है जो 15 वर्ष पूरे होने पर भी चल रही हैं।

> सभी बसों की बॉडी की कंडीशन बेहतर है। यदा-कदा तकनीकी खराबी आने पर उसे दुरुस्त करवाया जाता है। अधिक पुरानी बसों को सरेंडर कर स्क्रैप के लिए भेजा जा चुका है। आयु पूरी करने वाली बसों को भी सरेंडर करवाए जाने की प्रक्रिया अफसरों के निर्देशानुसार शुरू कराई जाएगी।
> **-विपिन कुमार अग्रवाल, एआरएम**

# आयुष्मान भारत डिजिटल कार्ड बनना शुरू

संवाददाता, फतेहपुर

- 14 अंकों वाले डिजिटल कार्ड में होगा सेहत का ब्योरा

**अमृत विचार।** अब लोगों को अस्पताल में लंबी लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और अब अपनी पुरानी बीमारी से जुड़े पुराने कागजात संभालने की परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा। क्योकि स्वास्थ्य विभाग लोगों का आयुष्मान कार्ड की तरह आयुष्मान भारत डिजिटल कार्ड बना रहा है।

इस कार्ड के माध्यम से सभी लोगों का हेल्थ की जानकारी ऑनलाइन की जाएंगी। दरअसल आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग हर व्यक्ति का यूनिक हेल्थ कार्ड बना रही है। यह कार्ड पूरी तरफ से डिजिटल होगा और देखने में आधार कार्ड की तरह होगा। जिस तरफ से आधार कार्ड बनवाने पर 14 अंकों का नंबर मिलता है। उसी तरह आभा डिजिटल कार्ड बनवाने पर 14 अंकों का कार्ड मिलेगा। इस कार्ड में आपकी हेल्थ से जुड़ा सारा डेटा होगा। यह कार्ड एक तरह का आईडी कार्ड होगा। जिसके आधार पर क्षेत्र में व्यक्ति की पहचान होगी।

### ऐसे बनेगी आभा हेल्थ आईडी

सीएचसी सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और नेशनल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े हेल्थकेयर प्रोवाइडर लोगों का हेल्थ कार्ड बना बनाएंगे।

हेल्थ कार्ड के क्या फायदे हैं

अगर आपका यूनिक हेल्थ कार्ड बन गया तो यह आपके और डॉक्टर, दोनों के लिए फायदेमंद होगा। इससे मरीजों को तो डॉक्टर से दिखाने के लिए मेडिकल फाइल ले जाने से छुटकारा मिलेगा ही, साथ ही डॉक्टर भी मरीज का यूनिक हेल्थ आईडी देखकर उसकी बीमारियों का पूरा डेटा निकाल लेंगे और तब उसके आधार पर ही आगे का इलाज शुरू हो सकेगा। इस यूनिक हेल्थ कार्ड के जरिये पता चल सकेगा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीज को इलाज की सुविधाओं का लाभ मिलता है या नहीं। इस हेल्थ कार्ड से ये भी पता चल सकेगा। जिस व्यक्ति की हेल्थ आईडी बनेगी। उससे उसका आधार नंबर और मोबाइल नंबर लिया जाएगा। इसी की मदद से यूनिक हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। लोग आभा हेल्थ कार्ड को अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी, एएनम सेंटर व आशा स्वास्थ्य वर्कर से बनवा सकते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

प्रदेश में स्थिति — क्यूआर कोड से पर्चे बनवाने में 42वें नम्बर पर जिला अस्पताल

# 14 महीने के दौरान आभा एप से 12 हजार से ज्यादा बने पर्चे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला पुरुष अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए पर्चा बनवाना आसान हो गया है। स्कैन एंड शेयर सिस्टम के माध्यम से मरीज व तीमारदार जल्दी ही बिना लाइन में लगे अपना पर्चा बनवा रहे हैं। आभा एप से पर्चा बनाने में जिला अस्पताल प्रदेश में 42वें नम्बर पर पहुंच गया है इस सुविधा का लाभ देने के लिए अलग से एक काउंटर भी बनाया गया है। 14 महीने मे आभा एप के माध्यम से करीब 12 हजार से ज्यादा पर्चे बनाए जा चुके हैं।

सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत शुरू हुआ ऑनलाइन रज्ट्रिरेशन पर्चा आभा ऐप से स्कैन एंड शेयर के माध्यम से चंद मिनटों में बन रहा है। ऑनलाइन स्कैन एंड शेयर से पर्चा बनवाने के लिए आपके पास एंड्रॉयड फोन होना आवश्यक है। जिससे आप टोकन जनरेट करके काउंटर पर उसका नंबर बताएं और तुरंत पर्चा प्राप्त करें। उन्होंने बताया काफी लोग इस नए सस्टिम से लाभान्वित भी हो रहे है और पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन से निजात भी पा रहे हैं। जिन लोगों को एप के माध्यम से पर्चा बनाने में दिक्कत हो रही है उनकी सुविधा के लिए तीन ट्रेनिंग स्टूडेंट भी लगाये गये है जिनके द्वारा लोगों को एप से पर्चा बनाना सिखाया जा रहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों व तीमारदारों से ऐप के माध्यम से ऑनलाइन रज्ट्रिरेशन पर्चा बनवाने की अपील की जा रही है।

### रोज औसतन 11 से 12 सौ बन रहे पर्चे

जिला अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर प्रतिदिन 1100 से 1200 पर्चे बनते हैं कभी-कभी तो इन पर्चा की संख्या 1300 तक पार कर जाती है। ऐसे में मरीजों और उनके तीमारदारों को पर्चा बनवाने के लिए लाइन में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसी के चलते सरकार के द्वारा आभा ऐप से स्कैन एंड शेयर के माध्यम से पर्चा बनवाने की सुविधा शुरू की गई है। जागरूकता के चलते अब काफी लोग एप के माध्यम से अपना पर्चा बना रहे है और लंबी लाइनों से निजात भी पा रहे हैं। रज्ट्रिरेशन काउंटर पर इस ऐप के प्रचार प्रसार के लिए बैनर व पोस्टर भी लगाये गये है और पर्चा बनबाने की पूरी प्रक्रिया भी लिखी गई है। छह एप्लीकेशन में अगर कोई भी आपके मोबाइल में डाउनलोड है तो आपका पर्चा बन जाएगा।

ABHA

### लंबी कतारों से बचें कैसे

- कोड को स्कैन करने के लिए किसी भी क्यूआर कोड स्कैनर, कैमरा या एबीपीएम एप का उपयोग करें।
- कोई भी एबीडीएम अच्छा मैप अपने मोबाइल में इंस्टॉल करें और लॉगिन करें।
- अस्पताल के साथ अपनी प्रोफाइल साझा करें और पंजीकरण टोकन प्राप्त करें।
- अपना टोकन नंबर आने पर रजिस्ट्रेशन डेस्क से ओपी स्लिप लेकर डॉक्टर से मिलें।

### इन एप्लीकेशन से भी बनवाएं पर्चे

- आभा एप, पेटीएम, ड्रिफकेस, रेक्सा, आरोग्य सेतु, ऐका. केयर

### महिला अस्पताल में भी एप से बन रहा पर्चा

जिला पुरुष अस्पताल के बाद जिला महिला अस्पताल में भी महिलाओं को घंटों लंबी लाइन में खड़े रहकर पर्चा बनवाने से छुटकारा मिल ने लगा है। यहां पर ई- सुश्रुप एप से ऑनलाइन पर्चा बनाया जा रहा है। जिला महिला अस्पताल में प्रतिदिन 250 से अधिक पर्चे बनते हैं और महिलाओं को लाइन भी लगानी पड़ती थी। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस का कहना है कि एप के माध्यम से प्रतिदिन 80 से 100 पर्चे बन रहे है। आठ महीने में एप के द्वारा 10 से 11 हजार पर्चे बनाए जा चुके हैं महिलाओं की मदद के लिए तीन कर्मचारीयों की तैनाती भी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर की गई है।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
- एचआर /एडमिन
- मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र संचालन को मांगे आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव ने बताया कि मानसिक मंदित व मानसिक रूप से रोगी निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करने के लिए स्वैच्छिक संगठनों से अनुदान योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन तथा दो प्रतियों में सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ऑफलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कमरा नंबर 105 विकास भवन माती में संपर्क किया जा सकता है।

### भाजपा की आपातकाल विषय पर गोष्ठी आज

**कानपुर देहात।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर कार्यालय माती में आज दोपहर बारह बजे आपातकाल पर गोष्ठी आयोजित होगी की जाएगी। जिसे भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल संबोधित करेंगे। वहीं दोपह ढाई बजे प्रेस कांफेंस का आयोजन किया जागए। इस दौरान सांसद, विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने दी है।

### मारपीट में दो युवक घायल

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अचली पुरवा निवासी अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसका भाई गहोलिया में निर्माणाधीन पानी की टंकी के चौकीदार से मिलने रविवार रात गया हुआ था। तभी हसनापुर गांव के पांच नामजद समेत सात से आठ लोग लाठी-डंडे व लोहे की सरिया लेकर पानी की टंकी पर आए और भाई सतेंद्र व गोलू के साथ मारपीट करने लगे। जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से रूरा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन से बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रेफर किया गया। अकबरपुर के रियाज अहमद ने बताया कि रहीम 35 वर्ष और हसीब 21वर्ष बाइक में सवार होकर पुखरायां आए थे।

# पहली बारिश में ही हर तरफ पानी ही पानी

## कई मोहल्ले में भीषण जलभराव से नगर पंचायत के नाला-नालियों की सफाई के दावों की खुल गई पोल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



अकबरपुर अंडरपास चौराहे पर बारिश व जलभराव से होकर आवागमन करते वाहन।



बारिश के बीच जलमग्न अकबरपुर की पावर हाउस गली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लंबे इंतजार के बाद आखिर मानसून ने दस्तक दे दी है। भीषण गर्मी का दंश झेल रहे लोगों को मानसून की पहली झमाझम बारिश से बड़ी राहत मिली। इससे मौसम सुहाना हो गया। किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। बारिश से अकबरपुर के नाले-नालियां व सड़कें जलमग्न हो गई। निचली बस्तियों व चौराहों पर पानी भर गया।

जिले में मई मध्य से ही भीषण गर्मी कहर बरपा रही थी। गर्मी से लोग परेशान थे और बारिश का इंतजार कर रहे थे। सोमवार सुबह से ही आसमान में घटा छा गई और बूंदाबांदी भी हुई। इसके बाद बादलों की आवाजाही रही। दोपहर करीब बारह बजे फिर बारिश शुरू हुई जो झमाझम में तब्दील हो गई। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। पिछले कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे कई लोग बारिश का आनंद लेने के लिए घर के बाहर व छतों पर भीगते रहे। वहीं थोड़ी ही देर में नाले, नालियां और सड़कें जलमग्न हो गए। अकबरपुर के अंडरपास चौराहा, पावर हाउस गली, जिला अस्पताल परिसर समेत कई मोहल्लों में पानी भर गया। जिससे नाले-नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आ गया। हालात यह हो गए कि कई गलियों में तालाब सा नजारा दिखाई देने लगा। जिससे मानसून की पहली बारिश ने नगर पंचायत के विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी। बारिश रुकने के घंटों बाद सड़कों से पानी उतर सका। हालांकि बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। सोमवार को अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 28 जून तक धूल भरी आंधी के साथ बारिश

सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं 28 जून तक धूल भरी आंधी व गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है। जिससे तापमान में और गिरावट आएगी। साथ ही लोगों को गर्मी से राहत भी मिलेगी।

### बारिश से खिले किसानों के चेहरे

बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। अभी तक तापमान 44-45 डिग्री होने से धान की नर्सरी की बढ़वार कम हो रही थी। लेकिन बारिश के बाद पौध की बढ़वार में तेजी आएगी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पौधों को विकसित होने के लिए 30 से 35 डिग्री तक तापमान बेहतर होता है।

### अकबरपुर अंडरपास चौराहे पर भीषण जाम, फंसी एंबुलेंस

**कानपुर देहात।** बारिश से बचने के लिए लोगों ने अकबरपुर अंडरपास के नीचे शरण ली तो यह भीषण जाम का सबब बन गया। चारों तरफ से आया वाहनों का रेला रेंगते जाम में फंसा रहा। ऐसे में यातायात पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने में पसीने छूट गए। सोमवार की दोपहर अकबरपुर में जोरदार बारिश शुरू हो गई। जिससे बचने के लिए बड़ी संख्या में पैदल, साइकिल सवार व दुपहिया वाहन चालकों ने अंडरपास के नीचे शरण ले ली। ऐसे में चारों तरफ से आने वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिल सकी। देखते ही देखते चंद मिनटों में कानपुर रोड, औरैया रोड, माती रोड व एसबीआई रोड पर वाहनों का रेला लग गया। जाम इतना भीषण था कि मरीजों को जिला अस्पताल ला रही एंबुलेंस भी फंस गई। यातायात पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन जल्दी निकलने की होड़ में जाम और बढ़ता गया। जिससे लोग करीब एक घंटे से अधिक समय तक परेशान रहे। कड़ी बाद में कोतवाली पुलिस ने मौके पर जाकर यातायात कर्मियों के साथ वाहनों को आगे-पीछे कराया। कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुल सका और लोगों ने राहत की सांस ली। जाम खुलने के करीब 1 घंटा तक यातायात धीरे-धीरे चला।



अकबरपुर अंडरपास चौराहे पर जाम में फंसी एंबुलेंस व वाहन। अमृत विचार

# 23 उर्वरक दुकानों पर मारा गया छापा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



दुकान में जांच करते जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता। अमृत विचार

● 21 जगह उर्वरकों का लिया गया नमूना, एक लाइसेंस निलंबित, दो को नोटिस

**अमृत विचार।** सोमवार को अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने जनपद की 23 उर्वरक दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 21 उर्वरकों का नमूना लेने के साथ ही दो को नोटिस जारी किया गया। जबकि एक उर्वरक प्रतिष्ठान को लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

अपर मुख्य सचिव कृषि के रेडियोग्राम के निर्देश पर उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने व निर्धारित मूल्यों पर उपलब्ध कराने के लिए जनपद में तीन संयुक्त टीमें गठित की गईं है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता व डीएचओ डॉ. बलदेव प्रसाद की टीम ने तहसील मैथा व रसूलाबाद की दस उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचकक छापे डालकर दस उर्वरकों के नमूने लिए। वहीं अवस्थी खाद भंडार मैथा द्वारा अभिलेख प्रस्तुत न करने तथा उर्वरकों का रखरखाव ठीक न रखने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। साथ ही रामकेश पाल खाद भंडार द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठान बंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया। उप कृषि निदेशक राम बचन राम व सीईओ मत्स्य अवनीश कुमार यादव की टीम ने तहसील भोगनीपुर व सिकंदरा में आठ उर्वरक प्रतिष्ठानों में छापा डालकर 7 नमूने लिए। महाकाल एग्रो एजेंसी मूसानगर को नोटिस जारी किया गया। वहीं जिला कृषि रक्षा अधिकारी राम नरेश,व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र वर्मन की टीम ने तहसील अकबरपुर व डेरापुर में पांच उर्वरक प्रतिष्ठानों में छापा डालकर चार नमूने लिए।

# योजनाओं व कार्यों में जनपद की 20वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा में जनपद का प्रदेश में बीसवां और कानपुर मंडल में चौथा नंबर आया है। विभागीय योजनाओं व कार्यों को लेकर मई की रैंकिंग जारी हुई है। पत्र के मुताबिक कई बड़े व वीआईपी जिलों से बेहतर काम औरैया जनपद में हो रहा है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा के तहत चल रहीं योजनाओं, शासकीय एवं विभागीय कार्यों के समय से क्रियांवयन व सफल संचालन के लिए मासिक लक्ष्य और कार्य निर्धारित किए गए हैं। उसके सापेक्ष वस्तुनिष्ठ एवं पारदर्शी प्रणाली से जनपदों की प्रत्येक महीने रैंकिंग जारी होती है। हालांकि महानिदेशक ने मानक अंक के तहत अधिकांश जिलों की रैंकिंग पर संतोष नहीं जताया है। निर्देश दिए गए हैं कि जून की रैंकिंग में सुधार किया जाए। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि रैंकिंग में जनपद की जो प्रगति हुई है। वह सबके सहयोग से आई है। जून में और बेहतर कार्य करें।

**कानपुर मंडल के जिलों की स्थिति**

| जनपद | रैंक |
|---|---|
| औरैया | प्रथम |
| कानपुर नगर | द्वितीय |
| कन्नौज | 10वीं |
| कानपुर देहात | 20वीं |
| फर्रुखाबाद | 32वीं |
| इटावा | 54वीं |

## सार-संक्षेप

### पेड़ पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव

**पुखरायां।** भोगनीपुर गांव के बाहर खेतों में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ पर लटका देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर गांव के बाहर खेतों में लगे पेड़ पर एक युवक का शव गमछे के सहारे लटका मिलने पर स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने घटना की जानकारी फॉरेंसिक टीम को दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्रित किए। उपनिरीक्षक ने बताया कि मृतक युवक की उम्र करीब 40 वर्ष है। वह कच्छा पहने हुए था। मृतक के पास किसी तरह का कोई भी आईडी प्रूफ नहीं मिला है। जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया है।




ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** सोमवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस माती का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम वेयरहाउस की सीसीटीवी व्यवस्था, साफ-सफाई, रखरखाव आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए। कहा कि ईवीएम वेयर हाउस में सफाई, सुरक्षा आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। नियमित अंतराल पर आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए वेयरहाउस में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन अमित कुमार, परियोजना निदेशक वीरेंद्र कुमार समेत विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'पुलिस भर्ती बोर्ड के अनुसार तैयार हों परीक्षा केंद्र'

**कानपुर देहात।** सोमवार को डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। इस दौरान दोषसिद्ध, दोषमुक्त वादों तथा टॉप टेन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि पॉक्सो एक्ट व गंभीर अपराध से जुड़े मामलों में संवेदनशील होकर कार्रवाई कराएं। सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को स्पीड ट्रायल से संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाएं। डीएम ने पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र चयन के संबंध में आवश्यक चर्चा कर डीआईओएस को निर्देश दिए। कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए परीक्षा केंद्रों की सूची तत्काल शासन को भेजी जाए। जो भी मानक भर्ती बोर्ड द्वारा तय किए गए हैं। उनका अनुपालन करते हुए परीक्षा केंद्र का चयन किया जाए। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय समेत अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।



बकाएदारों के बिजली कनेक्शन कटवाते जेई। अमृत विचार

### अभियान चलाकर काटे बिजली कनेक्शन

**रूरा।** विद्युत विभाग की ओर से घर-घर अभियान चला कर बकाएदारों के कनेक्शन काटे जाने का अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को बनीपारा विद्युत उपकेंद्र के जेई नितिन उपाध्याय ने टीम के साथ बनीपारा गांव में अभियान चलाकर 15 बकाएदारों के कनेक्शन काटे। इस दौरान कर्मी श्याम यादव, शीलू यादव, छोटे, आकाश, सुमन आदि मौजूद रहे।

### जान से मारने की धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के जिनई गांव निवासी ऊषा तिवारी ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बगल से सात फीट की पगडंडी का रास्ता है। जिसपर पक्की इंटरलाकिंग का निर्माण भी है। आरोप है कि बीती 15 जून को पड़ोसी मलखान, हरिश्चंद्र व नन्हू गौतम गली में ओवरलोड पिकअप और ट्रैक्टर लेकर आए। जिससे उसके मकान का छज्जा गिर गया है। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उक्त लोग घर में घुस आए और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### रामजानकी मंदिर से सोने के आभूषण, घंटा-बर्तन चोरी



मंदिर में सजा राम-जानकी का दरबार।

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के इटावा-कानपुर नेशनल हाइवे किनारे प्राचीन रामजानकी मंदिर के गेट का ताला तोड़ कर चोरों ने सोने के आभूषण, घंटा, पूजा के पीतल व तांबे के बर्तन पार कर दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। सिकंदरा कस्बा के राजेंद्र नगर मोहल्ला निवासी मंदिर के पुजारी अर्जुन पांडेय ने पुलिस को बताया कि आलमपुर गांव के इटावा-कानपुर नेशनल हाइवे किनारे प्राचीन रामजानकी मंदिर में शनिवार रात वह मंदिर के गेट में ताला लगाकर घर चले गए थे। रविवार की सुबह पूजा अर्चना के लिए मंदिर गए तो देखा कि गेट का ताला टूटा था।

# फैक्ट्रियों में आने वाले भारी वाहनों ने कर लिया सर्विस रोड पर 'कब्जा'

संवाददाता रनियां



रनियां में सर्विस रोड पर भारी वाहनों का लगी लाइन। अमृत विचार

● रनियां से रायपुर तक सर्विस रोड पर खड़े रहते वाहन, आए दिन होते हैं हादसे

**अमृत विचार।** एनएचआई की तरफ से जहां पैदल, दोपहिया व चौपहिया वाहन चालकों के लिए सुगम और सुरक्षित यातायात के लिए सर्विस रोड बनाया गया है। वहीं औद्योगिक इकाईयों में आने वाले भारी वाहन सर्विस रोड पर अतिक्रमण कर हादसों को बढ़ा रहे हैं। जबकि पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के किनारे बसे औद्योगिक क्षेत्र रनियां में करीब तीन सौ से अधिक औद्योगिक इकाईयां, होटल आदि हैं। इनके बाहर सैकड़ों की तादाद में भारी वाहन सर्विस रोड रनियां से लेकर रायपुर तक अपना कब्जा जमाए हुए हैं और मनमानी तरीके से खड़ा करते हैं। इस ओर फैक्ट्री प्रबंधन भी ध्यान नहीं देता है। जिससे राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ती है। पूर्व में सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण के चलते हुए हादसों में कई लोग अपनी जान तक गवां चुके हैं। जिसके बाद पुलिस ने कुछ दिन सर्विस रोड पर वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी, लेकिन बाद में हालात जस के तस हो गए। लोगों का कहना है कि परिवहन व पुलिस भी हाईवे की सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है। जिससे पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं। साथ ही आगे भी दुर्घटना होने की आशंका है।

# गर्मी की छुट्टियां खत्म आज से खुलेंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● परिषदीय शिक्षकों की पहले दिन से ही लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियां बीतने के बाद जिले में आज से सभी परिषदीय विद्यालय खुलेंगे। वहीं पहले दिन से ही शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। छात्रों के आने के बाद सभी की एक साथ उपस्थिति दर्ज की जाएगी।

शिक्षकों की मनमानी को लेकर विभाग सख्त है। पिछले सत्र में स्कूलों की खराब प्रगति रिपोर्ट वाले स्कूलों पर विशेष नजर रखी जाएगी। परिषदीय विद्यालय शिक्षकों के लिए 25 जून से खोल दिए जाएंगे। स्कूलों में 27 जून तक सफाई अभियान चलेगा। 28 जून से छात्र स्कूल आएंगे। जब छात्र स्कूल आने लगेंगे तो शिक्षक और छात्रों की उपस्थिति एक साथ दर्ज की जाएगी। जब तक छात्र स्कूल नहीं आते हैं, केवल शिक्षक ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शासन का निर्देश है कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास किया जाए। 14 साल का कोई भी बच्चा ऐसा नहीं मिलना चाहिए जो स्कूल न जाता हो। स्कूल खुलने को लेकर विभाग भी तैयारी में जुटा है। प्रधानाध्यापकों को सूचना भेजकर स्कूल में समय से साफ-सफाई कराने के बीएसए रिद्धी पांडेय ने निर्देश जारी किए हैं। शासन का साफ निर्देश है कि नया सत्र शुरू होने के पहले दिन से ही शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी कराई जाएगी। जब छात्र स्कूल आने लगेंगे तो सुबह प्रार्थना के समय सभी की एक साथ उपस्थिति दर्ज की जाएगी। ऑनलाइन हाजिरी की मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

## केबल बक्सा फुंकने से 3 घंटे गुल रही रूरा की बिजली

**रूरा।** केबल बक्सा फुंकने से हुए फाल्ट के चलते तीन घंटे बिजली गुल रही। जिससे लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे। विद्युत कर्मियों ने मरम्मत कर आपूर्ति बहाल कराई।

सोमवार को रूरा कस्बा के सागर मेडिकल स्टोर के पास ग्यारह हजार लाइन का केबल बक्सा अचानक फुंक गया। जिससे दोपहर करीब ढाई बजे रूरा कस्बे की बिजली गुल हो गई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी व उमस में परेशान होना पड़ा। बिजली न आने के कारण दुकानदार भी सन्नाटे में बैठे रहे। लोगों की सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने केबल बक्से की मरम्मत की। जिसके करीब तीन घंटे बाद शाम साढ़े पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जेई संतोष भारती ने बताया कि 11 हजार लाइन का केबल बक्सा फुंकने के कारण समस्या हुई थी। मरम्मत कराकर विद्युत आपूर्ति शुरू करा दी गई है।

**दिए निर्देश** — जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

# नबीपुर में अंडरपास बनाने में अब न हो देरी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



उद्यमियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान अकबरपुर क्षेत्र के नबीपुर में अभी तक अंडरपास न बनाए जाने पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों से कड़ी नाराजगी जताई और शीघ्र अंडरपास निर्माण के निर्देश दिए गए।

सोमवार को बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक इकाईयों के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण की शिकायत की। डीएम आलोक सिंह ने पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर औद्योगिक क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र जैनपुर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, जलभराव, रोड लाइट, मजदूरों के लिए हॉस्पिटल आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशि किया। डीएम ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या जल्द दूर कर ली जाएगी। टीम बनाकर सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र ही नाले का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उद्योग बंधुओं की शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर उनका निस्तारण कराया जाए। इसके अलावा उद्यमी अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए उनके पास भी आ सकते हैं। बैठक में उद्यमियों द्वारा सर्विस लेन से विद्युत पोल हटाने की मांग की गई। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय, उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद समेत उद्यमीं उपस्थित रहे।

### स्कूली बसों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट

**कानपुर देहात।** सोमवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उन्हें बताया गया कि हाईवे पर अनाधिकृत कट बंद किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कराए जा रहे कार्यों की फोटोग्राफ लोकेशन सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए स्वचालित चालान व्यवस्था, रोड पर रंबल स्ट्रिप, साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर ट्रैफिक नियमों का पालन कराएं, ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करें। डीएम ने ओवरलोड वाहनों का अभियान चला कर चालान करने के निर्देश दिए। कहा कि स्कूल खुलने से पूर्व सभी स्कूल बसों का फिटनेस टेस्ट कराया जाए।

# राज बन गया एमडीएम से कीड़े निकलने का मामला

**फॉलोअप**

● खासबरा के संविलियन स्कूल में 9 मई को दाल में कीड़े निकलने में अभी तक नहीं हुई कार्रवाई

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के खासबरा संविलियन विद्यालय में दो महीने पहले एमडीएम में कीड़े पाए जाने की घटना को अब जिम्मेदार भुला बैठे हैं। मौखिक रूप से रसोईया को हटाने की बात कहकर मामला टाल दिया गया था। जबकि हेड मास्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर अभिभावकों में रोष है।

खासबरा गांव के संविलियन विद्यालय में बीती 9 मई को एमडीएम में बच्चों के लिए बनाई गई दाल में कीड़े निकलने पर अभिभावकों और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक कुमार ने मामले की शिकायत बीएसए व अन्य अफसरों से की थी। जानकारी पर 10 मई को बीईओ संजय गुप्ता ने विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच की थी। जिसमे बच्चों ने दाल से कीड़े निकलने और रसोईया विमला देवी के व्यवहार में अभ्रदता की शिकायत की थी। बीईओ ने स्कूल की हेड मास्टर स्नेहलता व अन्य शिक्षकों के बयान दर्ज कर रिपोर्ट बीएसए को भेजने की बात कही थी। मामले में फिलहाल कोई भी कार्रवाई न होने से बच्चों के अभिभावकों में रोष है। राजपुर बीईओ संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की गई है। जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजी गई है।

## एक नजर

### शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का होगा गठन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होटल इंडस्ट्री के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को सरकारी आवास पर आवास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

# 30 जिलों के एआईजी स्टांप को प्रतिकूल प्रविष्टि

## 01 से 15 जून तक की समीक्षा में महानिरीक्षक निबंधन को खराब मिली प्रगति रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी बरेली मुरादाबाद, शाहजहांपुर समेत अन्य जिलों को मिली चेतावनी

**अमृत विचार :** राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी रहने पर महानिरीक्षक (आईजी) निबंधन डॉ. रुपेश कुमार ने लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज समेत 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और बरेली, मुरादाबाद समेत 29 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी है।

महानिरीक्षक ने शिविर कार्यालय लखनऊ में 1 से 15 जून तक स्टांप और निबंधन शुल्क प्राप्ति की जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट तलब की। इन 15 दिवसीय कार्यों में 300 करोड़ से अधिक वार्षिक लक्ष्य वाले 25 में 10 जिलों लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, फिरोजाबाद, जौनपुर, अलीगढ़ व देवरिया में सबसे कम राजस्व प्राप्ति पाई गई। इसी तरह वार्षिक लक्ष्य 200 से 300 करोड़ वाले 22 में 10 जिले अमरोहा, बहराइच, प्रतापगढ़, सीतापुर, हरदोई, इटावा, लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, बलिया व रायबरेली सबसे पीछे रहे। इसके अलावा वार्षिक लक्ष्य 200 करोड़ वाले 28 में 10 जिलों कानपुर देहात, सोनभद्र कासगंज, अमेठी, फतेहपुर, चंदौली, एटा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी व कन्नौज की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सोमवार को महानिरीक्षक ने फिसड्डी इन 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी।

### 43 फीसदी से कम राजस्व

दूसरी ओर 43 फीसदी से कम राजस्व प्राप्ति होने पर बरेली, मुरादाबाद, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, चित्रकूट, बस्ती, संभल, झांसी, औरैया, बांदा, सुल्तानपुर, बलरामपुर, गौतमबुद्ध नगर, बाराबंकी, आजमगढ़, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, हमीरपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, संत रविदास नगर, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर, हाथरस व मऊ की इन जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी गई है।

# तीन इकाइयां चालू फिर भी बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ बंद पड़ी ओबरा की एक इकाई चालू होने के थोड़ी देर बाद फिर हुई ठप

**अमृत विचार:** प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की बंद चल रही छह इकाइयों में से चार इकाइयां चालू हो गईं, पर दो इकाइयां अभी भी ठप हैं। इस बीच ओबरा की एक इकाई ठप हो गई है। तीन इकाइयों के ठप होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। साथ ही, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सिलसिला जारी है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई को चालू करने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। बिजली अभियंता रात में ही इस इकाई को चालू कर लिये जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, पहले से बंद चल रही बारा की 660 मेगावाट व मेजा की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। इन इकाइयों को भी चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने सोमवार की देर रात तक इकाइयों के चालू होने की संभावना जताई।

### अधिकतम मांग 28,548 मेगावाट दर्ज की गई

सोमवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,548 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 21,394 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व आपूर्ति में अंतर होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। मालूम हो कि पिछले दिनों टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गई थीं। इन इकाइयों को अब चालू कर लिया गया है।

# जालसाजी से मुक्त होगी संपत्ति की खरीद-फरोख्त

## ई-स्टाम्प को ज्यादा सुरक्षित बनाएगी राज्य सरकार, नई विशेषताओं के साथ जल्द होंगे उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




▶▶ छोटी रकम के ई-स्टाम्प पेपर के जरिए होगी बड़ी शुरुआत

▶▶ जाली स्टाम्प पेपर के भय से मिलेगी पूरी तरह से मुक्ति

▶▶ ई-स्टाम्प के नये प्रारूप का डिजाइन भी हुआ फाइनल

**अमृत विचार:** अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त अथवा एग्रीमेंट में स्टाम्प-पेपर की जालसाजी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी और कमीशनखोरी पर भी अंकुश लगेगा। राज्य सरकार ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की तैयारियां पूरी हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है।

दरअसल, इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन सत्यापित करने के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के डर से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, एसडी अमाउंट, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नई विशेषताओं वाले ई-स्टांप से विभाग और उपभोक्ता दोनों की ही आसानी होगी।

### स्टाम्प की कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश

2023-24 के आंकड़ों के अनुसार 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर कमीशन कम होता है, ऐसे में अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के सुरक्षित ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा।

### छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की सर्वाधिक मांग

10 रुपए के स्टाम्प पेपर के मुद्रण में लगभग 16 रुपए का खर्च आता है। इसमें कानपुर डिपो से उसके परिवहन की लागत भी शामिल है। छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है। शपथ पत्र, विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश के वक्त, सेवायोजन में और लोक शिकायतों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पेपर इस्तेमाल में लाए जाते हैं।

### ई-स्टाम्प शुल्क वसूलने का एक आधुनिक संस्करण

ई-स्टाम्प सरकार द्वारा जनता से स्टाम्प शुल्क वसूलने का एक आधुनिक संस्करण है। यह प्रक्रिया, कंप्यूटर-आधारित है जिसे गैर-न्यायिक स्टाम्प शुल्क का भुगतान करने का एक सुविधाजनक और कुशल तरीका माना जाता है। पारंपरिक स्टाम्प पेपर के बजाय इसे अधिक कुशल, सुरक्षित और छेड़छाड़-विहीन तरीका माना जाता है।

## शुरू हुई तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया

**अमृत विचार,लखनऊ:** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, इण्टर कालेजों में कार्यरत सहायक अध्यापकों (एलटी) एवं प्रवक्ताओं का तबादला सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई है। आवेदन 26 जून की रात्रि 12 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे। इसके बाद शिक्षक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है इधर उधर किसी के झांसे में न आये किसी समस्या के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 8317054632-8332870905 पर सपंर्क किया जा सकता है। तबादले इच्छुक आवेदक मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार वरीयताक्रम में अधिकतम 5 विकल्पों का चयन कर सकते हैं। स्थानांतरण के लिए उच्च गुणांक वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी।

# 3जी से 4जी तकनीक में नहीं बदले गए स्मार्ट मीटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ 12 लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगे हैं 3जी तकनीक के स्मार्ट मीटर

▶▶ पावर कॉरपोरेशन ने बदलने का दिया था आदेश

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के आदेश के बाद भी प्रदेश के लगभग 12 लाख उपभोक्ताओं के घरों पर लगाये गये 3जी तकनीक के स्मार्ट मीटर की जगह 4जी मीटर नहीं लगाये गये हैं। उपभोक्ताओं को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बकाये पर बिजली कटने के बाद दोबारा बहाल होने में कई दिन लग जा रहे हैं।

प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। वितरण निगमों के स्तर पर मीटर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इन मीटरों को लगाये जाने का कड़ा विरोध हो रहा है है। इन मीटरों में चायनीज उपकरणों के लगे होने के आरोप लग रहे हैं। इस बीच, पिछले दिनों ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने इन मीटरों को लगाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत कॉरपोरेशन ने तैयारी तेज कर दी है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड को दो साल पहले लिखे गये पत्र का खुलासा करते हुए कहा कि 12 लाख लोगों के यहां लगे 3जी तकनीक के मीटर को अभी 4जी में तब्दील नहीं किया गया है, जबकि इन मीटरों में खामियों की शिकायत लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के पहले इसकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए, साथ ही, 5जी तकनीक के मीटर लगाये जाने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## वैभव कृष्ण आजमगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी बने

**अमृत विचार,लखनऊ:** उत्तर-प्रदेश में स्थानान्तरण का दौर जारी है। सोमवार की देर रात दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानान्तरण हुआ। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने दो पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किये हैं।

गृह विभाग के प्रवक्ता के अनुसार आजमगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को इसी पद पर ईओडब्लू लखनऊ में तैनाती दी गयी है,जबकि सुरक्षा में तैनात पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण को आजमगढ़ परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर में एसएसपी के पद पर तैनात रहने के दौरान वैभव कृष्ण पर गंभीर आरोप लगे थे,जिसमें वह काफी समय तक निलंबित रहे।

इसके अलावा पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा किये गये पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले के क्रम में विकास श्रीवास्तव को सहायक आयुक्त वाराणसी से सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ और एलआईयू गोरखपुर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार राहुल को सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर भेजा गया है।

## धर्म दर्शन

# यज्ञोपवीत के प्रवर



यज्ञोपवीत में गांठ लगाने के पहले धागे के एक छोर से लूप बनाया जाता है और दूसरे छोर को तीन या पांच बार लपेटा जाता है। ये तीन या पांच लपेटन की संख्या प्रवरों की संख्या पर निर्णीत होती है। जिन गोत्रों के पांच प्रवर होते हैं वे पांच लपेटन देते हैं। तीन प्रवर वाले तीन लपेटन देते हैं। इसके बाद धागे को लूप से ले जाकर कसा जाता है और गांठें दी जाती हैं। प्रवर गोत्र के पूर्वज ऋषियों के नाम होते हैं। उदाहरण के लिए वत्स गोत्र वालों के पांच प्रवर हैं। वे ऋषि हैं- भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि। ब्रह्मा के मानस पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ भृगु ऋषि गोत्रोत्पन्न वत्स ऋषि से यह गोत्र स्थापित हुआ। मूल ऋषि भृगु रहे। इस वंश में पांच प्रवर-भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व और जमदग्नि हुए। मूल ऋषि होने के कारण भृगु ही इनके गण हुए। परशुराम इसी वंश के थे, वह जमदग्नि के कनिष्ठ पुत्र थे।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यज्ञोपवीत के ये पांच प्रवर हमें याद दिलाते हैं इन ऋषियों का। हमें यह भी जानना चाहिए कि उन ऋषियों ने क्या किया था। केवल यज्ञोपवीत धारण करना काफी नहीं है। केवल नाम जानना पर्याप्त नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि नाम पर्याप्त होता है। यह झूठ है। कहते हैं-उल्टा नाम जपत जग जाना/वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना। लेकिन यह बेकार बात है। छांदोग्य उपनिषद (7.1-26) में बतलाया गया है कि नाम काफी नहीं होता। कहानी कुछ यूं हैः एक बार नारद ऋषि सनत्कुमार के पास गए और उनसे ज्ञान का मार्ग दिखाने तथा सर्वोच्च सत्य की शिक्षा देने का अनुरोध किया। सनत्कुमार ने नारद जी से कहा, “मुझे बताओ कि तुम क्या जानते हो, और फिर मैं तुम्हें उससे आगे की बातें सिखाऊंगा।” तब नारद ने उनसे विनम्रतापूर्वक कहा, “मैं चारों वेदों और महाकाव्यों को जानता हूं, मैंने व्याकरण, कर्मकांड, गणित, खगोल विज्ञान, दर्शन, मनोविज्ञान, ललित कला और विभिन्न अन्य धर्मनिरपेक्ष विषयों का अध्ययन किया है, लेकिन इस सारे ज्ञान ने मुझे आत्म को जानने में मदद नहीं की है। मैंने आप जैसे आध्यात्मिक गुरुओं से सुना है कि जो व्यक्ति आत्म को जान लेता है, वह दुःख से परे चला जाता है। मैं दुःख में खोया हुआ हूं। कृपया मुझे सिखाएं कि मैं कैसे परे जाऊं।” नारद और सनत्कुमार के बीच एक बहुत लंबा संवाद है जिसके माध्यम से सनत्कुमार नारद को बताते हैं कि नारद जो कुछ भी जानते हैं वह केवल नाम है। इससे परे जाने के लिए व्यक्ति को यह जानना होगा कि नाम से बड़ा क्या है। इस उपनिषद से हम सीखते हैं कि नाम काफी नहीं है। यह शुरुआत जरूर है, लेकिन केवल नाम जपते रहने से आपको कुछ नहीं मिलना है। ब्रह्मसमाना होने का भ्रम न पालिए। तो प्रवरों के नाम जानना पर्याप्त नहीं है। अपने प्रवर ऋषियों को जानिये। उनके कामों को जानिए। उनका अनुकरण कीजिए।

# ऋग्वेद और अथर्ववेद

ऋग्वेद और अथर्ववेद में पादबद्ध मंत्र हैं और इनका गान होता है। उपनिषदों का कहना है कि वाणी और प्राण का जैसा संबंध है, वैसा ही संबंध ऋचा और साम का है। ऋचा शब्द का अर्थ है-चरण युक्त मंत्र। इन मंत्रों का षड्ज, मध्यम आदि स्वरों में आलाप होता है। वेदमंत्रों के गान को ही साम कहा गया है। केवल मंत्र पाठ को ही साम नहीं माना जा सकता है और न सिर्फ गान को ही, बल्कि इन दोनों के मिश्रण को ही साम कहा गया है। स्वर-आलाप ही साम की गति है। स्वर अथवा आलाप के बिना साम नहीं होता है। साम का स्वरूप आलाप है। अतः निश्चित है कि साम शब्द से हमें उन गानों को समझना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न स्वरों में ऋचाओं पर गाये जाते हैं। जिन ऋचाओं के ऊपर ये साम गाये जाते हैं, उनको वैदिक लोग “साम -योनि” नाम से पुकारते हैं। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि जिसे सामवेद संहिता कहा गया है, वह इन्हीं सामयोनि ऋचाओं का संग्रह है। यही सामवेद के रूप मे पुस्तकाकार संकलित है। सामवेद के दो प्रधान भाग हैं-आर्चिक तथा गान। आर्चिक शब्द का अर्थ है ऋचासमूह। इसके दो भाग हैं पूर्वआर्चिक तथा उत्तरार्चिक। इसमें प्रमुखतः अग्नि, इन्द्र व सोमदेव विषयक ऋक् मंत्रों का समन्वय उपस्थित किया गया है। सोम विषयक ऋचाएं पूरी तरह से ऋग्वेद के नवम् मंडल से ली गई है। पहले से लेकर पांचवें अध्याय तक की ऋचाओं को तो ग्राम गान कहते हैं, लेकिन छठे अध्याय की ऋचाएं अरण्य में गेय होने के कारण “अरण्यगान” कही जाती हैं। पूर्व आर्चिक के मंत्रों की संख्या 650 है उत्तरार्चिक मे 1225 मंत्र हैं। इस प्रकार सामवेद में कुल 1875 ऋचाएं हैं। सामान्य तौर पर यह आम धारणा है कि सामवेद में उपलब्ध ऋचाएं ऋग्वेद से ही गान के लिए संगृहीत की गई है, लेकिन कहीं-कहीं सामवेद और ऋग्वेद की ऋचाओं में केवल आंशिक साम्य ही देखने को मिलता है। सामवेद में लगभग 450 ऐसे मंत्र है जिन पर कोई गान नहीं है। यदि सामवेद, ऋग्वेद के बाद की रचना है, तो ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर ‘साम’ का उल्लेख नहीं मिलना चाहिए। ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर साम का उल्लेख देखा जा सकता है। इतना ही नहीं यज्ञ की सफलता के लिए होता, अध्वर्यु तथा ब्रह्मा नामक व्यक्तियों के साथ उद्गाता का काम गायन ही तो है। तब साम को अर्वाचीन किस आधार पर माना जाए? इससे यह भी आभास मिलता है कि साम संहिता के मंत्र ऋग्वेद से उधार लिए नहीं प्रतीत होते। यह उतने ही स्वतंत्र और प्राचीन हैं, जितने कि ऋग्वेद के मंत्र। इस प्रकार साम संहिता की अपनी स्वतंत्र सत्ता की पुष्टि होती है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-111

**बाएं से दाएं**

1. 1. अनाज ओसाने की क्रिया या भाव 2. अनाज ओसाने का पारिश्रमिक।

4. 1. विघटन करने वाला 2. बरबाद करने वाला 3. दूर करने वाला 4. कलह या बंटवारा कराने वाला।

5. 1. लकड़ी

7. रूठे या मान किए हुए किसी आत्मीय या प्रेमी को मनाने के लिए की जाने वाली कोशिश, प्रणय में होने वाला रूठना-मनाना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. ईमानदार होने की क्रिया

3. 1. उकेरने या खोदकर बेलबूटे बनाने का कार्य 2. नक्काशी करने की क्रिया, (एनग्रेविंग)।

4. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

6. आदमी, मनुष्य, व्यक्ति।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | | |
| ■ | 6 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 | | | | | |

### वर्ग पहेली -110 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | ढ़ी | ■ | 2 अ | ■ | 3 क |
| ती | ■ | ■ | व | ■ | लां |
| ■ | 4 प | द | ना | मि | त |
| ■ | र | ■ | य | ■ | र |
| ■ | का | ■ | क | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | ■ | ■ | 5 त |
| 6 ई | ना | म | ■ | 7 तो | ड़ी |

## सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 6 | | | 1 |
| 9 | | | 5 | | 2 | 4 | | |
| | 7 | | | 4 | | 2 | | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | 6 | |
| 1 | | 2 | | | | 5 | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | 8 | | |
| 3 | | 1 | | 5 | | | 4 | |
| | | 6 | 7 | | 4 | | | 8 |
| 2 | | | 8 | | | 9 | | |

### सुडोकू -23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 23.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** – आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आये खर्चों में कमी आयेगी। आपका मन काफी शांत रहेगा। धन से जुड़ी समस्याएं सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी का विचार बना सकते हैं। आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं।

**वृष** – आज आप मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जीवनसाथी के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।

**मिथुन** – आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। आज आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए, जो आपके सिद्धान्तों के अनुरूप न हों। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर ही वक्तव्य देने चाहिए।

**कर्क** – आज आप सभी कार्य सम्भलकर करेंगे। गृहस्थ जीवन काफी सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार में सहकर्मियों पर निर्भरता बढ़ेगी।

**सिंह** – आज आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर विभिन्न जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। लापरवाही के कारण आपके कई काम बिगड़ सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला** – आज अधिकारी वर्ग के लोग आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन को लेकर परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। आज आप कुछ नया करने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। एसिडिटी और सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाये रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।


**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आयेंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। संतान को काफी अच्छी सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी को आप काफी अच्छा समय देंगे। खरीदारी के दौरान बिल आदि का पूरा ध्यान रखें।

**मकर** – आज आप आराम के मूड में रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव हानि हो सकती है। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। रिश्तेदारों से झगड़ा हो सकता है।

**मीन** – आज परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आज वेबसीरीज और मनोरञ्जन के सन्साधनों में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 14.32 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- **पृथ्वी** – सुबह : 10.45
- **हम साथ साथ है** – रात : 08.12

**&pictures**
- **हसीना मान जाएगी** – सुबह : 10.58
- **विवाह** – रात : 07.30

**SONY PIX**
- **मैड मैक्स :फरी रोड** – दोपहर : 12.03
- **2012** – शाम : 06.19

**ZEE CINEMA**
- **लगान** – दोपहर : 03.24
- **पथु थल** – रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
- **देवदास** – सुबह : 07.32
- **हनुमान** – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पत्नी- देखो मौसम कितना हसीन है तुम्हारा क्या प्लान है ?
पति- मेरा तो वही है 178 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए।
पत्नी- घुस जाओ तुम मोबाइल में पहले...

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,341.08 | 23,537.85 |
| बढ़त | 131.18 | 36.75 |
| प्रतिशत में | 0.17 | 0.16 |

# कारोबार/कृषि



## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1115 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2400-2450 |
| आर. आर.21 | 2550-2600 |
| गेहूं फारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 6500 -6600 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -11000 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 7800 -8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16700-16800 |
| अरहरस्पेशल | 14300-14400 |
| चनादाल | 7900-8000 |
| मटरदाल | 4750-4850 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूंगदाल | 8100 -9700 |
| मूंग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500 - 10000 |
| सेला 2 | 500 - 3000 |
| बासमती न02. | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1435 |
| सूजी | 1440-1460 |

# श्रम संगठनों के साथ बजट से पहले चर्चा

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने सुझाव रखे

नई दिल्ली, एजेंसी



• वित्त और राजस्व सचिवों, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बैठक में हुए शामिल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा चरण 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा।

### वित्त मंत्रालय की आज बैंक प्रमुखों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमुखों की बैठक बुलाई है। अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी करेंगे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्वनिधि और अन्य कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज दी जाती है। पांच साल के लिए 13,000 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ शुरू की गई इस योजना से बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने वाले श्रमिक और नाई सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

### इन योजनाओं की बैठक में होगी समीक्षा

पीएम जनधन योजना, पीएमजेडीवाई के तहत निष्क्रिय खातों और रुपे कार्ड जारी करने की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है, किसी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18-70 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता के लिए दो लाख और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। बैंकों ने 7 साल में स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 1.80 लाख से अधिक को 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस योजना को अब बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

# मार्च तिमाही में चालू खाता 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी




• 4.1% वृद्धि से शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले 39.1 अरब डॉलर से अधिक है

देश के चालू खाते में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति रही जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.6% है। आरबीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन में विकास पर कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में चालू खाता में 1.3 अरब डॉलर के घाटे की स्थिति थी जो जीडीपी का 0.2% थी। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 8.7 अरब डॉलर का घाटा रहा था जो जीडीपी का 1% था। मार्च तिमाही के आंकड़े के साथ ही 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा 23.2 अरब डॉलर पर आ गया जो जीडीपी का 0.7% है। 2022-23 में चालू खाते का घाटा 67 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2% था। पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 50.9 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 52.6 अरब डॉलर से कम है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस खंड में 4.1% वृद्धि होने से देश की शुद्ध सेवा प्राप्तियां 42.7 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले के 39.1 अरब डॉलर से अधिक है। इससे चालू खाते को अधिशेष की स्थिति में लाने में मदद मिली। आरबीआई के मुताबिक, प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध बर्हप्रवाह, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाता है, एक साल पहले के 12.6 अरब डॉलर से बढ़कर 14.8 अरब डॉलर हो गया। विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन को दर्शाने वाली निजी हस्तांतरण प्राप्तियां 11.9% बढ़कर 32 अरब डॉलर हो गईं। में यह 3.6 अरब डॉलर थी। 2023-24 की में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश दो अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले यह 6.4 अरब डॉलर था।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91150 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000-55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,5000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 888 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,675 |
| चांदी आभूषण | 90,100 |

# एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर रखा कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

• ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में आएगी कमी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी।

एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और 2023-24 में यह 8.2% की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा df हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6.8% पर आ जाएगी। एसएंडपी का अनुमान है कि 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 और 7% की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2%की दर से बढ़ेगी।

# गेहूं भंडारण सीमा तय, आयात शुल्क घटाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



• कीमतों को नियंत्रित करने व जमाखोरी रोकने के लिए लिया गया निर्णय : केंद्रीय खाद्य सचिव

केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इसका मकसद जमाखोरी रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी पर विचार हो सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40% आयात शुल्क है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और जमाखोरी रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक तय सीमा से अधिक है तो उन्हें अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों में इसे तय सीमा तक लाना होगा।

लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया।

## राष्ट्रीय

# 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए मोदी : खरगे

## कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री आज ज्यादा बोले, इसे कहते हैं रस्सी जल गई, बल नहीं गया

नई दिल्ली, एजेंसी



• प्रधानमंत्री मोदी ने नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक पर मौन साध लिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए सोमवार को कहा कि इसकी 50वीं बरसी पर देशवासी यह संकल्प लें कि फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र पर संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा किप्रधानमंत्री मोदी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। उन्होंने कहा कि देश को आशा थी कि मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी मोदी मौन रहे। मणिपुर 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है पर मोदी न वहां गए और ना कोई चिंता व्यक्त की है। असम व पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, महंगाई हो, रुपये का गिरना हो, एग्जिट पोल-स्टॉक बाजार घोटाला हो, जातिगत जनगणना पर भी मोदी बिलकुल चुप थे। उन्होंने कहा कि मोदी विपक्ष को नसीहत दे रहे हैं।

### इंडिया समूह ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होते ही इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान अखिलेश यादव और डिंपल यादव समेत सपा के कई नेता भी संविधान की प्रति लेकर संसद पहुंचे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे।

### भाजपा को कोई समर्थन नहीं : पटनायक

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे, अगर ओडिशा के हितों की अनदेखी होती है तो वह आंदोलन करने के लिए दृढ़ हैं।

# तमिलनाडु शराब हादसे पर खरगे को नड्डा ने लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु शराब त्रासदी मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की सरकार और माफिया के बीच सांठगांठ नहीं होती तो 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

नड्डा ने कहा कि शराब त्रासदी के बाद करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने देश को झकझोर दिया है। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध रखी है। नड्डा ने खरगे से कहा कि वह सीबीआई जांच और राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें।

### शराब कांड की सीबीआई से कराएं जांच : भाजपा

**चेन्नई।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से भेंटकर उनसे 53 लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नामलाई ने एक्स पर दावा किया कि इस त्रासदी से 60 लोगों की जान गयी है। उन्होंने मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग के मंत्री एस मुथुस्वामी को इस प्रकरण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रवि से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश देने की भी अपील की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौंदर्यराजन भी थीं।

### शराब त्रासदी के खिलाफ अन्नाद्रमुक का प्रदर्शन

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब पीने से लोगों के मारे जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीबीआई जांच और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ काली शर्ट पहनकर कल्लाकुरिची में विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

## एक नजर

### टॉय ट्रेन का डिब्बा पलटने से बच्चे की मौत


**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मॉल में टॉय ट्रेन का डिब्बा पलट जाने से उसमें सवार 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात एलांटे मॉल में हुई, जहां पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। शहबाज आखिरी डिब्बे में बैठा था, जो टॉय ट्रेन के मुड़ने ये पलट गया, जिससे लड़के के सिर में चोटें आईं। उसको सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### एक नक्सली गिरफ्तार

**गया।** बिहार में गया जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य गोरेलाल रवानी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सोमवार को यहां बताया कि 14 जून को जिले के कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में पूर्व नक्सली की हत्या की गई थी। इसके बाद कोंच थाना में प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में गया पुलिस, औरंगाबाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूर्व में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। गोरेलाल रवानी भी उक्त हत्याकांड में शामिल था, जो कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था।

# वीवीआईपी के लिए फुटपाथ खाली कराते हैं तो सबके लिए क्यों नहीं

मुंबई, एजेंसी



• चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार: बंबई हाईकोर्ट

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर कार्रवाई का आह्वान किया।

अदालत ने कहा, जब प्रधानमंत्री या वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे रहते हैं, तब तक ऐसा रहता है। तब यह कैसे हो जाता है? यह बाकी लोगों के लिए क्यों नहीं हो जा सकता? नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित जगह की जरूरत है जो मौलिक अधिकार है।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों पर समय-समय पर कार्रवाई होती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी भूमिगत बाजार के विकल्प पर भी विचार कर रही है। अदालत मामले पर अगली सुनवाई 22 जुलाई को करेगी।

# फैशन डिजाइनर को धमकियां मिलने पर मिली सुरक्षा

वडोदरा (गुजरात), एजेंसी

### स्वर्ण मंदिर में योग

वडोदरा की फैशन डिजाइनर को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में योग करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने पर पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई है।

फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अर्चना मकवाना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन किया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीं। इसके बाद मकवाना को मारने की धमकियां भी मिलीं। मकवाना ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। पंजाब पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की शिकायत पर रविवार को मकवाना के खिलाफ मामला दर्ज किया। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था ने अपने तीन कर्मचारियों को लापरवाही पर निलंबित कर दिया है। वडोदरा पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मकवाना को रविवार से एक हफ्ते की अवधि के लिए पुलिस सुरक्षा दी गई है जिसे जरूरत पर बढ़ाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों को मकवाना हटा दिया और एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी। मकवाना ने कहा कि उन्होंने एकता तथा फिटनेस का संदेश फैलाने के लिए पवित्र स्थल पर योग किया।

# बिल्ली के बच्चे को ऊंची इमारत से फेंकने वाले के खिलाफ केस

**कोलकाता।** कोलकाता में ऊंची इमारत में अपने अपार्टमेंट से कथित रूप से बिल्ली के बच्चे को फेंककर उसे मारने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोलकाता के टांगरा पुलिस स्टेशन में आरोपी की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पीपल फोर एथिकल ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स (पेटा) के बयान के अनुसार आरोपी की पत्नी फबीहा हाशमी ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि घरेलू झगड़े के दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने बिल्ली के बच्चे को 13वीं मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट की खिड़की से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच जारी रहेगी।

# असम के मोरीगांव में सरकारी भूमि से 1,500 परिवार बेदखल

मोरीगांव (असम), एजेंसी

• वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे लोगों को खाली करने के लिए प्रशासन ने कहा

असम के मोरीगांव जिले में वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे 1,500 परिवारों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने सोमवार को बताया कि 10,000 लोगों के ये परिवार जागीरोड के सिलभंगा गांव में सरकारी जमीन पर बस हैं। इस क्षेत्र के लोगों को 12 जून को नोटिस दिया गया था, जिसमें लोगों को 10 दिन में जमीन खाली करने के लिए कहा गया है। अधिकतर परिवारों ने इस आदेश का पालन किया है। देवाशीष शर्मा ने बताया कि इनमें से कुछ परिवार के बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। मानवीय व्यवहार के तौर पर हमने परीक्षा खत्म होने तक उनके रहने का इंतजाम करने का फैसला किया है।

जिला आयुक्त ने कहा कि प्रशासन इस जमीन को बल प्रयोग और ध्वस्त किए बगैर खाली कराने के लिए काम कर रही है। लोग ऐसा करने के लिए सहमत हैं। उनमें से 80 प्रतिशत लोगों ने पहले कब्जा की गई भूमि से अपना सामान हटा लिया है।

# मार्च के दौरान दो दर्जन छात्र पुलिस हिरासत में

### नीट-यूजी, यूजीसी-नेट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी में अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के थे। एनएसयूआई ने संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को जुलूस निकालने से रोकने के लिए इलाके में बैरिकेड लगा दिए। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस तैनाती थी। प्रदर्शन के दृश्यों के अनुसार कुछ छात्रों ने बैरिकेड को पार करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि मार्च के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, इसलिए पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर विभिन्न थानों में ले गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस तरह के जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी गई है और ऐसा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### परीक्षा रद करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट)-स्नातक में अनियमितताओं के बीच परीक्षा को रद करने संबंधी याचिकाओं पर सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले की सुनवाई 10 जुलाई को होगी। उच्चतम न्यायालय में आठ जुलाई को नीट-स्नातक परीक्षा 2024 को रद करने और अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई होनी है, जिसके दो दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट इस पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अशोक जैन ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं के वकील रामप्रताप सैनी ने बताया कि अदालत ने मामले पर 10 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है। दिन के समय उच्च न्यायालय में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

# रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

दुबई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की
- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें अभी संभावनाओं को तलाशा नहीं गया है।

रविवार को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर आए जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की। उन्होंने अल नाहयान से मुलाकात से पहले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वाणिज्यिक व आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी। दोनों मंत्रियों ने और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा कीए जिनमें अभी तक संभावनाएं तलाशी नहीं गयी हैं और उन्होंने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए।


यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

# अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर राजदूत तलब

मास्को, एजेंसी

- रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूत से विरोध दर्ज कराया

रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार को अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है और निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि रविवार के हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो क्रीमिया के बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया।

# द.कोरिया में लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में आग, 16 की मौत

सियोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्ट्री की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।


फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग।

## एक नजर

### अमेरिका में रैपर चार्ल्स की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रैपर चार्ल्स जोन्स की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। जोन्स के वकील ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपर की 26वें जन्मदिन के दो दिन बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को टाम्पा शहर के एक होटल में रविवार को गोलीबारी की सूचना मिली ।घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पार्किंग में गोलियों से छलनी दो गाड़ियां मिलीं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में जोन्स की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### राजकुमारी एनी को मामूली चोट लगी

**लंदन।** गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को हुई एक घटना में राजकुमारी एनी को मामूली चोट और सिर में चोट आयी है। यह जानकारी बकिंघम पैलेस ने दी। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, चार्ल्स को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। बयान में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है।

### उ. कोरिया ने सियोल की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े हैं, जिन पर संभवतः कचरा रखा हुआ है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे दक्षिण (कोरिया) की ओर बढ़ रहे हैं। बयान में, दक्षिण कोरिया के लोगों से इन गुब्बारों को न छूने की अपील की गई है तथा इस बारे में सेना और पुलिस अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया है।

### पश्चिमी जापान में भूस्खलन की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को कहा कि मंगलवार तक पश्चिमी जापान में गरज के साथ अतिवृष्टि होने का आसार है, जिससे भूस्खलन के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मौसम एजेंसी ने कहा कि गर्म और नम हवाएं पश्चिमी जापान में मौसमी बारिश की संभावनाएं बना रही हैं, जिसने इस क्षेत्र में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर बना दी हैं।

# रूस आतंकवादी हमले में 15 पुलिस अधिकारी समेत 19 लोगों की मौत

## रविवार शाम बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में गोलीबारी की थी

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिसकर्मियों ने मार गिराया
- राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि बंदूकधारियों की पहचान कर ली गई है

रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमले में 19 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 15 पुलिस अधिकारी और एक पादरी और चार नागरिक हैं। आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिस ने मार गिराया है। रूस की जांच समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविवार शाम को अज्ञात बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक आराधनालय और एक यातायात थाना पर गोलीबारी की जिससे अधिकारियों को आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करना पड़ा। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। समिति ने एक बयान में कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। साथ ही एक रूढ़िवादी पादरी सहित चार नागरिक मारे गए। इसके अतिरिक्त, आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को मार गिराया गया है। बयान में कहा गया है कि उनकी पहचान कर ली गई है।

हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। वहीं हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। दागेस्तान रूस और पुतिन के लिए किसी दुखती रग की तरह है। पहले भी यहां हमले होते रहे हैं। इस बार हमला यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट पर हुआ। ये आतंकी हमला पुतिन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।



# हमास के वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार गिराने का दावा

**यरुशलम।** इजरायल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में हमास के एक वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार दिया है और वह राफा शहर में आक्रमण जारी रखेगा। इजरायली सेना ने ताजा बयान में कहा कि हमास में हथियार बनाने वाले मुख्यालय में वह परियोजना और विकास प्रभारी के रूप में हथियार विशेषज्ञ के तौर पर काम करता था। वह रणनीतिक हथियार बनाने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने हथियार बनाने के काम करने वाले कई दस्तों की कमान संभाल रखी थी।

# युद्ध समाप्ति के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

- टिप्पणी से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश



गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।

रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है, जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

# आतंकवाद की अनदेखी न हो: उच्चायुक्त

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा या राष्ट्रीयता नहीं होती

भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। माना जाता है कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था। ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में आतंकवाद के घृणित कृत्य में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

# हिजबुल्लाह ने बेरूत हवाई अड्डे पर जमा किए हथियार

बेरूत, एजेंसी

- कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाए जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे
- लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया

लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बेरूत के हवाई अड्डे पर मिसाइलों और विस्फोटकों सहित भारी मात्रा में ईरानी हथियार जमा कर रखे हैं। द टेलीग्राफ अखबार ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक हवाई अड्डे पर वहां के कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाये जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की कि हवाईअड्डा प्राथमिक सैन्य लक्ष्य बन सकता है। दूसरी तरफ लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताते हुए सभी मीडिया आउटलेट्स और राजदूतों या उनके प्रतिनिधियों को हवाई अड्डे का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वहां कोई हथियार नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से संपर्क किया है। हम झूठे आरोपों और बेरूत हवाई अड्डे की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए द टेलीग्राफ अखबार के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।

# चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

**काठमांडू।** चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रसाद ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर चीनी उप विदेश मंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राजधानी काठमांडू में होगी। काठमांडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

# सिंधु जल संधि: पाकिस्तानी डेलिगेशन निरीक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

- चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण होगा

सिंधु जल संधि के तहत जम्मू-कश्मीर में दो पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल तटस्थ विशेषज्ञों के साथ रविवार शाम यहां पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल केंद्र शासित प्रदेश में चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करेगा।

### तोशाखाना मामले की जल्द सुनवाई को अपील

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ उनकी अपील पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने तोशाखाना के उपहारों की जानकारी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं करने के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने के आयोग के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अपील में दलील दी गई है कि खान को पार्टी प्रमुख के रूप में काम करने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी में भारतीय नागरिक की मौत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डकैती की घटना के दौरान गोलीबारी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर अपनी पोस्ट में बताया कि टेक्सास प्रांत के डलास में प्लेज़ेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गोपी कृष्ण दासारी के दुखद निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास दासारी के स्थानीय परिजनों के संपर्क में है और अपने स्तर पर एवं विभिन्न भारतीय संगठनों के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

# गदर 3 में काम करना चाहती हैं अमीषा पटेल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभायी। पिछले वर्ष गदर : एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुयी। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। अमीषा पटेल ने हाल ही में एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा, हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है, इसलिए हां, यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

# अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज हो गया है। अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी रिलीज किया है। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतीक है। गाने में जी.वी. प्रकाश कुमार का कम्पोजीशन है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है।



# सोल्जर का सीक्वल बनायेंगे रमेश तौरानी!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार रमेश तौरानी सुपरहिट फिल्म सोल्जर का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 1998 में प्रदर्शित रमेश तौरानी निर्मित और अब्बास-मस्तान निर्देशित सुपरहिट फिल्म सोल्जर में बॉबी देओल, प्रीति जिंटा, राखी, सुरेश ओबेराय, दिलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभायी थी।इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनने वाला है। रमेश तौरानी सोल्जर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि 'सोल्जर' के सीक्वल पर काम चल रहा है। जल्द ही इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जायेगी।



**खगोल विज्ञान** पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है यह तारों की नर्सरी

# निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

- तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही

**अमृत विचार :** हबल ने निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों को खोज की है। इस निहारिका का नाम आरसीडब्ल्यू 7 है, जो पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है। तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा रही है। निहारिकाएं नए तारे बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल से समृद्ध नर्सरी होती है। जिसमें तारों के निर्माण के साथ गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें आणविक बादलों के कुछ हिस्से नष्ट होने के साथ ही बादलों के विकासशील तारों में परिवर्तित होने की जानकारी भी मिलती है। इन तारों को प्रोटोस्टार कहा जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आरसीडब्ल्यू 7 में बनने वाले प्रोटोस्टार विशेष रूप से विशाल हैं, जो जोरदार आयनकारी विकिरण और भयंकर तारकीय हवाएं छोड़ते हैं। तारों के निर्माण क्षेत्र में हाइड्रोजन आयन को सामान्य हाइड्रोजन परमाणु में संदर्भित करने की सटीक जानकारी मिल पाती है। कुल मिलाकर तारों के निर्माण की प्रक्रिया की सही जानकारी मिल पाती है। यह निहारिका आणविक बादल के अंत की शुरुआत का प्रतीक है। जिसमें कुछ मिलियन वर्षों के भीतर विशाल तारों से निकलने वाला विकिरण और हवाएं धीरे-धीरे नीहारिका की गैस को तितर-बितर कर देंगी। विशाल तारे सुपरनोवा विस्फोटों में अपने जीवन के अंत तक पहुंच जाते हैं। इस निहारिका में नए तारे निहारिका की गैस का केवल एक अंश ही शामिल करेंगे, शेष पूरी आकाशगंगा में फैल जाएगा और अंततः नए आणविक बादल बनेंगे।


निहारिका आरसीडब्ल्यू 7।

### निहारिकाओं के बारे में सीमित है जानकारी

**नैनीताल :** निहारिकाओं के बारे में हमारी जानकारी बहुत अधिक नहीं है, जबकि निहारिका ब्रह्मांड का वह क्षेत्र है, जहां न केवल तारों के अंत की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है, बल्कि तारों की उत्पत्ति व ग्रहों के विकास के साथ कई अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।